सुप्रभात
रांची, रविवार
11.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net | पौष, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 148



12 भोला से डेब्यू करेंगी अमला



# ईशान का वनडे में सबसे तेज दोहरा शतक

## गेल, सहवाग सहित कई दिग्गजों को छोड़ा पीछे

**चटगांव (बांग्लादेश)। (एजेंसी)।** ईशान किशन ने वनडे करियर में अपना पहला दोहरा शतक बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार (10 दिसंबर) को लगाया। यह उनके करियर का पहला शतक भी है। किशन ने चटगांव में अपनी पारी के दौरान कई रिकॉर्ड तोड़ दिये। वह वनडे में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने लगाने वाले खिलाड़ी बन गये। इस मामले में उन्होंने वेस्टइंडीज के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। किशन 131 गेंद पर 210 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 24 चौके और 10 छक्के लगाये। किशन ने 126 गेंद पर अपना दोहरा शतक लगाया। क्रिस गेल की बात करें, तो उन्होंने 2015 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ 215 रन की पारी खेली थी। गेल ने ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में 138 गेंद पर दोहरा शतक लगाया था। किशन भारत के लिए वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज बन गये हैं। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग और रोहित शर्मा ने दोहरा शतक लगाया था। ओवरऑल रिकॉर्ड की बात करें, तो वह दोहरा शतक लगाने वाले दुनिया के सातवें बल्लेबाज हैं। यह वनडे का नौवां दोहरा शतक है। रोहित शर्मा एक से ज्यादा दोहरे शतक लगाने वाले इकलौते बल्लेबाज हैं। उन्होंने तीन बार ऐसा किया है।

**सहवाग का रिकार्ड तोड़ा :** ईशान किशन बांग्लादेश के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने वीरेंद्र सहवाग के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। सहवाग ने 2011 के विश्व कप में बांग्लादेश के खिलाफ 175 रनों की पारी खेली थी। किशन अपनी पारी के दौरान भारत के लिए वनडे में सबसे तेज 150 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज भी बने। इस मामले में भी उन्होंने सहवाग का रिकॉर्ड तोड़ा।

## ईशान किशन से ही हार गया बांग्लादेश

**चटगांव।** भारत ने तीन वनडे मैचों की सीरीज के आखिरी मैच में बांग्लादेश को 227 रन से हरा दिया। टीम इंडिया की बांग्लादेश के खिलाफ वनडे में यह सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने 11 अप्रैल 2003 को ढाका में 200 रन से जीत हासिल की थी। युवा बल्लेबाज ईशान (210 रन) और पूर्व कप्तान विराट कोहली (113 रन) की पारियों की बदौलत टीम इंडिया ने इस मैच में 400 रन का आंकड़ा भी पार किया। धवन का विकेट गिरने के बाद ईशान और विराट ने दूसरे विकेट के लिए 290 रन की साझेदारी भारतीय टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। ईशान 305 रन के स्कोर पर आउट हुए। विराट और ईशान ने दूसरे विकेट के लिए भारत की ओर से तीसरी बड़ी साझेदारी की है। मुकाबले में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था।

# आइइडी ब्लास्ट, इंस्पेक्टर घायल, मेडिका में भर्ती

## पश्चिमी सिंहभूम : नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन के दौरान हुआ धमाका

- गोइलकेरा थाना क्षेत्र के रेंगड़ाहातु की घटना, ईचाहातु में 10 आइइडी बरामद
- कोबरा बटालियन के इंस्पेक्टर प्रभाकर साहनी हेलीकॉप्टर से रांची लाये गये



खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा/रांची।** पश्चिमी सिंहभूम के रेंगड़ाहातु में नक्सलियों के खिलाफ जारी सर्च ऑपरेशन के दौरान शनिवार की सुबह आइइडी ब्लास्ट होने से कोबरा बटालियन के एक इंस्पेक्टर गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें हेलीकॉप्टर से रांची लाया गया और मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान पुलिस ने 10 आइइडी विस्फोटक बरामद किया। बाद में इसे निष्क्रिय कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, पोड़ाहाट अनुमंडल के नक्सल प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र के कुईड़ा पंचायत अंतर्गत गीतीलिपि गांव में सीआरपीएफ 60 बटालियन झारखंड पुलिस के साथ मिलकर नक्सलियों के विरुद्ध सर्च अभियान चला रही थी। इस दौरान थाना क्षेत्र के रेंगड़ाहातु में नक्सलियों के लगाये आइइडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) पर इंस्पेक्टर का पांव पड़ गया और विस्फोट हो गया। इसमें इंस्पेक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए।

दूसरी ओर, गोइलकेरा थाना क्षेत्र के ईचाहातु गांव के पास जवानों ने पुलिस एवं सुरक्षा बल के जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए जंगल के रास्ते में लगाये गये 10 आइइडी बरामद कर नक्सलियों के मंसूबे पर पानी फेर दिया है। पुलिस बमों को निष्क्रिय कर फिर से सर्च अभियान में जुट गयी है।

पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि पुलिस और सुरक्षा बल के जवान भाकपा माओवादी नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। इस क्रम में रेंगड़ाहातु गांव से करीब तीन किलोमीटर उत्तरी क्षेत्र जंगल में नक्सलियों के लगाये गये आइइडी ब्लास्ट होने कोबरा बटालियन के इंस्पेक्टर प्रभाकर साहनी घायल हो गये। उन्हें रांची ले जाया गया है। उल्लेखनीय है कि हफ्ते भर पूर्व ही रेंगड़ाहातु गांव के पास पुलिस और सुरक्षा बलों की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई थी, जिसमें पांच जवान घायल हो गये थे।

## न्यूज डायरी

### पंजाब के तरनतारन में थाने पर राकेट लांचर से हमला

**तरनतारन।** पंजाब के तरनतारन जिले के थाना सरहाली के सांझ केंद्र पर शुक्रवार की आधी रात बाद करीब 1:00 बजे रॉकेट लांचर जैसे हथियार से हमला किया गया। इस हमले में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन पुलिस स्टेशन की बिल्डिंग को क्षति पहुंची है। अभी तक किसी भी आतंकी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। सरहाली थाना सीमावर्ती जिले में अमृतसर-बठिंडा राजमार्ग पर स्थित है। इसे आरपीजी अटैक माना जा रहा है। यह काफी शक्तिशाली होता है। सूचना मिलते ही स्थिति का मुआयना करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद पूरे इलाके को सील कर दिया गया।

### ब्राउन शुगर बिक्री के दो दोषियों को सजा

**सरायकेला।** सरायकेला के एडीजे-वन अमित शेखर की अदालत ने शनिवार को ब्राउन शुगर की बिक्री करने के दो दोषियों को सजा सुनायी। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी सईद आलम और अनिल महली को एक वर्ष की सजा सुनायी और पांच हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। जुमार्ना नहीं देने पर एक माह अतिरिक्त सजा काटनी होगी। यह मामला 2019 का है। आदित्यपुर थाना क्षेत्र के अलकतरा ड्रम बस्ती का मामला है। इस मामले में आदित्यपुर थाना में एसडीपीओ अविनाश कुमार द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

## इडी ने पूजा सिंघल मामले में राज्य सरकार को सौंपी रिपोर्ट, कहा

# पीसी एक्ट के तहत दर्ज करें मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने को कहा है। इडी ने मनरेगा घोटाले में उनकी 82.77 करोड़ रुपये की संपत्ति की कुर्की के संबंध में राज्य सरकार को सौंपी गयी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।

इडी ने शनिवार को सरकार से कहा है कि वह पूजा सिंघल से उनकी संपत्ति के स्रोत बताने को कहें। इडी ने कहा है कि राज्य सरकार के लिए उनके खिलाफ



भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करना उचित होगा। इडी ने मई में तत्कालीन खनन सचिव पूजा सिंघल को 500 करोड़ रुपये का घोटाला करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। खूंटी जिले में मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में 18.06 करोड़ रुपये के घोटाले की बात सामने आयी थी। 16 फरवरी 2009 से 19 जुलाई 2010 के दौरान वह डीसी के रूप में खूंटी में पदस्थापित थीं। वह विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए धन स्वीकृत करने वाली प्रमुख प्राधिकारी थीं।

### कुर्क संपत्ति के संबंध में रिपोर्ट

नियम के अनुसार आइएएस अधिकारी की कुर्क संपत्ति के संबंध में एक रिपोर्ट सरकार को भेजी गयी है। मामला मनरेगा घोटाले से जुड़ा है। चूंकि, यह भ्रष्टाचार का गंभीर मामला है, इसलिए एजेंसी ने राज्य सरकार से उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने को कहा है। हाल के दिनों में यह दूसरी ऐसी रिपोर्ट है, जो इडी ने पूजा सिंघल के किसी घोटाले में शामिल होने के संबंध में राज्य सरकार को सौंपी है। इससे पहले इडी ने 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन घोटाले में उनकी संलिप्तता से संबंधित एक रिपोर्ट सौंपी थी। इस मामले में भी इडी ने राज्य सरकार से उन पर और कुछ अन्य जिला खनन अधिकारियों पर मुकदमा चलाने को कहा था।

# सीबीआइ करेगी पुलिस से पूछताछ

## राजीव कुमार कांड : कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में दर्ज है मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अधिवक्ता राजीव कुमार द्वारा जनहित याचिका मैनेज करने के लिए 50 लाख रुपये लेने के मामले की जांच अदालत ने सीबीआइ को दे दी है। जांच के क्रम में सीबीआइ ने अधिवक्ता राजीव कुमार और जेल में बंद कारोबारी अमित अग्रवाल से पूछताछ कर चुकी है। अब सीबीआइ कोलकाता पुलिस के हेयर स्ट्रीट थाने के केस के अनुसंधानक और अमित अग्रवाल के करीबी सोनू अग्रवाल समेत अन्य पुलिसकर्मियों से पूछताछ करेगी। दरअसल, व्यवसायी अमित अग्रवाल की शिकायत पर



राजीव कुमार को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बाद में मनी लांड्रिंग की जांच के क्रम में इडी ने अमित अग्रवाल को भी गिरफ्तार कर लिया। इडी ने प्रारंभिक जांच में इस मामले में दोनों को समान रूप से दोषी पाया है। जानकारी के मुताबिक सीबीआइ कोलकाता पुलिस से अमित अग्रवाल की शिकायत की कॉपी के साथ अमित व अधिवक्ता राजीव के बीच हुई बातचीत से संबंधित डिजिटल साक्ष्य की मांग की है। मालूम हो कि राजीव कुमार को बंगाल पुलिस ने गत 31 जुलाई को 50 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया था। इस मामले में अधिवक्ता राजीव कुमार पर वहां हेयर स्ट्रीट थाने में व्यवसायी अमित अग्रवाल ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। अमित अग्रवाल ने दावा किया था कि उनके विरुद्ध झारखंड उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका मैनेज करने के नाम पर अधिवक्ता ने 10 करोड़ रुपये की मांग की थी। एक करोड़ रुपये पर बात पक्की हुई थी, जिसकी पहली किस्त के रूप में 50 लाख रुपये लेने के लिए वे कोलकाता गये थे।

# सरकार एससी-एसटी छात्रों को एक लाख रुपये की मदद देगी

## आइएएस एवं आइपीएस अधिकारी बनने को परीक्षा की तैयारी में देगी सहायता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार एससी-एसटी छात्रों को सबल बनाने का हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार एससी-एसटी छात्रों को संघ लोक सेवा आयोग, नयी दिल्ली द्वारा ली जाने वाली सिविल सेवा परीक्षा के जरिये आइएएस, आइपीएस अधिकारी बनाने में मदद करने की तैयारी कर चुकी है। आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय, झारखंड की ओर से कहा गया है कि यूपीएससी के सिविल सेवा परीक्षा (प्रारंभिक) में पास करने वाले छात्र (एससी, एसटी) को मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार के लिए आर्थिक सहायता मुहैया कराया जायेगा। आदिवासी कल्याण के उप निदेशक की ओर से 2022-23 के लिए पीटी पास स्टूडेंट्स से आवेदन मंगाये गये हैं। योग्य छात्रों को एक लाख रुपये की मदद उपलब्ध करायी जायेगी।



**सीएम एसटी-एससी सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना :** आदिवासी कल्याण कार्यालय के मुताबिक एससी-एसटी छात्रों को सिविल सेवा परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा पास करने पर सीएम एसटी-एससी सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना का लाभ मिलना है। इस योजना का लाभ एससी-एसटी वर्ग के उन छात्रों को मिलना है, जिन्होंने झारखंड से इंटरमीडिएट और ग्रेजुएशन किया है। उनकी सालाना आय 2.50 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। (शेष पेज 11 पर)

## हेमेंद्र प्रताप देहाती रिम्स में भर्ती

**रांची।** झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही के पिता हेमेंद्र प्रताप देहाती रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में भर्ती हैं। सांस लेने में तकलीफ और पेशाब में समस्या होने के बाद उन्हें रिम्स के न्यू ट्रॉमा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी में एडमिट किया गया है। मेडिसिन विभाग के डॉ संजय कुमार सिंह उनका इलाज कर रहे हैं। रिम्स के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन ने कहा कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री हेमेंद्र प्रताप देहाती को श्वास नली में संक्रमण हुआ है। उनका इलाज किया जा रहा है। बता दें कि हेमेंद्र प्रताप देहाती 1969 में पहली बार बिहार विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। वहीं, मधु कोड़ा के शासनकाल में हेमेंद्र प्रताप ने अपने पुत्र भानु प्रताप शाही के जेल जाने के बाद स्वास्थ्य मंत्री का कमान भी संभाला था।




### गुजरात भाजपा विधायक दल के नेता चुने गये भूपेंद्र

**गांधीनगर।** गुजरात भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की शनिवार को हुई बैठक में कार्यवाहक मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल पार्टी विधायक दल के नेता चुने गये। बैठक के दौरान केंद्रीय पर्यवेक्षक राजनाथ सिंह, बीएस येदियुरप्पा और अर्जुन मुंडा मौजूद रहे। नयी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 12 दिसंबर को होगा। गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा ने प्रचंड जीत दर्ज की है। 182 सदस्यीय राज्य विधानसभा में पार्टी को 156 सीटें मिली हैं। यह विधानसभा चुनाव भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में लड़ा गया था। अब विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि पटेल ही नयी सरकार के मुख्यमंत्री होंगे।

## आज होगा हिमाचल प्रदेश की नयी सरकार का शपथ ग्रहण

# सुखविंदर सिंह सुक्खू होंगे नये सीएम

### मुकेश अग्निहोत्री बनेंगे उप मुख्यमंत्री

एजेंसी

**शिमला।** सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश के नये मुख्यमंत्री होंगे। पिछली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे मुकेश अग्निहोत्री उप मुख्यमंत्री होंगे। शनिवार शाम को विधानसभा परिसर में कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बाद पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के नामों की घोषणा की। हिमाचल में पहली बार उप मुख्यमंत्री बनेगा। नयी सरकार का शपथ ग्रहण रविवार को होगा। 58 साल के सुखविंदर सिंह सुक्खू अब हिमाचल के 15वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। वहीं, 60 वर्षीय मुकेश अग्निहोत्री उप मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे। हिमाचल में कांग्रेस विधायकों को एकजुट रखने और गुटबाजी खत्म करने के लिए मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री का फामूर्ला निकाला गया है। विधायक दल की बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला ने पत्रकारों को बताया कि सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्यमंत्री और मुकेश अग्निहोत्री उप मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने बताया कि नयी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को होगा। सुक्खू हमीरपुर जिले के नादौन से विधानसभा के लिए चुने गये हैं। वह चौथी बार विधायक बने हैं। (शेष पेज 11 पर)



## भू-राजस्व विभाग को मंतव्य के लिए भेजी गयी जांच रिपोर्ट

# जमीन मामला : रांची के तत्कालीन डीसी छवि रंजन के खिलाफ जांच का आदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने रांची के तत्कालीन डीसी छवि रंजन के खिलाफ दो मामलों की जांच का आदेश दिया है। रांची की दो जमीन के मामले में कार्मिक, प्रशासनिक विभाग ने तत्कालीन छवि रंजन के खिलाफ जांच का आदेश दिया है। छवि रंजन के विरूद्ध रांची की दो जमीन, बड़गाईं में सेना के कब्जेवाली जमीन और दूसरा हेहल अंचल के बाजरा मौजा की जमीन का मामले में जांच का आदेश दिया गया है। इस आदेश के बाद रांची के तत्कालीन डीसी छवि रंजन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

### तत्कालीन डीसी पर निजी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का आरोप

हेहल अंचल के बजरा मौजा की जमीन के मामले में कहा गया है कि उपायुक्त रहते छवि रंजन का आदेश पूरी तरह से गैरकानूनी, संदेहजनक और आपराधिक साजिश प्रतीत होता है। पूर्व में भी प्रमुख सचिव राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखंड से मंतव्य मांगा गया था, जो अब तक नहीं मिला है। वहीं बड़गाईं अंचल के मोरहाबादी मौजा की जमीन सेना की कब्जे में है। इस मामले में कहा गया है कि उपायुक्त रहते हुए छवि रंजन ने अनियमितता बरती और रजिस्ट्री करा दी गयी, जो कि एक दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। किसी निजी व्यक्ति को आर्थिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जमीन के मामले में हेराफेरी और आपराधिक साजिश की गयी है।



**एक साथ 83 साल का लगान रसीद काटा गया :** छवि रंजन पर आरोप है कि उनके डीसी रहते बड़गाईं अंचल के मोरहाबादी मौजा की सेना के कब्जेवाली एमएस प्लॉट संख्या 557 की 4.5 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री हुई। दूसरा मामला हेहल अंचल के बजरा मौजा के खाता नंबर 140 की 7.16 एकड़ जमीन से जुड़ा है। इस जमीन की रजिस्ट्री से पहले आईएएस छवि रंजन के निर्देश पर एक साथ 83 साल का लगान रसीद काटा गया था। इस जमीन पर हूल दिवस के दिन रात के अंधेरे में पुलिस की मौजूदगी में चाहरदिवारी करायी गयी थी। चाहरदिवारी करने के लिए पुलिस बल उपलब्ध कराने के लिए तत्कालीन डीसी छवि रंजन के गोपनीय कार्यालय से आदेश जारी किया गया था।

# पथ निर्माण विभाग के सेवानिवृत्त इंजीनियर रासबिहारी सिंह के खिलाफ एसीबी जांच शुरू

## इंजीनियर की कुंडली खंगालने और संपत्ति का ब्योरा इकट्ठा करने में जुटा एसीबी

### अपने और रिश्तेदारों के नाम पर प्रोपर्टी खरीदने का है आरोप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पथ निर्माण विभाग के रिटायर्ड अभियंता प्रमुख रासबिहारी सिंह के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो ने जांच तेज कर दी है। एसीबी उनकी कुंडली और उनके द्वारा खरीदी गई संपत्ति का ब्योरा इकट्ठा कर रही है। यह जानकारी भी जुटा रहा है कि उन्होंने रिटायरमेंट से पहले अपने और अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर कहां-कहां और कितनी चल और अचल संपत्ति खरीदी है।

सूत्रों का कहना है कि रास बिहारी सिंह ने पथ निर्माण विभाग में रहते रांची के अलग-अलग इलाकों में फ्लैट और जमीन में इनवेस्ट किया है। सिर्फ रातू रोड इलाके में उन्होंने 5 अलग-अलग जमीन की रजिस्ट्री कराई है। सभी रजिस्ट्री अपने और अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर कराई है, जिसका मार्केट वैल्यू करोड़ों रुपए है। इतना ही नहीं रांची के ग्रामीण इलाकों में भी 3 बड़े भूखंड भी खरीदे हैं।

### मुख्यमंत्री ने दिया था जांच का आदेश

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पथ निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख रहे रासबिहारी सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) से जांच कराने का आदेश दिया था। इससे पहले भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा दर्ज आईआर संख्या- 06/17 में आरोपी के विरुद्ध आय की तुलना में 199 प्रतिशत अधिक संपत्ति पायी गई थी। एसीबी द्वारा पीई दर्ज करने के बिंदु पर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के प्रस्ताव पर सीएम ने अनुमोदन कर दिया था। पथ निर्माण विभाग के तत्कालीन अभियंता प्रमुख को राज्य सरकार ने जनवरी 2020 में निलंबित कर दिया था। इसके अलावा रास बिहारी सिंह पर एक फर्जी कंपनी को 51.62 करोड़ रुपये के टेंडर के लिए भी जिम्मेदार बताया गया था।

# अंबा प्रसाद बनीं विभावि की सिंडिकेट सदस्य



**रांची।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद को विनोबा भावे विश्वविद्यालय का सिंडिकेट सदस्य बनाया गया है। यह मनोनयन झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के द्वारा सहमति प्रदान करने के बाद उप सचिव किरण सुमन बखला ने किया है। विधायक के अलावा विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के अधिषद सदस्य के रूप में डॉक्टर सरफराज अहमद, जयप्रकाश भाई पटेल, उमाशंकर अकेला, अमित कुमार यादव एवं मनीष जयसवाल को भी सदस्य बनाया गया है। इस अवसर पर अंबा प्रसाद ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि विश्वविद्यालय को नई ऊंचाई देने का कार्य किया जायेगा।

# रांची समेत 7 शहरों में बनाये जायेंगे आधुनिक छात्रावास

## सीएम के निर्देश के बाद भवन निर्माण बनायेगा डीपीआर

### राज्य में अभी कुल 593 छात्रावास, 234 छात्रावासों का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के सात जिलों रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, देवघर, हजारीबाग और चाईबासा में सुसज्जित छात्रवास निर्माण कराने का निर्देश अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधिकारियों को दिया है। सीएम ने इसके लिए कंप्रेहेंसिव एक्शन प्लान तैयार करके काम करने को कहा है। छात्रवासों के निर्माण के लिए 5-6 एकड़ जमीन चिह्नित करने को भी कहा है। सुसज्जित छात्रवासों के निर्माण के लिए डीपीआर भवन निर्माण विभाग को तैयार करने को कहा है।

**जर्जर छात्रवास की जगह नया बहुमंजिला छात्रवास बनेगा :** सीएम ने इसके अलावा पूर्व से निर्मित छात्रावास, जो जीर्ण-शीर्ण हो चुके हैं, उसे तोड़कर बहुमंजिला छात्रवास के निर्माण के लिए भी डीपीआर भवन निर्माण विभाग को तैयार करने का निर्देश दिया है। बताते चलें कि राज्य में अभी कुल 593 छात्रावास हैं। इनमें से 234 छात्रावासों का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण हो चुका है। वित्त वर्ष 2022-23 में 139 छात्रावासों का जीर्णोद्धार का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें डीएमएफटी से 100 एवं सीएसएस से 39 छात्रवासों का जीर्णोद्धार कराया जाना है। वित्त वर्ष 2022-23 में जिन 82 छात्रवासों का जीर्णोद्धार डीएमएफटी से कराया जाना है, उनकी स्वीकृति इसी वित्त वर्ष में देने का निर्देश दिया गया है।

# छह वर्ष बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी का हुआ गठन, 200 नेताओं को मिली जगह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस द्वारा जिला अध्यक्षों के चयन में हुई भूल के बाद उठे विवाद को देखते हुए कांग्रेस आलाकमान ने सभी वर्गो से जुड़े नेताओं को तरजीह देते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के लिए जम्बोजेट कमिटी की घोषणा की है। कांग्रेस अध्यक्ष की मंजूरी के बाद पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इसका आदेश जारी किया है। इसमें कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को जगह मिली है। इन कमेटियों में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष के तौर पर 11 लोगों को शामिल किया गया है। वहीं पार्टी ने 35 महासचिव, 82 सेक्रेटरी बनाये हैं। प्रदेश कांग्रेस वर्किंग कमिटी में 33 नेताओं को स्थान दिया गया है। इसके अलावा 36 लोगों को आमंत्रित सदस्य के रूप में वर्किंग कमिटी में स्थान दिया गया है।

वहीं कांग्रेस आलाकमान ने 26 सदस्यीय राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) का भी गठन किया है। जिसमें कांग्रेस महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत, अजय कुमार का नाम शामिल है। कांग्रेस ने केएन झा, प्रदीप तुलस्यान, सुल्तान अहमद, भीम कुमार, ब्रजेन्द्र सिंह, मणिशंकर, अनादि ब्रम्ह, अजय दुबे, डीएन चंपिया, कालीचरण मुंडा, अनवर अंसारी और कई अन्य नेताओं को प्रदेश इकाई का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। नई कमिटी में पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिन्हा, आलोक दुबे, राजेश गुप्ता छोटू, कुमार गौरव, विनय सिन्हा दीपू, डॉ मंजू कुमारी, सुरेश बैठा, विजय सिंह, अमूल्य नीरज खलखो समेत 35 नेताओं को महासचिव में जगह मिली है। ज्ञात हो कि प्रदेश कांग्रेस की जंबो जेट कमिटी की घोषणा छह साल बाद हुई है।

### सुखदेव भगत के बाद नहीं हुआ था कमिटी का विस्तार

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी का विस्तार वर्ष 2016 से नहीं हो पाया था। प्रदेश प्रभारी का दौरा होता रहा, अध्यक्ष बदलते रहे पर कमिटी नहीं बन पायी। राज्य कांग्रेस में 2016 में सुखदेव भगत जब अध्यक्ष बने थे। उनके कार्यकाल में ही प्रदेश कार्यसमिति का गठन हुआ था। उसके बाद डॉ अजय कुमार, डॉ रामेश्वर उरांव प्रदेश अध्यक्ष बने पर प्रदेश कार्यसमिति का गठन नहीं हुआ। पूरा संगठन, प्रभारी और को-ऑर्डिनेटर के भरोसे चल रहा था।

### सारी कमेटियां तत्काल प्रभाव से प्रभावी होंगी

इधर नवमनोनित प्रदेश महासचिव में से एक राकेश सिन्हा ने कहा है कि नई प्रदेश समिति में अनुभव और युवा जोश का पूरा खयाल रखा गया है। पार्टी आलाकमान के फैसले से पार्टी मजबूत और धारदार होगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से स्वीकृति मिलने के बाद पार्टी के जेनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने सूची जारी की है। केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि गठन की गई विभिन्न कमेटियां तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगी।

## भाजपा ने राज्य सरकार पर साधा निशाना

# टेंडर मैनेज घोटाला मामले में मंत्री आलमगीर को बर्खास्त करे राज्य सरकार : दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने राज्य सरकार से टेंडर मैनेज करने के मामले में मंत्री आलमगीर आलम को अविलम्ब बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अब सरकार के मंत्री विकास की जिम्मेदारी नहीं संभाल रहे हैं बल्कि ठेका- पप्ता, टेंडर मैनेज करने में ही सारी ताकत लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने जिस प्रकार से राज्य सरकार के मंत्री के खिलाफ कड़ी टिप्पणी दी है। उससे राज्य सरकार का असली चेहरा उजागर हुआ है। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग का घोटाला हो या फिर फ्लाई ओवर का सभी में भ्रष्टाचार व्याप्त है। भ्रष्टाचार राज्य को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर थोड़ी भी नैतिकता बची है तो ऐसे मंत्री को बर्खास्त करना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को भी अपने मंत्री से अविलंब इस्तीफा दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि दस जून को रांची मेन रोड हिंसा की धीमी जांच पर उच्च न्यायालय की टिप्पणी को लेकर भी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राजनीतिक साजिश के तहत ऐसा कर रही है। उन्होंने कहा कि घटना के दिन से ही राज्य सरकार तुष्टिकरण की नीति पर चल रही है। वोट बैंक की राजनीति सरकार पर हावी है। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार ईमानदारी होती तो अबतक दोषियों को कड़ी सजा मिल गई होती।


**Government of Jharkhand**
**Drinking Water & Sanitation Division, Khunti**
**Email Id:- eedwsd.khunti@gmail.com**

Very Short Tender Notice (3rd Call)

Tender Reference No.–DWSD/KH-07/2022-23 | Date-10.12.2022

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supplying and installation of interior, furniture, cabinet & other necessary materials in chemical lab under National Accreditation board for Testing and Calibration Laboratories under D. W. & S. Division, Khunti for the Year 2022-23. | 10,06,917.00 | 20,200.00 | 2500.00 | 01 Months |
| a | Date of Publication Tender (News Paper & Departmental Website) | 12.12.2022 | | | |
| b | Date & Time for Sale of Tender Doc. | 17.12.2022/10:00 A.M. to 19.12.2022/05:00 PM | | | |
| c | Last date /Time for receipt Earnest Money & Cost of BOQ & Tender Doc. (Hard Copy) | 20.12.2022/ 01:00 PM to 02:00 PM | | | |
| d | Place for receiving tender fee & EMD (Hard Copy) | Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti. | | | |
| e | Date of Opening of Tender | 21.12.2022/ 11:00 AM | | | |
| f | Place of Opening Tender | Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti. | | | |
| g | Name & Address of Tender inviting Authority | Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti. | | | |
| h | Contact No. of Procurement Office | 06528-299928 | | | |

विस्तृत जानकारी हेतु प्रमंडलीय कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा वेबसाईट http://dwsd.jharkhand@gov.in या http://112.133.209.136:8000/dwsdtenders/ पर देखा जा सकता है।0

(ई० सुरेन्द्र कुमार दिनकर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,खूँटी

PR 284781 Drinking Water and Sanitation(22-23).D



प्राचार्य का कार्यालय राजकीय महिला पोलिटेकनिक, रॉची
(उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग झारखण्ड सरकार)
थरपखना, झारखण्ड रॉची – 834001 दूरभाष न0 – 0651–2212815 / 2212123,
Email ID:- tharpakhnapolytechnic@gmail.com

पत्रांकः– | दिनांकः

अति अल्पकालीन निविदा सूचना सं0 –01 / 2022–23

संस्थान के विभिन्न शाखाओं में डे–टू–डे खपत होने वाले स्टेशनरी का सामान, साफ सफाई का समान यथा फिनायल, फुल झाडु, नारियल झाडु, कपडा का झाडन, Tube light, Bulb, Bleaching Powder वाईपर, विद्युत Maintenance सामग्री , Bathroom पलम्बर fitting, Steel Almirah ( Godrej, Methodox etc), Office Chair With Cushion (Godrej, Durian etc) तथा अन्य सामग्रियों (परिमाण के अनुसार) का क्रय तथा संस्थानीय पुस्तकालय में नवीनतम संस्करण की छात्रापयोगी तकनीकी तथा गैर तकनीकी पुस्तको का क्रय वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए प्राप्त आवंटन से किया जाना है।

अतः परिमाण विपत्र में अंकित सामग्री के अनुसार सारे सामानों को क्रय करने के लिए ख्याति प्राप्त प्रतिशठानों / आपूर्ति कर्ताओं / मैनयुफैक्चर्स से दिनांक 19.12.2022 तक संस्थान के कार्यावधि 05:00 PM तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो निविदा प्रकाषन की तिथि से ही कार्यालय से परिमाण विपत्र प्राप्त किया जा सकता है। यदि आवंटन बचने की स्थिति आती है तो परिमाण विपत्र में अंकित सामाग्री में वृद्वि भी हो सकती है।
निविदा मे टेक्नीकल एवं फिनान्सियल बिड अलग–अलग लिफाफे मे तथा स्पष्ट रूप से लिफाफे पर टेक्नीकल एवं फिनासियल बिड अंकित होना चाहिए। सभी प्रतिशठान निविदा में सामानो का नाम विशिष्टीकरण एवं मैक तथा प्रति अदद दर तथा उस पर देय GST का दर निष्चित रूप से उल्लेख करेंगे। जिन समानो मे पैकेट का दर उद्वत हो तो पैकेट में कितना अदद सामान है स्पष्ट अंकित रहना चाहिए।
निविदा का अन्य शर्त निम्नवत् है।

1. परिमाण विपत्र प्राप्त करने के लिए 500/– रूपये का डिमांड ड्राफ्ट जो प्राचार्य, राजकीय महिला पोलिटेकनिक, रॉची के पदनाम से निर्मित हो एवं रॉची में भुगतेय हो। संस्थान की कार्यावधि में कार्यालय में डिमांड ड्राफ्ट जमा कर BOQ प्राप्त किया जा सकता है।
2. निविदा दाता को निविदा के साथ घोशणा पत्र देना होगा कि उनका प्रतिशठान काली सूची मे दर्ज नहीं है।
3. निविदा समिति को बिना कारण बताये हुए किसी भी निविदा को पूर्ण या आंषिक रूप से अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
4. निविदा दाता को GST निबंधन प्रमाण–पत्र, PAN, आधार एवं 2019–20 एवं 2020–21 का आयकर रिटर्न की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
5. पत्र निर्गत होने के 15 दिनों के अंदर सामग्री की आपूति संस्थानीय कार्यालय में करनी होगी।
6. F.O.R. राजकीय महिला पोलिटेकनिक, रॉची पहूँचा कर दरें उद्वृत होनी चाहिए।
7. हाथो हाथ अथवा निबंधित डाक से निविदा उपलब्ध कराया जा सकता है।
8. निविदा प्राचार्य, राजकीय महिला पोलिटेकनिक, रॉची के पदनाम से स्वीकार किया जायेगा।
9. BOQ निविदा प्रकाषन की तिथि से ही संस्थान से कार्य अवधि में प्राप्त किया जा सकता है।
10. इच्छुक सभी निविदा दाता क्रय समिति की आहूत बैठक में स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि को अधिकृत करते हुए प्रतिनियुक्त कर सकते है। सभी निविदा दाता को Forwading Letter में अपना Email Address लिखित सूचित करना होगा ताकि क्रय समिति की बैठक की सूचना उन्हें ससमय उपलब्ध कराया जा सके।

प्राचार्य
राजकीय महिला पोलिटेकनिक, रॉंची।

PR 284783 Higher Education,Technical Education and Skill Development Department(22-23)D


# पशुधन तस्करी पर तुष्टिकरण की नीति स्वीकार नहीं : संजय सेठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा है कि पशुधन तस्करी पर तुष्टिकरण की नीति भाजपा को स्वीकार नहीं है। श्री सेठ शनिवार को अपने अरगोड़ा स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने खतियानी यात्रा के दौरान कहा है कि पशुधन तस्करी के मामले में अब पुलिस सीधे हस्तक्षेप नहीं करेगी। इससे राज्य में गो तस्करी का कारोबार बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि गाय माता समान है। उसकी तस्करी और हम सब यूं नहीं देख सकते हैं। पशु तस्करों ने ही बीते दिनों रांची के तुपुदाना में एक पुलिसकर्मी की जान ले ली थी। ऐसे में अब तुष्टिकरण की नीति बर्दाश्त नहीं है। निश्चित तौर पर इसका विरोध होगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का ध्यान जन सरोकार के कामों में नहीं है। यह सरकार हमेशा चुनावी मोड में रहती है। सरकार के रवैये पर हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ने नाराजगी जताई है। फिर भी इस सरकार की नींद नहीं टूट रही है। इस सरकार की तुष्टिकरण की नीति का एक और उदाहरण रांची के मेन रोड में हुई हिंसा के मामले में दिखा है। जहां मामले की जांच कर दोषियों को सजा दलिाने के बजाये मामले की फाइल ही बंद कर दी गई। आखिरकार हाई कोर्ट को मामले की सीबीआई जांच के लिए कहना पड़ा। शहर के कचहरी चौक से सर्जना चौक तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाता है। लेकिन सर्जना से सुजाता चौक तक अतिक्रमण नहीं हटाया जाता। मौके पर पूर्व विधायक जीतू चरण राम और वार्ड पार्षद ओम प्रकाश भी मौजूद थे।

# प्रवर्तन निदेशालय आधा दर्जन अधिकारियों से करेगा पूछताछ

### मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के बाद कई विभागों के अफसर इडी के रडार पर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मनी लॉउड्रिंग मामले में गिरफ्तार निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के बाद कई विभागों के अफसर ईडी के रडार पर हैं। अवैध खनन के जरिये करोड़ों के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पुलिस महकमे के कई अधिकारी भी अब फंसते नजर आ रहे हैं। जांच आगे बढ़ेगी तो पुलिस अफसरों की संख्या भी बढ़ेगी। फिलहाल, संथाल क्षेत्र के अधिकांश पुलिस अफसर ईडी के रडार पर हैं। इसकी शुरूआत डीएसपी राजेंद्र दुबे और दारोगा सरफुद्दीन से हो चुकी है। दोनों ही ईडी के सामने पेश होकर सवालों का सामना कर चुके हैं। दोनों ही पंकज मिश्रा से जुड़े मामले को लेकर अब अपने ऊपर सीनियर अधिकारियों के दबाव की बात ईडी को बता रहे हैं। इनमें प्रमुख नाम साहिबगंज एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा का है जबकि साहिबगंज में डीएसपी के रूप में पदस्थापित रहे प्रमोद मिश्रा को भी ईडी ने 12 नवंबर को समन देकर पूछताछ के लिए बुलाया है। अब झारखंड का पुलिस महकमा भी अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग की चपेट में आ चुका है। मामले में दो डीएसपी सीधे तौर पर घिरते नजर आ रहे हैं। वहीं तीन आईपीएस भी ईडी के रडार पर हैं।

पंकज मिश्रा को क्लीन चिट देने के मामले में ईडी ने बीते सोमवार को केस के अनुसंधान पदाधिकारी सरफुद्दीन खान से पूछताछ की थी। सरफुद्दीन खान ने ईडी को बताया था कि वह भले ही केस का जांच पदाधिकारी हैं लेकिन पंकज मिश्रा और आलमगीर आलम को क्लीन चिट डीएसपी प्रमोद मिश्रा के द्वारा सुपरविजन के आधार पर दी गई थी। पंकज मिश्रा के न्यायिक हिरासत में रहने के बावजूद उनसे बातचीत करने की वजह से ईडी के निशाने पर आ गये हैं कई अफसर। सीसीटीवी फुटेज और सीडीआर के आधार पर यह प्रमाणित हो गया था कि डीएसपी राजेंद्र दुबे लगातार न्यायिक हिरासत में रह रहे पंकज मिश्रा से बातचीत कर रहे थे।

राज्य में ईडी की अबतब की कार्रवाई में राज्य सरकार की पूर्व खान सचिव पूजा सिंघल, पंकज मिश्रा, बच्चू यादव, कारोबारी अमित अग्रवाल, सीए सुमन कुमार, सत्ता के गलियारों में चर्चित रहे प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच आगे बढ़ते ही कई अफसरों के फंसने की चर्चा है।

## मिशन 24 को लेकर भाजपा में सांगठनिक बदलाव की प्रक्रिया तेज

# 'कमल' खिलाने को लेकर भाजपा में गहन-मंथन

### दीपक प्रकाश के स्थान पर नये प्रदेश अध्यक्ष का जल्द होगा मनोनयन, गुजरात चुनाव के बाद झारखंड भाजपा की भी बढ़ी सक्रियता

**उदय चौहान**



**रांची।** गुजरात चुनाव नतीजों से उत्साहित प्रदेश भाजपा में सांगठनिक बदलाव की प्रक्रिया तेज हो गयी है। मिशन 24 को लक्ष्य कर सभी लोकसभा सीटों पर फील्ड वर्करों की तैनाती कर दी गयी है। साथ ही, दूसरे चरण के लिये सर्वे का काम भी शुरू हो गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार जल्द ही दीपक प्रकाश के स्थान पर किसी कद्दावर नेता को प्रदेश की कमान दी जा सकती है। इसके लिए जमीन तैयार कर ली गयी है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व झारखंड सहित देश के अन्य राज्यों की जमीनी हकीकत का फीडबैक ले रही है। केंद्रीय नेताओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और संगठन महामंत्री कर्मवीर की अहम बैठक भी हो चुकी है।

**बाबूलाल को सौंपी जा सकती है प्रदेश की कमान :** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को प्रदेश इकाई की कमान सौंपी जा सकती है। दरअसल, पिछले तीन साल से नेता प्रतिपक्ष की मान्यता नहीं मिलने से श्री मरांडी भी बेचैनी महसूस कर रहे हैं। यह भी सच है कि स्पीकर कोर्ट ने दलबदल मामले में बाबूलाल मरांडी के खिलाफ सुनवाई पूरी कर ली है और कभी भी फैसला सुना सकती है। यह मामला झारखंड हाइकोर्ट में भी लंबित है। अब, प्रदेश भाजपा ने बाबूलाल की जगह पार्टी विधायक दल का नेता बदलने पर विचार कर रही है। केंद्र सरकार की ओर से संचालित योजना की जानकारी जनता तक पहुंचाने को लेकर प्रदेश स्तर पर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया गया है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को झारखंड की 14 सीटों में से 11 सीटों पर जीत हुई थी। अब, सभी 14 सीटों पर कमल खिलाने के लिये प्रदेश नेतृत्व को धारदार बनाने की सोच है। साथ ही, दावा किया जा रहा है कि इस बार प्रदेश अध्यक्ष के रूप में किसी आदिवासी चेहरा को मौका दिया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार मिशन 2024 को लेकर पिछले दिनों झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी द्वारा शीर्ष नेतृत्व को एक रिपोर्ट सौंपी गई है। इसमें संगठनात्मक स्थिति और झारखंड की राजनीतिक परिस्थिति से अवगत कराया गया है। इसके बाद भाजपा की ओर से सांसदों के परफॉर्मेंस का आकलन करवाया जा रहा है। ताकि 2024 के चुनावी जंग जीतने में कोई कसर नहीं रहे।

**सीपी सिंह को बनाया जा सकता है नया विधायक दल का नेता :** जानकारी के अनुसार बाबूलाल मरांडी के स्थान पर रांची विधायक सीपी सिंह को पार्टी विधायक दल का नेता बनाया जा सकता है। इसके लिए भूमिका तैयार की जा रही है। दिल्ली से भाजपा के केंद्रीय कार्यक्रमों को जमीन पर उतारने को लेकर सवाल खड़ा किया जा रहा है लेकिन झारखंड में जमीनी राजनीति का एक बड़ा बिगुल बाबूलाल मरांडी ने बजा रखा है। श्री मरांडी हेमंत सोरेन और सोरेन परिवार के खिलाफ मुखर होकर राजनीति कर रहे हैं। गुजरात के एतिहासिक जीत के बाद पार्टी के सामने 2024 का लोकसभा चुनाव है। जिसे हर हाल में जीतने का लक्ष्य रखा गया है। पार्टी के अंदर गहन मंथन जारी है। झारखंड की सभी 14 सीट जीतने का लक्ष्य तय किया गया है।

स्पीड न्यूज

# मानगो के विशाल गांधी मैदान को बौना बनाने की तैयारी

## दुर्गा पूजा समिति का मानगो नगर निगम को सुझाव

**जमशेदपुर।** मानगो के गांधी मैदान पर स्टेडियम और पार्क बनाने को लेकर भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा समिति मैदान के विकास की विरोधी नहीं है। मैदान के चारों ओर ऊंची चाहर दिवारी, चाहर दिवारी के किनारे भीतर चारों ओर पथ का निर्माण करवाया जाए जिससे सुबह शाम स्थानीय लोग टहलें, मैदान के बीच में घास लगाई जाये। जिससे लोग योगा, प्राणायाम एवं व्यायाम नियमित रूप से कर सकें और स्वास्थ्य लाभ उठायें।

## नहीं रोका गया कार्य तो वहां दुर्गा मंदिर बनवायेंगे : नीरज

नीरज सिंह ने कहा कि हिंदुओं की भावना से नहीं खेला जाये। अगर कार्य नही रोका जाता है तो श्री श्री दुर्गा पूजा समिति, गांधी मैदान, मानगो के द्वारा केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति, केंद्रीय राम नवमी अखाड़ा सीमित सहित सभी हिंदू संगठनों, मठ मंदिरों के पदाधिकारियों को इस लड़ाई में शामिल किया जायेगा और हिंदुओं की आस्था को देखते हुए यहां स्थाई मां दुर्गा के मंदिर के निर्माण हेतु कारसेवा शुरू करने का निर्णय लिया जायेगा। इसलिए श्री श्री दुर्गा पूजा समिति, गांधी मैदान, मानगो की पुरजोर मांग है कि प्रशासन तत्काल प्रभाव से निमार्णाधीन कार्य को रोकें। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रामाश्रय सिंह, उपाध्यक्ष रविंद्र तिवारी, महासचिव शिव प्रकाश शर्मा, दशरथ चौबे, उमेश सिंह, नित्यानंद सिन्हा, विजय तिवारी, राजीव सिंह, बिनोद राय, नितिन त्रिवेदी, नील कमल शेखर, सत्येंद्र कुमार साव, वीएचपी मानगो नगर अध्यक्ष मनोज शर्मा, ललन शर्मा आदि गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## भूमि विवाद में हत्या के मामले में दोषी करार

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के कोवाली थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर हुई प्रधान माहली की हत्या के मामले में एडीजे 2 आभाष वर्मा की अदालत ने शुक्रवार को आरोपी दुबई माहली को दोषी करार दिया है। दुबई महाली मृतक का पड़ोसी है। कोर्ट इस मामले में सजा के बिंदु पर 16 दिसंबर को सुनवायी करेगी। मामले में कुल 13 लोगों की गवाही हुई है। घटना 4 जून 2015 की है।घटना के दिन प्रधान माहली सुबह के 6 बजे अपने खेत टपगढ़िया में हल जोतने के लिये गये हुये थे। सुबह 11 बजे बैल वापस घर पहुंच चुका था, लेकिन प्रधान माहली नहीं पहुंचे थे। परिवार के लोग उन्हें खोजते हुये खेती की तरफ गये तब देखा कि दूसरे के खेत में उनका शव पड़ा हुआ है।

## विक्रम सिंह हत्याकांड की सीआइडी जांच शुरू

**जमशेदपुर।** जुगसलाई थाना क्षेत्र के होटल एबी पैलेस में 2 मई 2021 की रात नौ बजे हुई भाजपा नेता विक्रम सिंह की हत्या के मामले की जांच करने शुक्रवार को सीआइडी टीम होटल पहुंची। टीम का नेतृत्व आइपीएस व सीआइडी एसपी एस कार्तिक कर रहे थे। श्री कार्तिक होटल एबी पैलेस के भीतर गये और घटनास्थल का मुआयना किया। आरोपी की पत्नी अनिता देवी की ओर से ही सीआइडी जांच की मांग की गयी थी। इसके बाद ही इस दिशा में विभाग की ओर से पहल की गयी है। जुगसलाई के होटल एबी पैलेस में 2 मई 2021 की रात 9 बजे हुई भाजपा नेता विक्रम सिंह की हत्या आरोपी टुनटुन सिंह की एबी पैलेस में ही हुई थी। मामले का आरोपी पूर्व रेल कर्मचारी और रेलवे ठेकेदार टुनटुन सिंह उर्फ ओम नारायण सिंह जेल में बंद हैं। गोली मारकर हत्या की घटना के बाद ही टुनटुन सिंह की पत्नी अनिता देवी ने सीआइडी जांच की मांग झारखंड पुलिस मुख्यालय से की थी।

---

➲ स्टेडियम और पार्क दो भाग में बंट जायेगा मैदान

➲ अब बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए आना होगा साकची

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर की सबसे घनी आबादी वाले मानगो क्षेत्र की शान गांधी मैदान को बौना बनाने की तैयारी हो चुकी है। दशकों पुराने इस मैदान में महात्मा गांधी मध्य एवं उच्च विद्यालय स्थित है। 122 कट्ठा में इसका मैदान फैला हुआ है। प्राइम लोकेशन में गांधी मैदान ही एकमात्र बड़ा मैदान है जहां 10,000 से अधिक लोगों की आम सभा की जा सकती है। बच्चे एक साथ फुटबॉल खेल सकते हैं तो क्रिकेट भी खेल सकते हैं किंतु नेताओं की बोनी सोच कहें अथवा अधिकारियों की सही सोच का अभाव। अब इस मैदान को दो भाग में बांट दिया जायेगा।

**स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने की है अनुशंसा :** मंत्री बन्ना गुप्ता की अनुशंसा पर गांधी मैदान के 68 कट्ठा भूखंड पर गैलरी युक्त स्टेडियम बनेगा जबकि 35 कट्ठा भूखंड पर पार्क बनेगा यानी साफ है आने वाले दिनों में एक वृहद कार्यक्रम करने के लिए मानगो क्षेत्र की जनता को जमशेदपुर मुख्य शहर की ओर रुख करना पड़ेगा।

**शुरू हो गया है विरोध :** मैदान के एक हिस्से में गैलरी युक्त स्टेडियम और दूसरे हिस्से में पार्क विकसित कर वाकिंग ट्रैक एवं पेड़ पौधे लगाने के लिए मानगो नगर निगम ने 3.5 करोड़ की लागत से इन दोनों प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया है जिसका विरोध हो रहा है।

**1964 से होता आ रहा है दुर्गा पूजा :** गांधी मैदान में 1964 से श्री श्री दुर्गा पूजा समिति गांधी मैदान मानगों की ओर से दुर्गा पूजा का भव्य पंडाल बनाकर पूजा अर्चना की जाती रही है। मानगो क्षेत्र में चुनावी एवं आम सभाओं का आयोजन का एकमात्र मैदान यही है। डिमना रोड में मैदान में जो भी सरकारी बड़े- बड़े भूखंड थे जमीन माफियाओं द्वारा बेचा जा चुका है। जाकिर नगर से लेकर आजादनगर तक खेलने -कूदने के लिए बड़े मैदान की बहुत ही कमी है।



### मैदान को तहस-नहस करने का काम शुरू

आप कह सकते हैं कि महात्मा गांधी के नाम पर स्थापित यहां के स्कूल और मैदान गांधीजी के सर्वधर्म समभाव का प्रतीक भी है किंतु क्षणिक लाभ व दूरदर्शिता के अभाव में इस मैदान को तहस–नहस करने का काम शुरू हो गया है। स्टेडियम और पाक बनाने के लिए फंड आवंटित कर चुका है और ठेकेदार को काम भी सौंप दिया गया है। दुर्गा पूजा समिति की नींद 10– 12 दिन पहले ही खुली जब उसे दबी जुबान से पता चला कि गांधी मैदान को बांटने की तैयारी हो चुकी है और ठेका भी निर्गत हो चुका है। खैर दुर्गा पूजा समिति को मैदान की वृहद क्षेत्र की चिंता नहीं है बल्कि उसकी चिंता है कि कहीं नगर निगम स्टेडियम में गेट लगाकर यहां दुर्गा पूजा भी बंद न करवा दें ।मांगो क्षेत्र के आजाद नगर से लेकर पारडीह तक और डिमना चौक से लेकर की खुदीराम बोस चौक तक के प्रेशर ग्रुप और सामाजिक कार्यकर्ताओं को तनिक भी चिंता नहीं है कि बड़े मैदान को नष्ट किया जा रहा है और भविष्य में बड़े–बड़े कार्यक्रम कहां होंगे? आपको बता दें मांगो के गांधी मध्य विद्यालय उच्च विद्यालय का विकास पर यहां के विधायकों एवं नेताओं का कभी ध्यान नहीं रहा। झारखंड के पहले वित्त मंत्री मृगद्र प्रताप सिंह ने मैदान के एक छोर पर पुस्तकालय भवन बनाया गया था ।उस पुस्तकालय में अब मानगो नगर निगम का दफ्तर चलता है यानी मैदान का एक बड़ा हिस्सा मांगो नगर निगम की भेंट चढ़ चुका है जबकि बचे हुए हिस्सों पर स्टेडियम और पार्क बनाकर नष्ट कर दिया जायेगा।

---

# औरा ज्वेलरी का सालाना टर्नओवर ₹10,000 करोड़ पहुंचाने का लक्ष्य

➲ कंपनी के एमडी दीपू मेहता की खबर मन्त्र से खास बातचीत

➲ दो साल में देश भर में 200 औरा ज्वेलरी स्टोर खोलेगी कंपनी

**सत्येन्द्र कुमार**





**जमशेदपुर।** औरा फाइन ज्वेलरी प्राइवेट लिमिटेड ने अगले 10 साल में अपने सालाना टर्नओवर को एक हजार करोड़ रुपये से बढ़ा कर 10 हजार करोड़ रुपये तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए कंपनी ने अपने देशी बाजार भारत में औरा स्टोर का नेटवर्क बढ़ाने के लिए आक्रामक रणनीति तैयार की है।

कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपू मेहता ने यहां **खबर मन्त्र** से खास बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि औरा फाइन ज्वेलरी 1888 में पालमपुर,गुजरात से अपना कारोबार शुरु किया था। तब से अपनी बेहतरीन और आधुनिक डिजाइन की बदौलत यह भारतीय ज्वेलरी बाजार में अपनी विशिष्ट पहचान बनाये हुए है। हमारी कंपनी का डायमंड ज्वेलरी की डिजाइन एवं गुणवत्ता लाजवाब है। औरा ब्रांड की ज्वेलरी भारतीय परिवार पीढ़ियों से पहनते आये हैं।

दीपू मेहता ने एक सवाल पर कहा कि देश में अगले 10 वर्षों में सालाना टर्नओवर 10,000 करोड़ रुपए करने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। इसके तहत उत्पादन क्षमता में विस्तार के साथ साथ पूरे देश में पूरा ब्रांड के स्टोर खोले जाएंगे। जमशेदपुर समेत पूरे देश में कंपनी के 68 स्टोर काम कर रहे हैं कंपनी अगले 2 वर्षों में स्टोर की संख्या बढ़ाकर 250 करने जा रही है। कंपनी अब तक दक्षिण एवं पश्चिम के बाजार पर ध्यान दे रही थी किन्तु अब पूर्वी क्षेत्र के बाजार पर ध्यान देने का वक्त है। और, इसी के मद्देनजर पूर्वी भारत के पहले स्टोर का उद्घाटन हम लोगों ने 9 दिसंबर को जमशेदपुर में किया है। कोलकाता में हम लोग जल्द ही 4 से अधिक स्टोर खोलेंगे।

### भारतीय बाजार में डायमंड ज्वेलरी का ग्रोथ 20%

सीईओ दीपू मेहता ने बताया कि हमारे देश भारत में ज्वेलरी के तीन लाख करोड़ रुपए का बाजार है जिसमें से डायमंड ज्वेलरी का बाजार 50 हजार करोड़ रुपये सालाना का है। डायमंड ज्वेलरी का भारतीय बाजार औसतन हर साल 20% का ग्रोथ से आगे बढ़ रहा है। हमारा मानना है कि भारत में जिस तरह से मध्यमवर्ग आय बढ़ रही है उसके मद्देनजर डायमंड का नेकलेस अब हर ग्रहणी के गले की शोभा बढ़ायेगा। ओरा कंपनी मध्यम वर्ग की गृहणियों, युवा महिला उद्यमियों, कारपोरेट महिलाओं के गले में हीरे की नेकलेस एवं बदन पर आभूषण धारण करने के सपने को साकार करने की दिशा में काम कर रहा है। इसके लिए पिछले 3 वर्षो से कंपनी मध्यम वर्ग के क्रय शक्ति के दायरे में आने वाले प्रोडक्ट को विकसित एवं लांच कर रही है। इसी दिशा में हम लोगों ने कदम उठाते हुए डेढ़ लाख रुपये की डायमंड नेकलेस की शुरुआती कीमत को अब करीब एक लाख रुपये के रेंज में ले आये हैं। इसके लिए एक नया सब ब्रांड रेस्ट्रा विकसित किया गया है जिसे ग्राहकों ने हाथों-हाथ लिया है। मध्यम वर्ग की महिलाएं आसानी से डायमंड ज्वेलरी खरीद सके इसके लिए औरा शून्य ब्याज दर पर ज्वेलरी लोन के साथ बचत स्कीम भी लॉन्च की है। इसे बहुत अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। दीपू मेहता ने कहा कि अब वक्त आ गया है जब डायमंड के मार्केट को डेमोक्रेटाइज किया जाए और इसीलिए हम नई- नई स्कीम लांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार में डायमंड ज्वेलरी का भविष्य उज्जवल है और मध्यम वर्ग गोल्ड से अब डायमंड की ओर शिफ्ट हो रहा है। दीपू मेहता ने बताया कि वर्तमान में औरा टोक्यो, हांगकांग, एंटवर्प, तोक्यो, मुंबई सहित पांच अंतर्राष्ट्रीय डिजाइन केंद्रों के साथ 700 साल पुरानी बेल्जियम शिल्प कौशल को आगे बढ़ा रहा है और अविश्वसनीय ब्रांड शत-प्रतिशत आभूषण पूरक बीमा तथा आजीवन मूल्य सहित रखरखाव के साथ ग्राहकों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

---

# स्टेडियम-पार्क बना कर दुर्गा पूजा बंद कराने की साजिश

■ श्रीश्री दुर्गापूजा समिति के संरक्षक एवं भाजपा नेता नीरज सिंह ने किया है जमकर विरोध

■ मैदान के साथ छेड़छाड़ कर एक समुदाय को खुश कर हिंदुओं की आस्था पर कुठाराघात का काम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति, गांधी मैदान, मानगो के द्वारा 1964 से दुर्गा पूजा का आयोजन होते आ रहा है। गांधी मैदान दुर्गा पूजा लाइसेंसी है। अब गांधी मैदान में स्टेडियम और पार्क का निर्माण सरकार और जिला प्रशासन के द्वारा कराया जा रहा है जिसका पुरजोर विरोध श्रीश्री दुर्गापूजा समिति कर रही है। अगर प्रशासन ने मैदान पर निर्माण कार्य पर रोक नहीं लगाया तो इसका पुरजोर विरोध किया जायेगा, क्योंकि विधायक के दबाव में नगर निगम ने इस मामले में दुर्गापूजा समिति को विश्वास में नहीं लिया है।

उक्त बातें श्रीश्री दुर्गापूजा समिति के संरक्षक एवं भाजपा नेता नीरज सिंह ने कही हैं। वे आज बजरंग मंदिर, दाईगुटटू में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हमलोग गांधीवादी तरीके से प्रशासन से अपना विरोध दर्ज करवा रहे हैं। डीसी,एसएसपी और एसडीओ को ज्ञापन सौंपा जा चुका है। मंगलवार को मैदान में श्रीश्री दुर्गा आरती किया जायेगा जिसमें तमाम दुर्गापूजा कमेटियों के लोग एवं हिन्दू संगठन भाग लेंगे।

नीरज सिंह ने कहा कि जब दुर्गा पूजा समिति मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी से जो मैप मिला है उससे स्पष्ट हैं कि स्टेडियम और पार्क बनने से पूजा स्थल एवं पंडाल और मेला का स्थान खत्म हो जा रहा है। स्थानीय विधायक के निर्देश पर जिला प्रशासन एवं मानगो नगर निगम के पदाधिकारियों द्वारा जब डीपीआर बनाया जा रहा था तो गांधी मैदान दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों का विचार जानने हेतु कोई संपर्क नही किया गया जबकि 1964 से गांधी मैदान में दुर्गा पूजा होते आ रही है। इससे मानगो नगर निगम, जिला प्रशासन, और स्थानीय विधायक सह मंत्री माननीय श्री बन्ना गुप्ता जी को भलीभांति जानकारी है। इससे साफ साफ प्रतीत होता है कि दुर्गा पूजा मैदान के साथ छेड़छाड़ कर एक समुदाय को खुश कर हिंदुओं की आस्था पर कुठाराघात करने का काम है। इस निमार्णाधीन स्टेडियम और पार्क को लेकर दुर्गा पूजा समिति के साथ साथ स्थानीय हिंदुओं में आक्रोश व्याप्त है। नीरज सिंह ने पूछा कि क्या श्रीमान बन्ना गुप्ता एक समुदाय विशेष के वोट से विधायक बने है, जो हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं ? यहां निमार्णाधीन स्टेडियम और पार्क को दुर्गा पूजा समिति और स्थानीय हिंदू किसी भी रूप में स्वीकार नहीं करेंगे।

---

# पीएचडी शोधार्थियों का इंडक्शन सह ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरू

अरका जैन यूनिवर्सिटी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** अरका जैन यूनिवर्सिटी में पीएचडी शोधार्थियों का इंडक्शन सह ओरिएंटेशन की शुरूआत आज मुख्य अतिथि जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता, विशिष्ट अतिथि जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ प्रभात कुमार सिंह, अरका जैन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो एस एस रजी, निदेशक अमित कुमार श्रीवास्तव, निदेशक (परिसर) डॉ अंगद तिवारी, कुलसचिव जसबीर सिंह धंजल, शोध प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ सोनिया रियात, सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शोध निदेशकों एवं शोधार्थियों की उपस्थिति में हुई।

मुख्य अतिथि जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता ने इस सत्र के पंजीकृत शोधार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शोध में बोधपूर्वक तथ्यों का संकलन कर व्यवस्थित व सावधानीपूर्वक सूक्ष्म बुद्धि से तथ्यों का अवलोकन कर नए तथ्यों या सिद्धांतों का उद्घाटन किया जाता है।

---

# बालाजी अन्नपूर्णा मध्याह्न भोजन कैंटीन में अब तक खाना खा चुके 25,800 लोग

➲ मात्र पांच रुपये में भरपेट भोजन कर रहे जरूरतमंद

■ सरयू राय के विधायक कार्यालय, बारीडीह में चलती है कैंटीन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



कैंटीन का औचक निरीक्षण करते विधायक सरयू राय।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरयू राय द्वारा 5 रुपये के शुल्क पर जरूरतमंद व्यक्तियों को दोपहर का भोजन उपलब्ध करायी जाने वाली योजना श्री बालाजी अन्नपूर्णा मध्याह्न भोजन का निरीक्षण किया। श्री राय ने भोजन कर रहे लोगों से भोजन की गुणवत्ता व स्वाद की जानकारी ली। भोजन कर रहे लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए विधायक श्री राय से कहा कि ह्यह्यआपने जो हमलोगों के लिए इतने कम शुल्क पर स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराया है इसे हमें बहुत सुविधा हो रही है। लोगों ने बताया कि वे दुकानों और दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करते हैं। जब वे काम के लिए सुबह निकलते हैं तो घर में दोपहर का खाना तैयार नहीं रहता है जिस कारण टिफीन लाना संभव नहीं हो पाता है। ऐसे में या तो उन्हें किसी होटल में महंगा भोजन करना पड़ता था या तो दोपहर में भूखे रहना पड़ता था। विधायक श्री राय का धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पहल के कारण ही अब उन्हें दोपहर में 5 रूपए के शुल्क पर गरम और स्वादिष्ट भोजन मिल रहा है।

---

# गायब मिले डॉक्टरों का एक दिन का वेतन काटा जायेगा : मंगल कालिंदी

➲ पटमदा सीएचसी में गायब मिले डॉक्टर, नाराज विधायक करेंगे डीसी से शिकायत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को पटमदा के माचा स्थित सीएचसी अस्पताल का जुगसलाई विधायक ने दोपहर करीब 2 बजे औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शहबाज खान, डॉ आरती पांडे व डॉ संगीता केरकेट्टा ड्यूटी में मौजूद थे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ क्रिस्टोफर बेसरा एवं एक आयुष चिकित्सक डॉ निगार तरन्नुम अवकाश पर हैं। डॉ सौमेन कुमार व डॉ प्रशांत रंजन पंचायत स्तर पर आयोजित मातृ शिशु स्वास्थ्य शिविर में फील्ड में थे। जबकि अन्य चिकित्सकों के अस्पताल में नहीं मिलने पर विधायक ने नाराजगी जताई। यहां प्रत्येक माह की तरह 9 तारीख को भी सैकड़ों की संख्या में गर्भवती महिलाएं पहुंची थी जिनका एएनसी जांच किया गया। विधायक के निरीक्षण के दौरान कई चिकित्सक एवं चिकित्सीय कर्मचारियों के गायब मिलने पर उन्होंने इसकी शिकायत जिले के उपायुक्त से करने की जानकारी दी।



सीएचसी में औचक निरीक्षण के दौरान स्टाफ से बात करते विधायक मंगल कालिंदी।

---

# गांधी मैदान में पार्क और स्टेडियम बनाने का पूजा समिति ने किया विरोध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति, गांधी मैदान, मानगो, जमशेदपुर के पदाधिकारी एवं सदस्यों का एक प्रतिनिधि मंडल गांधी मैदान, मानगो में बन रहे स्टेडियम और पार्क कार्य को तत्काल प्रभाव से बंद करने हेतु एक ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा। गांधी मैदान पूजा समिति के मुख्य संरक्षक श्री नीरज सिंह ने डीसी के नाम ज्ञापन सौंपने के पश्चात पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि 1964 से गांधी मैदान में दुर्गा पूजा का आयोजन होते आ रही है। जब मानगो नगर निगम द्वारा गांधी मैदान स्टेडियम और पार्क का डीपीआर तैयार किया जा रहा था तो दुर्गा पूजा समिति को प्रशासन ने क्यों अवगत नहीं कराया गया? दुर्गा पूजा समिति को अंधेरे में रख एक सोची समझी साजिश के तहत पूजा मैदान में स्टेडियम और पार्क निर्माण को आनन फानन में शुरू कर दिया गया।

---

# शहर की सभी सड़कें अतिक्रमणमुक्त रखें, ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो : डीसी

■ साकची-भालूबासा सड़क चौड़ीकरण में बाधक अतिक्रमण का डीसी ने लिया जायजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर में चूना शाह बाबा मजार, जेल चौक, बाराद्वारी तथा भालूबासा ओवर ब्रिज के आसपास के क्षेत्र में सड़क अतिक्रमण तथा साकची-बिरसा नगर सड़क चौड़ीकरण में आ रहे अवरोधों का भौतिक सत्यापन करने को लेकर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया।

इस दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नंदकिशोर लाल, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, ईओ जेएनएसी संजय कुमार, सीओ जमशेदपुर सदर अमित श्रीवास्तव, टाटा स्टील मार्केट एंड लैंड डिपार्टमेंट के हेड श्री अमित सिंह एवं जुस्को प्रतिनिधि मौजूद रहे। साकची से भालूबासा तक सड़क चौड़ीकरण का प्लान स्वीकृत हो चुका है। चौड़ीकरण के बीच में कुछ सब लिज के बिल्डिंग आ रहे हैं, जिनका आरओडब्लू क्लियरेंस नहीं मिला है।



जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि आरओडब्लू क्लियरेंस की प्रक्रिया भी शुरू हो जायेगी और चौड़ीकरण का काम भी समानांतर रूप से शुरू किया जाएगा। शाम में तथा अन्य पीक ऑवर में इस सड़क में जाम की समस्या बनी रहती है। कई लोग लगातार इसकी शिकायत भी करते हैं। उन्होंने बताया कि भौतिक निरीक्षण के दौरान छोटे से पैच में जो अतिक्रमण दिखा उसे हटाने के लिए क्या नोटिस की प्रक्रिया है, किसके स्तर पर क्या जिम्मेदारी रहेगी इसी की समीक्षा की गयी।

---


## AFFIDAVIT-CUM-DECLARATIONI

**Hamida Khatoon**, aged about 58 years, Wife of Mohammad Razzaque, resident of House No. 29/229, Kapali Road, Zakirnagar, Mango, P.O. & P.S. Azadnagar, Town Jamshedpur, Dist. East Singhbhum, State Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as under :-

1. That I am an Indian citizen by Nationality.
2. That I am residing at above mentioned address along with my family members.
3. That I have three sons namely (1) Md. Reyaz, (2) Md. Ejaz, (3)Md. Faiyaz and one daughter (4) Reshma Perween respectively.
4. That out of my aforesaid three sons my second son namely Md. Ejaz, got married to Muskan Perween, D/o. Aftab Khan @ Munna, on 16.01.2022.
5. That since very inception of the marriage, my aforesaid second son namely Md. Ejaz and his wife Muskan Perween, have been creating nuisance in my dwelling house and disturbing other familyme mbers.
6. That although several times I along with my other family members, well wishers and relatives tried our level best to understand my said son Md. Ejaz and Muskan Perween, to keep peace in my dwelling house but all went in vain.
7. That my aforesaid second son Md. Ejaz and daughter-in-law Muskan Perween, left my residence after creating nuisance in my residence.
8. That am very much fade up with the behavior of my said second son namely Md. Ejaz and his wife Muskan Perween.
9. That I hereby disown my aforesaid second son namely Md.Ejaz and his wife Muskan Perween, from all my movable and immovable properties from today.
10. That I hereby declare that my said second son namely Md.Ejaz and his wife Muskan Perween, shall not be entitled to get any share in my ancestral immovable properties as well as in my movable properties either during the lifetime of myself and/or after my death.
11. That I hereby declare that from today I along with my other family members have no any concern with said my second son namely Md. Ejaz and his wife Muskan Perween.
12. That I hereby further declare that in future if any misdeed/offence found to be committed by my said second son namely Md. Ejaz and his wife Muskan Perween, then in that event I along with my family members shall not be held responsible for the same rather they will be held responsible for the same.
13. That I am swearing this Affidavit-cum-Declaration to confirm the above facts before the authority concerned.



VERIFICATION

The statements made above are true to the best of my knowledge, belief and information and I sign this today at Jamshedpur.

Identified by:
Advocate, Jsr.

Deponent.
Signed in my presence.

Advocate.

NOTARY PUBLIC,
JAMSHEDPUR

## स्पीड न्यूज

### सबानो-हैदरनगर व अमही की जीत



**हुसैनाबाद (पलामू)।** कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में शनिवार को तीन मैच खेले गये। पहला मैच सबानो और पतरा खुर्द के बीच हुआ, सबानो 1-0 से विजयी रहा। सबानो के शशि भूषण ने गोल दागा। वहीं दूसरे मुकाबले में हैदरनगर ने पांती को 2-1 से हराया। तीसरे मैच में अमही ने दरूआ बेनी को एकतरफा मुकाबले में 8-0 से हराया। निर्णायक की भूमिका में एसएम अकरम, सुदय सिंह, विकास सिंह, मनोज शर्मा और विनय सिंह रहे। मैच में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता राम प्रवेश सिंह, संतोष सिंह, मोहम्मद अली, राजेश्वर सिंह उर्फ डिस्को सिंह, अनुज सिंह, शबुद्दीन अंसारी, पारस नाथ सिंह, सुभाष कुमार, प्रह्लाद ठाकुर, विशाल, लडडू एवं हजारों दर्शक उपस्थित थे। कल बिलासपुर बनाम झरहा, पतरा कलां बनाम खरगाड़ा व कचरा बनाम जपला मैच होगा।

### जनता में बदलाव का मिजाज है : मनोज



**मेदिनीनगर।** झारखंड का निकाय चुनाव तो टल गया है, लेकिन प्रत्याशी प्रचार में लगे हुए हैं। बात करें नगर निगम की तो भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह लगातार अपने जनसंपर्क कार्यक्रम 'आपका बेटा आपके द्वार' के तहत घर-घर जाकर लोगों से मिल रहे हैं और जन समर्थन जुटाने की कोशिश करते दिख रहे हैं। वार्ड 4 के गुरियाही में लोगों से मिलने के दौरान लोगों ने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया व अपनी पीड़ा जतायी। क्षेत्र भ्रमण के दौरान श्री सिंह कहते हैं कि निगम में नये क्षेत्रों को तो जोड़ा गया, लेकिन मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने में वर्तमान निगम की सरकार विफल रही। सिर्फ जनता से टैक्स वसूला गया। इस बार लोगों ने बदलाव का मन बना लिया है और मेदिनीनगर को उन्नति के मार्ग पर ले जाने के लिए बदलाव होना सुनिश्चित है। उनके साथ संतोष कुमार, माकू उरांव, सत्येंद्र उरांव, प्रवीण उरांव, निरंजन उरांव, मुन्ना उरांव, लड्डू कुमार आदि शामिल थे।

### कैंपस सलेक्शन : डीएवी के दो छात्र चयनित




**मेदिनीनगर।** डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज में कैंपस सलेक्शन किया गया। इसमें दो छात्र चुन लिये गये हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय श्रीवास्तव ने बताया कि कोटजीएल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने कैंपस सलेक्शन किया गया। इसमें वर्ष 2019-23 बैच के छात्रों के बीच सलेक्शन किया गया। इसमें चार फैकल्टी के छात्रों ने भाग लिया। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र शामिल हुए। कंपनी के अधिकारी दिनेश महतो और एच आर अनिता कुमारी व अभिजीत कुमार ने चार बैच के छात्रों का चार चरणों में साक्षात्कार लिया। इसमें कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के छात्र आर्यन श्रीवास्तव, इकबाल आसिफ का चयन किया गया। इन्हें ढाई लाख के पैकेज मिलेगा।

### बिजली चोरी : 25 लोगों पर प्राथमिकी

**विश्रामपुर (पलामू)।** विद्युत आपूर्ति के बी मोड़ प्रशाखा ने ऊर्जा चोरी के विरुद्ध बिश्रामपुर अंचल व नगर परिषद में एक व्यापक अभियान चलाया। जिसके तहत बिश्रामपुर अंचल के घासीदाग पंचायत के कौड़िया व भुखला तथा नगर परिषद के सोरडिहा में छापेमारी की गयी। बिजली विभाग की टीम ने बिजली कनेक्शन की जांच की। हुकिंग व बकाया बिल वालों के खिलाफ कार्रवाई हुई। बकायेदारों की बिजली काटी गयी। अवैध बिजली जला रहे 25 लोगों पर विश्रामपुर थाना में नामजद प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी। कनीय अभियंता शिवम पांडेय ने बताया कि यह विशेष छापेमारी लगातार जारी रहेगी। दल में प्रमोद वर्मा, प्रदीप रजक, अंकित तिवारी, सुनील कुमार, आगम दास सहित बिजली विभाग के कई लोग शामिल थे।

### विहिप-बजरंग दल का शौर्य दिवस आज



**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल शौर्य दिवस समारोह का आयोजन रविवार को करेगा। इसे लेकर विहिप और बजरंग दल ने जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता की। विहिप के पलामू जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने कहा कि शौर्य दिवस समारोह 11 दिसंबर को 10 बजे से साहित्य समाज चौक के पास स्थित संस्कृत महाविद्यालय में होगा। इसके पूर्व एक धर्म सभा होगी। जिसके मुख्य वक्ता झारखंड प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह होंगे। इसके बाद संगठन शौर्य संचलन प्रारंभ करेगा। पलामू जिला के हजारों कार्यकर्ता इस में शामिल होंगे। प्रेस वार्ता में जिला बजरंग दल संयोजक संदीप दास, जिला सह मंत्री अमित तिवारी, जिला मंदिर मठ प्रमुख संजय प्रजापति, नगर विहिप उपाध्यक्ष विकास कश्यप, नगर बजरंग दल संयोजक विवेक कुमार चौबे, सह संयोजक रंजन राज और अन्य गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 15 तक मीटर नहीं लगवाने पर कार्रवाई

**हुसैनाबाद पलामू।** राज्य में सभी विद्युत उपभोक्ताओं के घर में मीटर लगाया जाना है। जो विद्युत उपभोक्ता अपने मकान या प्रतिष्ठान में बिजली का उपयोग करते हैं, वे जपला स्थित विद्युत अवर प्रमंडल कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को मीटर लगाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। 15 तक जिनके मकान, दुकान या प्रतिष्ठान में मीटर नहीं होगा, उनकी बिजली काट दी जायेगी। साथ ही उनपर प्राथमिकी भी जा सकती है। उक्त बातें जपला विद्युत अवर प्रमंडल के जेई प्रदीप कुमार सिंह ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपभोक्ताओं से कही। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अबतक बिजली कनेक्शन नहीं लिया है, वह कार्यालय में आकर आवेदन देकर कनेक्शन ले सकते हैं।

### नवल तुलस्यान का नागरिक अभिनंदन



**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं सामाजिक सरोकार में निरंतर सक्रिय रहने वाले जिंदादिल शख्सियत प्रमोद कुमार तुलस्यान 'नवल' के 75 वें जन्मोत्सव पर नागरिक अभिनंदन किया गया। शनिवार को नागरिक अभिनंदन समारोह समिति के आईएमए हॉल में कार्यक्रम के दौरान शहरवासियों ने उन्हें सामूहिक बधाई व शुभकामनाएं दी।

# पांकी विधानसभा क्षेत्र में बह रही विकास की बयार : डॉ शशिभूषण

■ पांकी विस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित

■ विभिन्न कब्रिस्तान की चहारदीवारी निर्माण का किया गया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी/ मेदिनीनगर।** ग्राम सगालिम में कब्रिस्तान के चहारदीवारी, ग्राम सुडी में कब्रिस्तान, ग्राम आसेहार में कब्रिस्तान चारदीवारी निर्माण का शिलान्यास किया गया। मौके पर विधायक ने कहा कि नरेंद्र मोदी के मूलमंत्र है कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास को आत्मसात कर पांकी विधानसभा क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचा रहा हूं।



**कार्यक्रम की खास बातें :** उन्होंने कहा कि पांकी प्रखंड के विभिन्न गांवों में कब्रिस्तान की चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। कब्रिस्तान के चारों ओर चहारदीवारी के निर्माण हो जाने से लोगों को गंदगी व पशुओं के अन्यत्र विचरण से मुक्ति मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रम में अल्पसंख्यक विधायक प्रतिनिधि नईम साहब, मोबिन मिया, कासिम मियां, खादिम अंसारी, सैमबुल हुसैन, महताब आलम, सगालिम मुखिया सुनील प्रजापति, विजय सिंह, संतोष चंद्रवंशी, असेहार पंचायत समिति बालकेश राम, सुरेश राम, समाजसेवी बीरेंद्र मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, शिवशंकर पासवान, कार्तिक सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# 11वीं कृषि गणना 2021-22 फेज-1 का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू समाहरणालय के ब्लॉक ए सभागार में अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह के अध्यक्षता में कृषि गणना प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार तथा राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखंड के मार्गदर्शन में जिला सांख्यिकी शाखा द्वारा आयोजित 11वीं कृषि गणना फेज 1 का प्रशिक्षण में सभी सीओ, अंचल निरीक्षक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर भाग लिये। झारखंड में एनआइसी कृषि गणना के लिए राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग को नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है जबकि एनआइसी एवं सांख्यिकी विभाग इसमें सहयोग करेगा। प्रशिक्षण के प्रारंभ में अपर समाहर्ता, पलामू के द्वारा कृषि गणना के महत्त्व, इसकी प्रक्रिया, पृष्ठभूमि, कृषि गणना से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कर्त्तव्य एवं कृषि गणना अधिकारियों की प्रशासनिक ढांचा के बारे मे विस्तार से बताया गया।

**इस दौरान कई प्रकार के आंकड़ों का होगा संग्रहण :** कृषि क्षेत्र मे जोत का आकार, भूमि उपयोग, जोत का सांख्यिकी ढांचा, किसानों का प्रकार, फसल पैटर्न, किसानों का सामाजिक विभाजन, लिंग,सिंचाई के साधन,अभिलेखों का मैपिंग जैसे आकंडों का संग्रहण कर इसका प्रयोग कृषि क्षेत्र मे नीति निर्माण में किया जा सकेगा। प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनिंग मेटेरियल का भी वितरण किया गया।

# मंदबुद्धि नाबालिग से दुष्कर्म के बाद पिता-भाई की पिटाई

■ दुष्कर्म और मारपीट को लेकर थाने में दर्ज करायी गयी प्राथमिकी

■ पीड़िता के परिजन से मिले पांकी विधायक, बोले न्याय के लिए लड़ूंगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के तरहसील थाना क्षेत्र में एक नाबालिग दुष्कर्म बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना घटित हुई थी। इसके बाद दुष्कर्मी ने पीड़िता के पिता एवं भाई को अपने सहयोगियों के साथ मिलकर बुरी तरह से पिटाई कर दिया था। जिन का इलाज सदर अस्पताल डाल्टनगंज में कराया गया। यह घटना 5 दिसंबर को घटी थी।

दुष्कर्म और मारपीट की सूचना पाकर पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक के साथ पीड़िता के परिवार से मिले। उन्होंने कहा कि पलामू जिला ही नहीं पूरे झारखंड में पुलिस का भय कहीं नहीं दिखता। जिसका परिणाम है की अपराधी खुलेआम किसी भी घटना को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस दोषियों को सजा दिलाने में विफल है। विधायक ने कहा कि इस घटना की जितनी निंदा की जाए वह बहुत ही कम होगा। जब तक इस मामले में दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तब तक पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई लड़ूंगा। जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कहा कि पुलिस प्रशाषन दोषियों पर अविलंब कठोर कार्रवाई करे। सभी की गिरप्तारी अविलंब हो। इस वीभत्स घटना में संलिप्त दोषियों की गिरफ्तारी हो। नहीं तो आंदोलन करेंगे। पीड़ित परिवार के साथ पांकी विधायक और भाजपा परिवार खड़ा है। उनके हर जरूरत में मदद करेंगे। मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, तरहसी मंडल अध्यक्ष अजीत गुप्ता, वीरेंद्र मेहता, प्रो बचन ठाकुर, मौलाना नईमुद्दीन अंसारी, शिव शंकर गुरुजी, कार्तिक सिंह, महामंत्री श्याम बाबू आदि थे।

एनसीपी महिला प्रकोष्ठ की बैठक में संगठन की मजबूती का संकल्प

# एनसीपी से जुड़कर करें विकास की राजनीति का समर्थन : कमलेश सिंह

➲ गांव और बूथ स्तर पर महिलाओं को जोड़ें : सूर्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू।** महिला प्रकोष्ठ संगठन को धार देने की तैयारी में एनसीपी जुट गई है। शनिवार को हैदरनगर देवी धाम प्रांगण में हैदरनगर प्रखंड व पार्टी के हुसैनाबाद कार्यालय में हुसैनाबाद प्रखंड के महिला प्रकोष्ठ की बैठक हुई। जिसमें सदस्यता अभियान पर चर्चा हुई। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के सभी प्रकोष्ठों को सशक्त बनाया जा रहा है। प्रदेश, जिला, प्रखंड, गांव व बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती को लेकर 4 दिसंबर को रांची की बैठक में निर्णय लिया गया है। सभी जिलों में सदस्यता अभियान चल रहा है। लोकसभा चुनाव के पूर्व राज्य में 25 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने महिलाओं को पार्टी से जुड़कर हुसैनाबाद हरिहरगंज में विकास की राजनीति को समर्थन देने का आह्वान किया।



**कार्यक्रम की खास बातें :** एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने दोनों बैठकों में बारी बारी भाग लिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले हुसैनाबाद में एक लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमे कम से कम 30 हजार महिलाओं को जोड़ने का लक्ष है। उन्होंने प्रखंड व पंचायत कमेटी में शामिल महिलाओं को गांव व बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उन्हे पार्टी के कार्यकर्ता भी सहयोग करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि पार्टी मजबूत होगी तो कार्यकर्ता और नेता भी मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते है। निष्ठा के साथ कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की प्रतिष्ठा समाज और नेता दोनो जगह होती है।

# जिले की 51 निर्धन कन्याओं की शादी करायेगी विकास सोसाइटी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ 14 दिसंबर को शिवाजी मैदान में होगा समारोह

■ कार्यक्रम में होगा दहेज रहित विवाह : सचिव विकास

**मेदिनीनगर।** कन्या विवाह विकास सोसाइटी 51 जोड़ी निर्धन कन्याओं का विवाह कराने जा रहा है। इसकी जानकारी सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली ने तिनकोनिया गैरेज स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दीया। कहा कि सोसाइटी का उद्देश्य बाल विवाह रोकना, दहेज प्रथा पर अंकुश लगाना एवं गरीब परिवार की कन्याओं का निःशुल्क विवाह कराना है। उन्होंने कहा कि 14 दिसंबर को शिवाजी मैदान में 51 जोड़ी कन्याओं का दहेज रहित विवाह संपन्न कराया जायेगा। इसमें पलामू, बिहार के गरीब परिवार के लोग भाग लेने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू समुदाय के कन्याओं का विवाह सनातन धर्म के अनुसार तथा मुस्लिम परिवार के लोगों को मुस्लिम रिवाज के अनुसार विवाह एवं निकाह कराया जायेगा। मौके पर वर वधु को विवाह का वस्त्र व अन्य सामग्री दी जायेगी। साथ ही विवाह का पूरा खर्चा सोसाइटी उठायेगी।




# शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी का 65वां जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी का 65वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हरिहरगंज, अररूआ खुर्द, तूरी, मझिगावां, बघना, पड़रिया, माडादाग, दुबरीडीह, निकटवर्ती संडा, सरईवार, बलूवाड़ी, इब्राहिमपुर सहित कई राज विद्या केंद्रो पर बड़ी संख्या में भक्त आयोजन में शामिल हुए। अररूआ खुर्द केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों भक्तों ने प्रेम रावत जी के चित्र की आरती उतारी व पूजा अर्चना कर केक काटा। शिक्षक सरोज चौधरी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेम रावत जी एक ख्याति प्राप्त शांति का संदेश देने वाले महापुरुष हैं। इनके अनुयायी पूरे दुनिया में प्रेम का संदेश फैला रहे हैं। साथ ही राज विद्या केंद्र संस्था विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य संपूर्ण विश्व के चलाता है। इनके बताए मार्ग पर चलकर, हम जीवन को सफल बना सकते हैं। सभी राज विद्या केंद्रों में शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी ने अंजन टीवी के माध्यम से शांति का संदेश प्रसारण किया।

### चंद्रशेखर शुक्ल बने कांग्रेस के प्रदेश महासचिव



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष सह डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विस क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रशेखर शुक्ल को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का महासचिव बनाया गया है। कांग्रेस के महासचिव केसी बेनुगोपाल ने प्रदेश कमेटी की सूची जारी कर दी है। श्री शुक्ल को प्रदेश महासचिव बनाने पर कांग्रेसियों में खुशी है। दायित्व मिलने पर श्री शुक्ल ने पार्टी के शीर्ष नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष समेत सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही पंचायत से प्रदेश तक संगठन को मजबूत करने में कोई कसर नही छोड़ूंगा।

### जीएलए कॉलेज में मना मानव अधिकार दिवस



**मेदिनीनगर।** गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई ने शनिवार को मानव अधिकार दिवस मनाया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के जीएलए कॉलेज कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर लीना कुमारी उपस्थित रही। मौके पर जीएलए कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा गोद लिए गए गांव गुरियाही का भी दौरा किया गया और वहां के ग्रामीणों को अपने अधिकारों से परिचित करवाया गया। मौके पर स्वयंसेवक बिपिन यादव ने कहा कि हमारे समाज में आज भी अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता नहीं है। मौके पर प्रमोद मेहता, अभिषेक कुमार, रजनीकांत कुमार, रमाशंकर पासवान, निकिता कुमारी, पूजा मेहता समेत कई स्वयंसेवक एवं सेविकाएं उपस्थित थे।

## 2024 आम चुनाव की तैयारी में जुटे पूर्व सांसद धीरेंद्र अग्रवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबरपुर।** 2024 के लोकसभा चुनाव में चतरा के पूर्व सांसद अपनी किस्मत आजमायेंगे। चुनाव नजदीक देख पूर्व सांसद सक्रिय हो गये हैं। उन्होंने शनिवार को लेस्लीगंज आकर अपने पुराने कार्यकर्ताओं के साथ रायशुमारी की। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे वर्तमान में भाजपा के सिपाही हैं और उम्मीद है कि पार्टी उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव के लिए टिकट भी देगी। वे चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने जनता के टिकट से चुनाव लड़ने की बात कही। हालांकि उन्होंने कहा कि अभी उनका लेस्लीगंज में आना है कोई राजनीतिक मतों का अच्छा नहीं था वे लातेहार में एक शादी समारोह में आये थे। यहां के कार्यकर्ताओं से उन्हें काफी लगाव है।

### दो नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**हुसैनाबाद।** दो नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार हैदरनगर थाना क्षेत्र के एक गाँव के युवक द्वारा दो नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता व परिजनों के हुसैनाबाद थाना में मामला दर्ज कराने के बाद हुसैनाबाद पुलिस ने तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हुसैनाबाद के थाना प्रभारी सौरभ कुमार ने बताया कि पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

## वनवासी कल्याण केंद्र ने असहायों में बांटा कंबल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** वनवासी कल्याण केंद्र, छतरपुर के द्वारा असहाय वनवासी बुजुर्ग महिला-पुरूषों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम ठाकुर बाड़ी मंदिर प्रांगण में किया गया। जो रमेशचन्द्र मेमोरियल चैरिटेबल सोसायटी ट्रस्ट, दिल्ली के द्वारा उपलब्ध कराया गया था। इस कार्यक्रम में प्रांत श्रद्धा जागरण प्रमुख-रामजी उरांव, जिला संगठन मंत्री अम्बिका सिंह,पलामूं, देवेन्द्र सिंह संच प्रमुख चैनपुर, नगर अध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह, नगर उपाध्यक्ष विनय कुमार, सह सचिव मनोज कुमार, सह कोषाध्यक्ष अशोक सिंह, जनजातीय सुरक्षा मंच छतरपुर के आयाराम उरांव, सामाजिक समरसता प्रमुख-पप्पू उरांव, सुनील कुमार, रितेश कुमार कंबल वितरण समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित थे। इनके अलावे धर्म जागरण समन्वय (संस्कृति प्रमुख) पलामूं बालयोगी संत विभु सुमनजी ब्रह्मचारी भी शामिल रहे।

### एलएंडटी कंपनी में काम के दौरान मजदूर की मौत



**पांडू, पलामू।** डाला कला के मजदूर सतेंद्र नरायण सिंह की मौत एलएंडटी कंपनी में काम के दौरान शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे हो गयी। परिजनों ने बताया कि वह पिछले चार माह से छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला में स्थित सिरसा कुटिला भाठा में चल रहे एलएंडटी कंपनी में मजदूरी करता था। शुक्रवार को अचानक तबीयत खराब होने के बाद वर्कर राहुल सिंह हाई टेक अस्पताल ले गये। स्थिति को गंभीर देखते हुए दुर्ग के सदर अस्पताल में रेफर कर दिया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में मातम है। मृतक के तीन बच्चे हैं। बड़ी बेटी शादीशुदा है, जबकि एक बेटी बीए और बेटा आदर्श गांव में ही छठी क्लास में पढ़ता है। आर्थिक तंगी में मृतक कई वर्षों से मजदूरी कर घर चलाता था। घटना के बाद से पत्नी नीलू देवी का रो-रो कर बुरा हाल है।

# सहारबिहरा में हुआ 18वीं लक्ष्मी सहार स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड के कोल्हुआ-सोनबरसा पंचायत के सहारबिहरा के सहार खेल मैदान में शनिवार से प्रारंभ 18वीं स्व लक्ष्मी सहार स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया। मौके पर स्व लक्ष्मी सहार की स्मृति में दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। राष्ट्र गान के बाद विधायक व अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। जबकि विधायक कमलेश कुमार सिंह बैटिंग व युवा राकांपा नेता सूर्या सोनल सिंह ने बॉलिंग कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। वहीं विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू ने टॉस किया। जिसमें सुंडीपुर (गढ़वा) की टीम ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुना। केवाल (पलामू) की टीम को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया। मगर उसका यह निर्णय फायदेमंद नहीं रहा। 16 ओवर में केवाल की टीम 99 रन बनायी। जवाबी पारी में सुंडीपुर टीम 95 रन पर ही ऑल आउट हो गयी। वसीम को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। विधायक ने आयोजन समिति के सदस्यों की प्रतियोगिता का युवा खेल विभाग से रजिस्ट्रेशन कराने और खेल मैदान में एक सुव्यवस्थित मंच निर्माण की मांग पर इसे पूरा करने की बात कही। उन्होंने मंच निर्माण के लिए विधायक फंड से 2.5 लाख देने की घोषणा की। साथ ही खेल मैदान तक संपर्क पथ बनाने का भरोसा दिया। लगातार 18 वर्षों से प्रतियोगिता के लिए आयोजन समिति के सदस्यों सहित ग्रामीणों की प्रशंसा की।

**ये भी थे उपस्थित :** मौके पर राकांपा नेता अजीत कुमार सिंह, गुड्डू सिंह, ज्याउद्दीन खान, विमलेश सिंह, पप्पू सिंह, नित्यानंद पाठक, वीरेंद्र कुमार सिंह, रामबालक गुप्ता, संजय ठाकुर, युवा समाजसेवी अश्विनी सिंह, आयोजक सह प्रतियोगिता के संस्थापक चतुर्गुण राय, केके शर्मा, आनंद शर्मा, राजकुमार शर्मा, अनंत कुमार शर्मा, संचालक कौशलेंद्र शर्मा, उद्घोषक अभिषेक भट्ट, वेदप्रकाश शर्मा और काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# रिजनल राउंड के सेफा के लिए ऑक्सफोर्ड का शानदार प्रदर्शन

**सीबीएसइ हैरिटेज इंडिया क्वीज**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोयेला स्कूल पटना में सीबीएसई रिजनल राउंड का आयाजन हो रहा है। जिसमें विद्यालय की टीम ने बिहार और झारखंड के 30 स्कूलों में से सेमीफाइनल के लिए मात्र के छह विद्यालयों का चयन हआ। इसमें ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर, सुरेन्द्रनाथ सेंटेनरी विद्यालय रांची, सैनिक स्कूल गोपालगंज बिहार, डीएवी स्कूल हजारीबाग, डीपीएस रांची, एसडीएमएस जमशेदपुर, सीबीएसई हैरिटेज इंडिया क्यूज सेमीफाइनल के प्रथम छह टीमों में अपना स्थान बनाने पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।





# डीसी ने किया मार्केट कंप्लेक्स का निरीक्षण

## डाक बंगला के लाखों का फर्निचर ठेकेदार ने किया गायब, होगी जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** क्षेत्र के किनानों के लिए 3.65 लाख की लागत से ओरमांझी में हो रही मार्केट कंप्लेक्स निर्माण घटिया सामग्री का ईसतमाल हो रह है। जिस डाक बंगला को तोड़कर मार्केट कंप्लेक्स का निर्माण हो रहा है। उस डाक बंगले का लाखों का फर्निचर डेकेदार द्वारा गायब कर दिया गया है। इसकी षिकाय स्थानीय ग्रामीणों द्वारा रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा से की गई है। शनिवार को प्रखंड में चल रहे विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण करने ओरमांझी पहुंचे डीसी द्वारा ग्रामीणों की षिकायत को संज्ञान में लेते हुए जांच व कार्रवायी करने की आष्वासन दी गई। उन्होने संवेदक से निर्माण कार्य में ईस्तमाल सामग्री की गुणवता कि भी जानकरी ली और कहा निर्माण कार्य में स्थानीय मजदूरों को प्राथमिकता दें। वहीं संवेदक द्वारा बताया गया कि स्थानीय मजदूर ही कार्य कर रहे हैं। कुषल मजदूर नही रहने के कारण बाहर के कुछ मजदूरों से भी कार्य कराए जा रहे हैं। डीसी ने निर्णण पूर्ण होने के बाद दुकान आवंटन में किसी प्रकार का विवाद न हो उसपर भी ध्यान देने को कहा है। इसके अलावे उन्होने कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया। कस्तुरबा की छात्राओं को मिलने वाले सुविधा की जानकरी ली और विद्यालय के खेल, जीम, प्रयोगषाला, रसोई के साथ छात्राओं द्वारा तैयार किए गए प्रदर्षनी को भी देखी और कहा छात्राओं द्वारा निर्मित सामग्री की मारकेंटिंग हो इसके लिए जएसएलपीए से जोड़ा जाएगा। वहीं कई खेल सामग्री के पेकैट भी नही खुले थे। वहीं कक्षा में उपस्थित छात्राओं ने षिक्षा व खेल सुविधा की जानकारी ली और कहा कक्षा छुटे नही इसपर ध्यान दें। सफल होने के लिए पढना जरूरी है। इससे पूर्व डीसी ने डहु में 30 एकड़ में खेती करने वाले किसान संजय कुमार के खेत व रोहनडीह स्थित मनरेगा पार्क भी देखने पहुंचे, और खेती व मनरेगा पार्क की सरहाना भी किए।

### विकास योजना में स्थानीय मजदूरों को प्राथमिकता दें



### मौके पर थे मौजूद

मौके पर प्रमुख अनुपमा देवी, जिप सदस्य सरिता देवी, जिला कृषि पदाधिकरी विकास कुमार, बीडीओ विजय सोनी, सीओ विजय केरकेट्टा, मुखिया विरेंद्र कुमार, दीपक बड़ाईक, उपमुखिया संतोष गुपता, सुरेष साहू, नरेश महतो, भानुप्रताप सहित ठेकेदार, कस्तुरबा वार्डेन सहित कई लोग उपस्थित थें।

# डीसी पहुंचे हुंडरू फॉल, मनोरम दृश्य देख कर हुए मंत्रमुग्ध

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिकिदिरी।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा शनिवार को हुंडरू फाल घुमने पहुंचे। 745 सीढ़ी नीचे उतरकर फॉल का करीब से दीदार किया। इस दौरान उन्होने हुंडरू फाल के मनोरम द्दश्य देख कहा की झारखंड की प्राकृतिक सौंदर्यता आकर्षक है। हुंडरू फाल को और अधिक विकसित करने की जरुरत है। उन्होने फॉल के समीप एक व्यू पॉइंट बनाने और पर्यटकों के लिए शौचालय निर्माण की आवश्यकता बताई। वहां मौजुद पर्यटनकर्मी राजकिशोर प्रसाद एवं बालेश्वर बेदिया ने उपायुक्त से चार वर्षों से बंद पड़े टूरिस्ट कॉमप्लेक्स सह रेस्टूरेंट चालू करनेएपेयजल के लिए जल मीनारएव सीढ़ी की मरम्मत्ती कराने का आग्रह किया। उपायुक्त ने कहा की शीघ्र ही सभी का समाधान किया जाएगा। इसके लिए आदेश जारी की जाएगी। उपायुक्त के साथ ओरमांझी बीडीओ विजय कुमार सोनी एसीओ विजय केरकेट्टा भी शामिल थे। मौके पर पर पर्यटनकर्मी बुधराम बेदिया, रंजन बेदिया, गोविंद महतो आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### बिजली के खंभे से टकराने से एक की मौत, एक घायल

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के दानाडीह गांव के समीप तेज गति से बाइक में सवार युवक ने एक बिजली खम्भे को टक्कर मार दिया। टक्कर में 23 वर्षीय अमित लोहरा का घटना स्थल में ही मौत हो गया है। तथा मनीष मछुवा गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना के सम्बंध में ग्रामीणों ने बताया कि बाइक जेएच 01 एक्स 2510 में सवार सोनाहातू गांव के अमित लोहरा ओर मनीष मछुवा घर वापस लौट रहे थे। तेज रफ्तार में बिजली खम्भे की टक्कर मार दिया जिसमें घटनास्थल में ही अमित लोहरा का मौत हो गया है। घटना की सूचना और पुलिस शव को कब्जे में ले लिया है और आवश्यक करवाई में जुट गयी है।

### कांके थाना के मुख्य द्वार पर घंटों पड़ा रहा शराब में धुत युवक

**कांके।** थाना के मुख्य द्वार पर ठढ़ में शराब के नशे में धुत एक युवक कांके थाना के गेट के सामने बहुत देर तक पड़ा सोया रहा। यह वाकया शाम के 4रू30 बजे दिन की है। लेकिन इसे हटाना तो दूर की बातए इसे कोई छुने को भी तैयार नहीं था। कई बार लोगों ने इसके सिर और मुंह में पानी का छोटा भी मारा लेकिन या इतना शराब पिये हुए था कि टस से मस भी नहीं हुआ। जब इसकी सूचना सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो इसे मुख्य द्वार से हटाया गया। इस दौरान मानवता को शर्मसार होते लोग देखते रहे।

### मांडरः विधायक ने किया योजनाओं का शिलान्यास

**मांडर।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शनिवार को मांडर प्रखंड अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें मुख्य रूप से ग्राम हारिल मे समुदायिक भवन निर्माण कार्यए ग्राम नवाटांड़ मे सामुदायिक भवन निर्माण कार्यए बिसाहाखटगा मे ईदगाह के पास पेभर ब्लॉक लगाने का कामए बिसाहा खटंगा मे उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माणए ग्राम बाजरा मे अखड़ा निर्माण कार्य का शिलान्यास शामिल है। साथ ही विधायक ने ग्रामीणों से मिलकर उनकी गांव की समस्याओ से भी अवगत हुई। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जमील मलिकए नसीम अंसारीए आबिद अंसारीए प्रवेज आलमए सुमित उरांवए अनुप राम एवं अन्य उपस्थित रहे।

### शादी का झांसा दे कर यौन शोषण करने वाले आरोपी को जेल

**मांडर।** थाना क्षेत्र के करकरा निवासी मुंसफ अंसारी को गिरफ्तार कर मांडर पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया है। उसके ऊपर इंटर की एक नाबालिग छात्रा ने शादी का झांसा देकर साथ यौन शोषण करने को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में छात्रा ने आरोप लगाया है कि मांडर के करकरा निवासी मुंसफ अंसारी ने कॉलेज आने जाने के करम में जान पहचान हुआ और फिर हम दोनो प्रेम हो गया। प्रेम संबंध के बाद शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया और अब शादी से मुकर गया और जान से मारने की धमकी देता है। पुलिस मामले की छानबीन करते हुए धारा 376 भा0 द0 वि0 एवं 4;6 पोस्को एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्त मुंसफ अंसारी को विधिवत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### मुरुतडीह गांव में किसानों के बीच चना बीज का वितरण

**सोनाहातू।** प्रखंड के गलऊ पंचायत के मुरुतडीह गांव में बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत 125 किसानों के बीच चना बीज का नि:शुल्क वितरण प्रखंड प्रमुख विक्टोरिया देवी के द्वारा किया गया। किसानों को चना बीज प्रभेद सीएसजे 515 किस्म का बीज वितरण किया गया। मौके पर विक्टोरिया देवी एवार्ड सदस्य प्रतिनिधि दिनेश चंद्र महतोए ग्रामीण स्वास्थ्य अध्यक्ष हरिदास मुंडाए प्रखंड तकनीकी प्रबंधक दीनानाथ भगतए पौधा संरक्षण केंद्र प्रभारी बंशीधर महतोए एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र के कृषक मित्र मौजूद थे।

# मनवेल अध्यक्ष और भुवनेश्वर महतो बने सचिव

## झामुमो की बिजुलिया पंचायत कमेटी का गठन

### उपाध्यक्ष चुने गये चंद्रवीर उरांव, तवरेज को कोष की मिली जिम्मेवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रातू।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड समिति की बैठक शनिवार को बिजुलिया में हुयी। अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान मोर्चा संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गयी। इसके उपरांतए सर्वसम्मति से पंचायत कमेटी का गठन किया गया। इसमें मनवेल तिग्गा अध्यक्ष, भुनेश्वर महतो सचिव, चंद्रवीर ऊरॉव उपाध्यक्ष, तबरेज अंसारी कोषाध्यक्ष, इम्तियाज अंसारी संगठन सचिवए अनुज उरांव व इब्राहिम अंसारी सह सचिव चुने गये। जबकिए कार्यकारिणी सदस्यों में आकाश उरांवए आजाद अंसारीए शकील अहमदए आफताब आलमए पप्पू कुमारए रितेश ऊरॉव व अनवर अंसारी शामिल हैं। श्री अंसारी ने नवगठित कमेटी के पदधारी और सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर अमित तिग्गाए वरुण महतोए शकील अहमदए आजाद अंसारीए अब्दुल वाहिद अंसारीए सिकंदर अंसारी व इदरीश अंसारी आदि मोर्चा कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# रातू: प्रखंड अंजुमन कमेटी की एक सप्ताह बाद होगी चुनाव की घोषणा

**रातू।** प्रखंड अंजमन कमेटी की तीन साल का कार्य काल समाप्त हो गया है। नयी कमेटी की चुनाव के लिये शनिवार को बिजुलिया स्थित ईदगाह टंगरा में बैठक हुयी। शफीक अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान सर्वसम्मति से चुनाव समिति का गठन किया गया। इसमें शफीक अंसारी संरक्षकए जहीर मंसुरी अध्यक्ष व मो साबिर अंसारी सचिव चुने गये। समिति के सदस्यों में मो फिरोजए आफताब आलमए सयुफ अंसारीए एजाज अंसारीए मुफ़्ती जेयाउल हकए जुमाउद्दीन अंसारीए मुंतजिर खानए हाजी अरशद अयुब व तजमुल अंसारी शामिल हैं। कमेटी के अध्यक्ष को अधिकार दिया गया कि वह जरूरत के हिसाब से सदस्यों की संख्या बढ़ा सकते हैं। नवगठित कमेटी की ओर से एक सप्ताह बाद चुनाव की घोषणा की जायेगी। इस बीच वोटर लिस्ट तैयार किये जायेंगे।

### बैठक में लिया हिस्सा

शमीम मंसुरी, शाहिद आलम, बेलाल अंसारी, मियांजान अंसारी, अब्दुल कुदुश अंसारी, मनुवर अंसारी, अनवर अली, मो जाबिर अंसारी, तैमुर अंसारी, अनीसुर्रहमान अंसारी, जलील अंसारी, आजाद अंसारी, उस्मान अंसारी, अंजुम खान, इमरान खान, अब्दुल लतीफ अंसारी, मुस्ताक अंसारी, महमुद अंसारी, इम्तियाज अंसारी, अब्दुल सुभान राय।

## एक नजर में

### स्कूली बच्चों ने किया बायोडायवर्सिटी पार्क और रीमिक्स फॉल का भ्रमण



**मांडर।** हेसमी स्थित ब्राइट होप्स स्कूल के बच्चों ने शनिवार को तुपुदाना स्थित बायोडायवर्सिटी पार्क तथा रीमिक्स फॉल का भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में कक्षा 5 से कक्षा 10 तक के बच्चे शामिल हुए। प्रबंधन द्वारा आयोजित इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य कोरोना काल के दौरान बच्चों के लग गए मोबाइल की आदत तथा दूसरे गैजेट के प्रयोग के कारण बच्चों के अवरुद्ध हो गए मानसिक तथा बौद्धिक विकास करना था। स्कूल के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक कृष्ण कुमार भार्गवए निशांत कुमारए मुकेश कुमारए सचिन कुमार तथा अन्य का योगदान रहा। पूरे कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक .शिक्षिका सहित स्कूल के सभी गैर शिक्षण कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### चूरी में ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन

**खलारी।** केयर महिला जागरुकता मिशन इंटरप्राइजेज के तहत चुरी पूर्वी पंचायत में सिलाई कोर्सएब्युटिशियन कोर्सए मेहंदी सहित अन्य के लिए नि:शुल्क ट्रेंनिग सेंटर का उदघाटन किया गया। इस दौरान चुरी पूर्वी पंचायत के मुखिया सेवा उराँव और समाज सेवी सुनिल सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से उदघाटन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपेन्द्र कुमार किरणए वार्ड सदस्य गीता देवीए नगीना देवीएममता देवीएसुमन कुमारीए पायल देवीए संजीता देवीए मिथलेश सिंहए काजल कुमारीएप्रतिमा देवीए संगीता देवीए मिना देवीए अनीता देवीए इंदुमती देवीए पंचायत समिती सदस्य उषा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

### एसएसबी डोंगिडीह ने तीन एकड़ जमीन पर लगे गांजा की खेती को किया नष्ट

**तमाड़।** 26 वीं वाहनी सशस्त्र सीमा बल ई समवाय डोंगिडीह ने तीन एकड़ जमीन पर लगी गांजा की खेती को नष्ट किया। एसएसबी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की कुंदला देगादारी और डेकापोटम में बृहद पैमाने पर गांजा की खेती खेती की गई है। सूचना के आधार पर कंपनी के डिप्टी कमांडेट विजेंद्र कुमार के नेतृत्त में विशेष डोमिनेशन पेट्रोलिंग दस्ता निकला। जिसमें कंपनी के 19 जवान और तमाड़ थाना के दो पुलिस कर्मी शामिल थे। जवानों द्वारा घंटो कड़ी मशक़्क़त के पश्चात 3 एकड़ पर लगी मादक पदार्थ की खेती को नष्ट किया।

### सीआईएसएफ ने अवैध कोयला लदा ट्रक किया जब्त

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र से अवैध कोयला लेकर जा रहे ट्रक जेएच 02 ए एम 7480 को सीआईएसएफ जवानों ने पकड़कर जप्त किया। जानकारी के अनुसार पुरनाडीह परियोजना के आसपास के वन क्षेत्र में अवैध कोयला खनन कर रखे कोयले को ट्रक से लोड करके खलारी थाना क्षेत्र होते हुये अन्यत्र जगह खपाने के लिए भेजा जा रहा था। अवैध माइनिंग कर रखे कोयले को उठकर ले जा रहे ट्रक की सूचना जब सीआईएसएफ जवानों को हुई तो तुरंत हरकत में आकर ट्रक का पीछा किया गया। सीआईएसएफ के द्वारा ट्रक को पीछा करते देख चालक ने के0डी0 चौक के पास ट्रक को खड़ा कर फरार हो गया। सीआईएसएफ के जाँचो प्रान्त में ट्रक व कोयले का कागजात किसी तरह का नही मिला।अवैध कोयला लदा ट्रक को जप्त करते हुये खलारी थाना को सुपुर्द कर दिया गया। वही खलारी थाना को पूछे जाने पर बताया कि सीआईएसएफ ने पकड़कर कोयला ट्रक थाना में रख दिया गया है।

### राहे ओपी में लगा भूमि विवाद समाधान शिविर

**राहे।** राहे अंचल में भूमि विवाद को खत्म करने के लक्ष्य को लेकर शनिवार को राहे ओपी परिसर में शिविर लगाया गया। भूमि विवाद के दो मामले आये। दोनों पक्ष की दलील सुनने के बाद फैसला दिया गया। भूमि विवाद की समस्या को खत्म करने के लिये शिविर लगाने का निर्णय लिया गया है। इसी के आलोक में प्रत्येक शनिवार को ओपी परिसर में भूमि विवाद समाधान शिविर लगाया जायेगा। इस सम्बंध में सीओ महेंद्र छोटन उरांव ने कहा कि भूमि विवाद को लेकर प्रत्येक शनिवार को शिविर लगाया जाएगा और विवाद के अनुसार समाधान दिया जाएगा। मौके पर ओपी प्रभारी रामरेखा पासवानएसीआई जेत सिंह टोप्पो आदि उपस्थित थे।

### जतरा हमारे पूर्वजों की देन है: सन्नी टोप्पो

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के अरमा लठदाग में लड्डवा पूस जतरा का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति जतरा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मांडर विधानसभा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने फीता काटकर किया। इस दौरान सन्नी टोप्पो ने कहा कि परंपरा के प्रतीक जतरा हमारे पुर्वजों की देन हैए इसे इसी स्वरूप में बरकरार रखने रखने की जरूरत है। आदिकाल से जतरा का आयोजन हमारे पुर्वज करते आ रहे हैंए आज समय जरूर बदला है लेकिन हम अपने पुर्वजों की विरासत को बचाए रखने में सफल हुए हैं। उन्होंने युवाओं को नशापान से दुर रहने की सलाह दिए। मौके पर प्रखंड प्रमुख कंचन उरांवए आयोजन कमेटी के अध्यक्ष कमलेश गोपए उपाध्यक्षए कैलाश गोपए सचिव दीपक गोप संरक्षक मदरा मुंडाए मांगा तिर्कीए चरकू साहूए विजय सिंहए जर्नादन दासए संदीप साहुए महादेव कूजूरए फलीन्दर ठाकुरए भदइ महलीए बंधना उरांवए संतोष बड़ाईकए अजय कुमारए अभिमंत कुमार सिंहए अनुप कुमारए पंकज सिंहए रमेश उरांवए सरोज कुमार गुड़ियाए नवोध कुमार सिंहए रंगबहादुर सिंहए राजेन्द्र सिंहए अजय कुमार साहुए राजेन्द्र गोप सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना हमारा दायित्व: बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड कार्यालय व पंचायत के सभी कर्मी कार्यशैली में सुधार लाएं। ससमय कार्यों को पूर्ण करना और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना ही हम सब का प्रथम दायित्व है। उक्त बातें बेड़ो प्रखंड के सभागार में शनिवार को आयोजित समीक्षात्मक बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने कही। उन्होंने मनरेगाए प्रधानमंत्री आवास योजनाए आंगनबाड़ीए खेल मैदानए सहित अन्य विकास योजनाओं में असंतोषजनक प्रगति पर नाराजगी का इजहार करते हुए कहा कि समय की पाबंदी और इच्छाशक्ति के बिना हम अपने कार्यों के प्रति न्याय स्थापित नहीं कर सकते हैं। मनरेगा के तहत हर गांव में कम से कम 5 योजनाओं का संचालन साथ ही पंचायत में 100 से अधिक डिमांड सुनिश्चित किए जाने का सख्त निर्देश दिया साथ ही लंबित योजनाओं को पूर्ण करने की हिदायत दी। प्रधानमंत्री आवास योजना को समय पूर्ण करने के लिए जेइए एइ सहित 7 सदस्य टीम का गठन कर प्रगति लाने का निर्देश दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह कम से कम 3 पंचायत का निरीक्षण किया जाएगा। जिसकी शुरूआत बुधवार से करकरी पंचायत से की जाएगी।

# कोल इंडिया को बचाना है तो केंद्र की भाजपा सरकार को मिलकर हटाना होगा: अनूप सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पिपरवार।** कोल इंडिया को बचाना है तो केंद्र में बैठी बीजेपी सरकार को हटाना होगा तभी यूनियन के कार्यकताओं को जेबीसीसीआई की बैठक में बैठने का अधिकार प्राप्त होगा उक्त बातें राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बेरमो विधायक अनूप कुमार सिंह ने पिपरवार मैं एक दिवसीय सम्मेलन के दौरान कहा स राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन रीजनल कमेटी का एक दिवसीय सम्मेलन पिपरवार स्थित बचरा ऑफीसर्स क्लब में शनिवार को संपन्न हुई । कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनियन के वरिष्ठ नेता गिरजा शंकर पांडे एवं संचालन पिपरवार क्षेत्रीय सचिव विद्यापति सिंह ने किया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बेरमो विधानसभा के विधायक सह यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह उर्फ जय मंगल सिंहएएवं बड़कागांव विधानसभा के विधायक अंबा प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे । कार्यक्रम का शुभारंभ इंटक के दिवंगत नेता स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गयाए साथ ही कोरोना काल में दिवंगत कोयला कामगारों के प्रति 2 मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त की गई। कार्यक्रम के दौरान बड़कागांव विधानसभा के विधायक अंबा प्रसाद द्वारा राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के सदस्यता ग्रहण करने पर मुख्य अतिथि अनूप कुमार सिंह के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया ।

# आईएचएम ने चलाया पर्यटक जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मांडर।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट राँची ने शनिवार को पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित स्वच्छता एक्शन प्लान के अंतर्गत पर्यटक जागरूकता अभियान कार्यक्रम का कांके डैमए रॉक गार्डेन राँची के परिधि में स्वच्छता अभियान एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। पर्यटक जागरूकता अभियान के दौरान कांके डैमए रॉक गार्डेन राँची के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा आसपास के क्षेत्रों में साफ सफाई भी की गई। इसके साथ ही अनुकृति नाट्य दल द्वारा प्रदूषण से पर्यावरण एवं प्रकृति नाराज विषय पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई जिसमें बताया गया कि किस प्रकार वन एवम जंगलों को काट कर विकास के जरिए पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा तथा किस प्रकार प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण के साथ साथ स्वच्छता को भी नुकसान पहुंच रहा। तत्पश्चात उपस्थित लोगों को पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने के लिए प्रोत्साहित एवं पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए उपहार वितरित कियाए और उपस्थित लोगों द्वारा स्वच्छता संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में व्याख्याता विनीत सिन्हाए सहायक व्याख्याता आरती तेवतियाए कर्मचारी एवम द्वितीय वर्ष तथा क्राफ्ट कोर्सेज के छात्र शामिल थे।

# हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात

## दर्जनों किसानों की फसल ड्रीप मशीन की छति

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**ओरमांझी।** जंगली हाथियों की झुंड द्वारा दूसरे दिन भी प्रखंड क्षेत्र में दूसरे दिन भी उत्पात मचाया गया है। शुक्रवार रात को ओरमांझी क्षेत्र के हतवाल के दर्जन भर किसानों के फसल व सिचाई सामग्री को छति पहुंचाया गया है। हतवाल के किसान चरका महतो, बाबुलाल महतो, मदन महतो, प्रदीप महतो, जीतेंद्र महतो, सुरेष महतो, कैलाष पाहन, डा परसरनाथ महतो, राजेष महतो, राजेंद्र ठाकुर, गणेष ठाकुर, कृष्णा महतो, मुकेष महतो, मिथिलेष महतो, घुरन महतो सहित कई किसानों के मटर, आलू, बीन व कदु की फसल की छति हुई है। वहीं कई किसान के खलियान में रखे धान की फसल को ही हाथियों द्वारा चट कर गया है। इसके अलावे मनातु व पांचा के किसानों की फसल व कृषि सामग्री को छति पहुंचा है। एक दिन पूर्व शुक्रवार को भी क्षेत्र के दर्जन भर किसानों के फसल की छति पहुंचा गया है। पीड़ित किसानों द्वारा विभाग से मुआवजा की मांग किया गया है।

# प्रखंड प्रशासन ने जनप्रतिनिधि एकादश को हराया

## मैत्री क्रिकेट मैच

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चान्हो।** पत्रकार, जन प्रतिनिधि एकादश बनाम प्रखंड सह अंचल प्रशासन के से बाघवार स्कूल मैदान में शनिवार को मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें प्रखंड प्रशासन ने पत्रकार व जनप्रतिनिधि एकादश की टीम को 39 रनो से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रखंड एकदाश की टीम ने 10 ओवर में 139 रन बनाए। जवाब में पत्रकारों की टीम 10 ओवर में 100 रन ही बना सकी। बेहतरीन बल्लेबाजी करने वाले जिप सदस्य आशुतोष तिवारी मैन ऑफ द मैच रहेए वही बीडीओ प्रदीप भगत को बेस्ट बॉलर का खिताब और विजेता का ट्रॉफी दिया गया।मौके पर जिप सदस्य आदिल अजीम ने कहा कि प्रखंड के विकास में जनप्रतिनिधि और प्रेस स्थानीय प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते है।इस प्रकार के आयोजन से मिलने जुलने का अवसर तो मिलता ही हैए शारीरिक रूप से भी फायदा होता है।आज के खेल के बाद एहसास हुआ कि खेलने के लिए फिटनेस का कितना महत्व है।उन्होंने दोनो टीम को बधाई दिया। मौके पर अजीत कुमार सिंहए सीओ जफर हासनतए जनसेवक उपेंद्र सिंहए विवेक कुमारए रोहित कुमारए रहमतुल्लाह अंसारीए प्रदीप मिश्राए आसिफ राजाए प्रदीप गुप्ताए मोहसीन खानए अल्ताफए दिलीप सिंहए अफरोज आदि मौजूद थे।

## बोड़ेया मिडिल स्कूल परिसर को खेल मैदान बनाने का प्रस्ताव ग्राम सभा से किया पारित

**कांके।** बोडेय़ा, अरसंडे चौक पर अवस्थित पुराना मिडिल स्कूल बोडेय़ा के परिसर में मुखिया सोमा उराँवए बोडेय़ा पंचायत कांके प्रखण्ड के द्वारा विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पुराना मिडिल स्कूल कैंपस को खेल मैदान एवं स्पोर्ट्स सेंटर के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया तथा कैंपस के अंदर जर्जर भवन को समतलीकरण का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। विदित हो कि पुराना मिडिल स्कूल कैंपस में लगभग 20 वर्षों से किसी भी तरह का कोई शैक्षणिक कार्य नहीं हो रहा है तथा कैंपस वीरान पड़ा हुआ हैं। क्योंकि बोडेय़ाएअरसंडे ग्राम में एक भी खेल का मैदान नहीं है।

**समय संवाद**

वे नारे लगा रहे हैं कि शी जिनपिंग तुम गद्दी छोड़ो। इसका कारण क्या है? वह कारण महामारी से भी अधिक गहरा है। वह है– चीनी लोगों का तानाशाही से तंग होना। वे अब लोकतंत्र की मांग कर रहे हैं। सोशल मीडिया के जरिए यह संदेश घर–घर पहुंच रहा है। इस मांग का सबसे ज्यादा असर शिनच्यांग (सिंक्यांग) प्रांत में देखने को मिल रहा है। उसकी राजधानी उरूमची में 10 लोगों कीजान जा चुकी है। शिनच्यांग में उइगर मुसलमान रहते हैं। उनकी जिंदगी चीन के हान मालिकों के सामने गुलामों की तरह गुजरती है। लगभग 30 साल पहले मैं लोगों से मिला हूं।

# चीन में लोकतंत्र की मांग समाज का प्रतिकार

**डॉ वेदप्रताप वैदिक**



**चीन** के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनकी कम्युनिस्ट पार्टी के खिलाफ आजकल जिस तरह के आंदोलन जगह-जगह हो रहे हैं, वे 1989 में थ्यानमेन चौराहे पर हुए भयंकर नरसंहार की याद ताजा कर रहे हैं। पिछले 33 साल में इतने जबरदस्त प्रदर्शन चीन में दुबारा नहीं हुए। ये प्रदर्शन तब हो रहे हैं जबकि यह माना जा रहा है कि माओत्से तुंग के बाद शी सबसे अधिक लोकप्रिय और शक्तिशाली नेता हैं। अभी-अभी उन्होंने अपने आपको तीसरी बार राष्ट्रपति घोषित करवा लिया है लेकिन चीन के लगभग 10 शहरों के विश्वविद्यालयों और सड़कों पर उनके खिलाफ नारे लग रहे हैं। ऐसा क्यों हो रहा है? सारे अखबार और टीवी चैनल मानकर चल रहे हैं कि ये प्रदर्शन कोरोना महामारी के दौरान जारी प्रतिबंधों के खिलाफ हो रहे हैं।

मोटे तौर पर यह बात सही है। चीन में कोरोना की शुरूआत हुई और वह सारी दुनिया में फैल गया लेकिन दुनिया से तो वह विदा हो लिया किंतु चीन में उसका प्रकोप अभी तक जारी है। ताजा सूचना के मुताबिक 40 हजार लोग अभी भी उस महामारी से पीड़ित पाए गए हैं। चीनी सरकार ने इस महामारी का मुकाबला करने के लिए दफ्तरों, बाजारों, कारखानों, स्कूल-कालेजों और लगभग हर जगह कड़े प्रतिबंध थोप रखे हैं। उनकी वजह से बेरोजगारी बढ़ी है, उत्पादन घटा है और मानसिक बीमारियां फैल रही हैं। इसीलिए लोग उन प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रहे हैं। उन्हें हटाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन वे अब इससे भी ज्यादा आगे बढ़ गए हैं।

वे नारे लगा रहे हैं कि शी जिनपिंग तुम गद्दी छोड़ो। इसका कारण क्या है? वह कारण महामारी से भी अधिक गहरा है। वह है- चीनी लोगों का तानाशाही से तंग होना। वे अब लोकतंत्र की मांग कर रहे हैं। सोशल मीडिया के जरिए यह संदेश घर-घर पहुंच रहा है। इस मांग का सबसे ज्यादा असर शिनच्यांग (सिंक्यांग) प्रांत में देखने को मिल रहा है। उसकी राजधानी उरूमची में 10 लोगों की जान जा चुकी है।

शिनच्यांग में उइगर मुसलमान रहते हैं। उनकी जिंदगी चीन के हान मालिकों के सामने गुलामों की तरह गुजरती है। इस प्रांत में लगभग 30 साल पहले मैं काफी लोगों से मिल चुका हूं। वहां हान जाति के चीनियों के विरुद्ध लंबे समय से आंदोलन चल रहा है। उइगर मुसलमानों के इस बगावती तेवर को काबू करने के लिए लगभग 10 लाख मुसलमानों को सरकार ने यातना शिविरों में डाल रखा है। गैर हान तो चीन की सरकार के विरुद्ध हैं ही, अब हान चीनी भी खुलेआम तानाशाही के खात्मे की मांग कर रहे हैं। लेकिन चीन की सरकार का कहना है कि यदि वह तालाबंदी खोल देगी तो 80 साल से ज्यादा उम्र के लगभग 50 करोड़ लोगों की जिंदगी खतरे में पड़ जाएगी। यदि महामारी ने विकराल रूप धारण कर लिया तो लाखों लोग मौत के घाट उतर जाएंगे। दोनों पक्षों के अपने-अपने तर्क हैं लेकिन यह आंदोलन बेकाबू हो गया तो कोई आश्चर्य नहीं कि चीन का भी रूस की तरह, शायद कम्युनिस्ट पार्टी से छुटकारा हो जाए।

(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष हैं।)

# भारत अविभाजित है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**अगर** जोड़ गलत होगा तो परिणाम सही कैसे हो सकता है।गणित का यह सिद्धांत जीवन में प्रेरणा देता है। गुरुदेव के आश्रम में आकर देखा कि स्वामी जी अपने गुरु स्वामी स्वरूपानंद जी के बारे में बताते समय भाव से भरे होते थे। वे लाहौर के पास एक आश्रम में रहते थे। एक बार जब काशी आये तब उनकी मुलाकात उनसे हुई थी। गुरुदेव को स्वामी स्वरुपानंद जी ने आदेश दिया कि अब काशी में आश्रम का निर्माण कराया जाए और भक्ति काशी में स्थापित किया जाए। गुरुदेव ने पूरे मन से इस कार्य को अंजाम दिया और वह काल उनके 19 वें साल से 50 वें साल तक का था। काशी में बंगला कुटी में ब्रह्म विद्यालय आश्रम केनिर्माण के बाद राजपुर के भक्तों के आग्रह और अपने गुरुदेव स्वामी स्वरुपानंद जी महाराज से आदेश लेकर वे छोटका राजपुर आये। इस गांव में पहले से भक्त थे। कुछ दिनों बाद ही उन्होंने ब्रह्म विद्यालय की स्थापना की अपनी इच्छा व्यक्त किया। जिसे गांव वासियों ने तुरंत मानते हुए उन्हें कई स्थान पर जमीन दिखाया। लेकिन गुरुदेव ने बड़ी सोचकर भविष्य की योजनाओं को समझकर वर्तमान समय जहां आश्रम है उसका चयन किया। अगर काशी और राजपुर के भक्ति काल को जोड़ दियाजाए तो गुरुदेव ने 70 वर्षो तक भक्ति का प्रसार किया और तत्व ज्ञान का विस्तार किया। एक बार मैंने विंध्याचल स्थित भवानी माता को लेकर गुरुदेव से सवाल किया। गुरुदेव ने कहा कि जिज्ञासा होगी तब सवाल करेगा, पूछेगा, खोजेगा तब जबाव आयेगा। इस जबाव के लिये जीव गुरु की तलाश करेगा। अगर आप सोचते हैं कि बिना सदगुरु के आपको गीता, रामायण बुझा जायेगा तब आप भ्रम में है। हमारे आश्रम के महात्मा दर्शनानंद जी कहते थे कि ज्ञान पाना चाहते हो तो राजपुर आओ और यहां आकर माथा पटकना होगा।

देश विभाजित हुआ ऐसा बोलना पूरी तरह से गलत है। इंडिया डिवाइडेट शब्द और इस विचार पर लिखे कोई पुस्तक को सही नहीं माना जा सकता है। भारत सदा अभिभाजित है। दिनकर की पंक्तिया है किसको नमन करूं मैं भारत किसको नमन करूं मैं। दिनकर ने भारत को एक माना, एक संस्कृति और सिद्धांत का नाम ही भारत है जो आज भी हिमालय से लेकर हिंद महासागर तक सुरक्षित है। नेशन एंड कंट्री। राष्ट्र का डिवीजन नहीं हो सकता है। पांच हजार साल की ज्ञात संस्कृति है जो वेद से संरक्षित, रक्षित है। वेद व्यास ने वेदों को संहिता, ब्राम्हण और उपनिषद के ज्ञान से आच्छिादित किया।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर, बिहार)**

# बच्चों में खाने की बेहतर आदत

**रश्मि सिन्हा**

**आजकल** बच्चे जंक फूड खाना ज्यादा पसंद करते हैं, जैसे पिज्जा, बरगर, न्यूडलस। लेकिन शायद आप यह नही जानते कि ऐसा खाना आपके बच्चे की सेहत को तो नुक्सान पहुंचाता ही हैं, साथ ही साथ दिमाग के विकास पर भी बुरा असर डालता है।

पैकड फूड और जंक फूड में हाई कैलोरी तो होती है लेकिन इसमें पौषक तत्वों की बहुत कमी होती है। जिससे उनका विकास रूक सकता है। बच्चे के खाने की आदत का उनके मानसिक स्वास्थ्य को भी बहुत प्रभवित करता है।

यादाशत और सोचने में कमी, सुस्ती, नींद न आना बच्चे के खाने की आदतों के ही सभी परिणाम होते हैं। शारीरीक और मानसिक तंदरुस्ती अच्छे खाने से ही आती हैं।

जो हैल्दी खाना बच्चे रोजाना खा रहें हैं, उसका उनके स्वास्थ्य मानसिक विकास और प्रतिरोधक क्षमता पर भी असर पड़ता है। हम बच्चों को घर पर बने हुए स्नैक्स और उनकी पसंदीदा जूस का फ्लेवर भी दे सकते है। जिसे उन्हें पूरा पोषण भी मिलेगा और खाने में भी टेस्टी होगें।

### बच्चों के लिए फायदेमंद आहार...

**-शहद में कुदरती मिठास होती है और हैल्दी भी होता है।**

**-बादाम दिमाग के विकास के लिए बहुत अच्छे होते हैं। गर्मियों में रात को भिगो कर रखे हुए बादामों को दूध के साथ खाना फायदेमंद होता है।**

**-केला और दूध कैल्शियम से भरपूर होता है और बच्चे के विकास के लिए बहुत जरूरी है।**

**-पनीर और योगर्ट विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होते हैं।**

**-हरी सब्जियां और सी फूड बच्चे के खाने में जरूर शामिल करें।**

**-केला, बादाम और शहद खाने से बच्चों की स्टैमिना पावर पर अच्छा असर पड़ता है।**

**-ब्रोकली, गाजर को सलाद में जरूर शामिल करना चाहिए।**

**-दोपहर के खाने के बाद फलों को सेवन करना फायदेमंद होता है।**

**-मक्खन और घी बच्चों के खाने में देने से वह हैल्दी रहते हैं।**

# पांच ग्राम से अधिक नमक को ना कहें



**जीवीएस शास्त्री**

**नमक** एक ऐसा खाद्य पदार्थहै, जिसके बिना किसी का भी काम नहीं चल सकता है। खाने में इसका इस्तेमाल सिर्फ स्वाद बढ़ाने के लिए ही नहीं किया जाता है बल्कि इसके कई फायदे भी हैं।

अगर आपके गले में खराश है, दर्द है या फिर सूजन, नमक के पानी से कुल्ला करने या गरारा करने से काफी राहत मिलती है। दरअसल, यह एक एंटीसेप्टिक की तरह काम करता है और संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। इस कोरोना काल में भी लोगों को नमक पानी से गरारा करने की सलाह दी जा रही है और नमक के बिना खाना तो एकदम बेस्वाद ही लगता है। लेकिन क्या कभी आपने ये सोचा है कि ज्यादा नमक नुकसानदायक भी हो सकता है? विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सलाह दी है कि लोगों को रोजाना मात्र पांच ग्राम ही नमक का सेवन करना चाहिए, जबकि अधिकतर लोग इसका दोगुना नमक रोज खाते हैं। संगठन का कहना है कि अधिक नमक खाने से हर साल तीन मिलियन यानी 30 लाख लोगों की मौत हो जाती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि अधिक नमक खाने से हृदय रोगों और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। संगठन की पिछले साल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वयस्कों के लिए प्रति दिन पांच ग्राम से कम नमक का सेवन रक्तचाप, हृदय रोग, स्ट्रोक और कोरोनरी हार्ट अटैक के जोखिम को कम करने में मदद करता है।

कई विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि अधिक नमक के सेवन से किडनी में पथरी होने की संभावना अधिक होती है, क्योंकि यह मूत्र में कैल्शियम का स्तर बढ़ाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर अगर नमक की खपत को अनुशंसित स्तर तक कम कर दिया जाए तो अनुमानित 2.5 मिलियन यानी 25 लाख मौतों को हर साल रोका जा सकता है। अगर आप पैकेट बंद खाद्य पदार्थों (चिप्स वगैरह) का सेवन अधिक करते हैं, तो संभल जाइए, क्योंकि जाने-अनजाने में आप इसी के जरिए वो नमक की ज्यादा मात्रा ले लेते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। इसलिए ध्यान रखें और रोजाना तय मात्रा से अधिक नमक का सेवन न करें।

# जो हुआ अच्छा हुआ इस पर विश्वास करें

**अजयदीप बाधवा (मोटिवेटर)**



**जिंदगी** हमेशा चलती रहती है। जीवन में यदि कोई चीज स्थिर है तो वह बदलाव है। जिंदगी का हर एक पल बदलता रहता है। फिर चाहे उन पलो में आप नए घर भी जा सकते हो। नयी जगह भी जा सकते हो। नया जॉब भी हासिल कर सकते हो। नयी कार भी खरीद सकते हो। शादी या तलाख भी कर सकते हो। बच्चे को जन्म भी दे सकते हो। आर्थिक लाभ या हानी भी हो सकती है और कुछ भी बदलाव हो सकते है।

ये सब कुछ हम सभी के जीवन में होता है। हमारे जीवन का ये एक प्राकृतिक भाग है। कभी-कभी बदलाव हमारे लिये अच्छा भी हो सकते है और कभी-कभी हमारे विरूद्ध भी हो सकते है।

लोग बदलाव को जिंदगी की सबसे बड़ी चीज मानते है। क्योकि बदलाव हम में से हर किसी के जीवन में होता ही है।

इस दुनिया में चीजे कभी एक जैसी नही रहती। वे लगातार बदलती रहती है। इंसानी विचारो की तरह इस दुनिया में चीजे भी बदलती रहती है। बदलाव को रोकने के फिर चाहे आप कितने की प्रयास क्यों न कर लो। बदलाव यदि होना है तो आप उसे होने से नहीं रोक सकते। जिंदगी में होने वाले बदलावों को आप नहीं रोक सकते।

बदलाव जीवन का ही एक प्राकृतिक भाग है। हमें बदलाव को बिना किसी विरोध के अपनाना चाहिये। साधारणतः सामान्य लोगो को बदलाव से काफी डर लगता है। क्योंकि उन्हें इस बात का डर होता है की कही बदलाव से वे विपरीत परिस्थितियों में न फास जाये। या फिर कही वह अपनी वर्तमान सफलता न खो बैठे।

यह सिद्ध हो चूका है की किसी के भी खिलाफ लड़ने से वह आपको और ज्यादा खराब बनाते है। बदलाव हमेशा अलग-अलग नही होते। जब आप बदलाव का सामना करते हो तो उस से आपको गुस्सा, अशांति, दर्द, चिंता और तकलीफ हो सकती है क्योकि उस समय आपको नकारात्मक प्रतिक्रिया मिलती रहती है।

इसीलिए आनंदमय जीवन जीने के लिये आपको यह सलाह देना चाहूँगा की जीवन में बदलाव को खुशी से अपनाये। अपनी महत्वपूर्ण उर्जा को गुस्सा करने में चिंता करने में या लड़ने में व्यर्थ न करे। बल्कि अपनी उर्जा को अच्छी आदतों में लगाये।

यदि बदलाव से आपका कोई आर्थिक नुकसान होता है तो ज्यादा चिंतित मत होइए क्योकि शारीरिक और मानसिक नुकसान की तुलना में आर्थिक नुकसान काफी छोटा होता है। यहाँ मै आपको कुछ उपाय बताऊंगा जिससे आप बदलाव से होने वाले इन नुकसानों से बच सकते हो।

बदलाव को अपने विकास का अवसर समझे उसे विकास के नजरिये से देखे और उसे हसी-खुशी अपनाये। नयी परिस्थितियों का, नयी चुनौतियों का हमेशा स्वागत करे।

आपमें सच का सामना करने की और उसे सुनने की आदत होनी चाहिये। तभी आप अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हो।बदलाव के इस अवसर को आपके कल्याण के लिये भगवान द्वारा भेजा गया पुरस्कार समझिये। आपको हमेशा यह याद रहना चाहिये की भगवान हमेशा आपके लिये अच्छा ही चाहता है और हमेशा आपका ध्यान रखता है। **(लेखक मोटिवेटर, काउंसलर और वित्त विषयों के जानकार हैं।)**

# बोतल का पानी है खतरनाक

**शशि**

**जल** ही जीवन है, ये बात हम बचपन से सुनते आ रहे हैं। हमारे शरीर के सभी अंग ठीक से काम करते रहें इसके लिए बॉडी में पानी का होना बहुत जरूरी है। खासतौर पर गर्मियों में पसीना ज्यादा निकल जाने से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। इससे कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं।

शरीर में बैक्टीरिया, वायरस जैसे इन्फेक्शन होने पर भी डॉक्टर्स ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह देते हैं। अब सवाल यह उठता है, क्या पानी पीने का भी कोई सही या गलत तरीका होता है?

हालांकि इस बात का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है लेकिन आयुर्वेद में ऐसा माना जाता है कि खड़े होकर पानी पीने के नुकसान हो सकते हैं। बताया जाता है कि जब हम खड़े होकर पानी पीते हैं तो शरीर में तरल पदार्थों का बैलेंस बिगड़ जाता है। ऐसा होने पर जोड़ो से जुड़ी समस्या जैसी समस्याएं हो सकती हैं। हालांकि डॉक्टर्स की सहमति इस बात पर नहीं है।

अक्सर लोग बॉटल से डायरेक्ट पानी पी लेते हैं। घर के बड़े इसको लेकर टोकते भी हैं पर कोई ध्यान नहीं देता। बोतल से पानी पीना ठीक नहीं। हमें हमेशा ग्लास में पानी लेकर घूंट-घूंट करके पीना चाहिए। इसकी एक वजह यह बताई जाती है कि जब हम बॉटल से डायरेक्ट पानी पीते हैं तो एक-दो घूंट में उस वक्त के लिए गला तर हो जाता है और हम पानी कम पीते हैं। अगर आप ग्लास में लेकर पानी पीते हैं तो पूरा ग्लास खत्म करते हैं और शरीर में ज्यादा पानी पहुंचता है। पानी का एक छोटा सिप लें, इसको निगल लें फिर सांस लें। आयुर्वेद में पानी पीने का ये सही तरीका माना जाता है।

बहुत ठंडा पानी पीने से आपके डाइजेशन की प्रक्रिया डिस्टर्ब होती है। गुनगुना पानी पीने के कई फायदे हैं। पानी ना ज्यादा ठंडा, ना ज्यादा गर्म बल्कि कमरे के तापमान जितना होना चाहिए। जब आपको प्यास लगे तब पानी पिएं। रोजाना ढाई से तीन लीटर पानी पीने का लक्ष्य रखें।

# डायरिया से भी रहें सावधान



**कुमार गौरव**

**आजकल** के वातावरण में सफाई के लिए कहा जा रहा है। साफ-सफाई तो हमेशा जरूरी होती है। कोविड के इस दौर में डायरिया जैसी बीमारी से भी सावधान रहने की जरूरत है। झारखंडसहित देश का तापमान 40 डिग्री से उपर जा रहा है एसे में यह एक सामान्य रोग हो सकता है। वैसे विशेषज्ञ मुख्य वजह साफ-सफाई का अभाव ही मानते हैं। अगर दूषित खाना या अस्वच्छ जगह पर भोजन या खाने-पीने की कोई और चीज बनी हो तो वह डायरिया की मुख्य वजह हो सकती है। असल में डायरिया को दस्त से जुड़ी समस्या के रूप में जाना जाता है लेकिन इसके हरेक केस में परिस्थितियां अलग-अलग होती हैं। इस संबंध में सीनियर फिजिशयन डॉ. शशांक शर्मा कहते हैं कि डायरिया मुख्य रूप से लोगों को तीन रूपों में परेशान करता है। अक्यूट डायरिया सबसे कम दिनों तक होता है। यह एक सप्ताह तक रह सकता है, जबकि, पर्सिस्टेंट डायरिया लगभग तीन सप्ताह तक बना रह सकता है। इसके साथ ही क्रॉनिक डायरिया मरीजो को चार सप्ताह से अधिक समय तक रह सकता है जो कि जानलेवा हो सकता है। डॉ शर्मा बताते हैं कि वयस्क, बच्चों और शिशुओं में डायरिया के लक्षण अलग-अलग होते हैं, जिसकी वजह से डायरिया का इलाज भी अलग-अलग तरह से किया जाता है।

**मुख्य लक्षण**

छोटे बच्चों में डायरिया की शिकायत होने पर थकान, सिरदर्द, पेशाब की कमी, चिड़चिड़ापन, रूखी त्वचा, बुखार, मल का रंग काला होना जैसे लक्षण दिखने लगते हैं। वहीं वयस्कों को डायरिया में जी मिचलाना, उल्टी, अनिद्रा, वजन कम होना जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इनके अलावा दस्त होना और उसमें खून आना आम लक्षण हैं जो सभी आयुवर्ग के मरीजों में पाए जा सकते हैं। इसलिए ऐसे लक्षण हों तो आपको डॉक्टर से सलाह लेकर उचित समय पर इसका इलाज करवा लेना चाहिए ताकि बीमारी आपको ज्यादा दिनों तक तंग न कर सके।

**डायरिया होने के कारण**

डायरिया होने के मुख्य कारण हैं आपके आहार एवं आसपास के वातावरण में स्वच्छता का अभाव तथा आंतों का कमजोर होना। क्योंकि खराब खानपान के कारण आंतों के कमजोर होने की समस्या सामने आती है। इसके अलावा अगर व्यक्ति को किसी तरह की फूड एलर्जी है तो उस फूड को खाने पर भी डायरिया हो सकता है। विशेषज्ञ कई बार बताते हैं कि आप खान-पान की ऐसी चीज को समझें जिससे आपको दिक्कत होती है। कई बार हमें पता चल जाता है कि हमें कोई फल या किसी खास तरह की सब्जी नहीं पचती है तो उसकी पहचान कर उसे खाना बंद कर दें। डायरिया आंतों में संक्रमण के कारण भी हो सकता है। क्योंकि ये आपकी लैक्टोज पचाने में आई क्षमता में कमी को दशार्ता है। ऐसे लोग आसानी से डायरिया से ग्रस्त हो सकते हैं।

**बचावः** सबसे पहले तो शरीर में हुई पानी की कमी दूर करने के लिए इलेक्ट्रोलाइट या स्पोर्ट्स ड्रिंक, लेना चाहिए। ओआरस भी ऐसे में दिया जाता है। क्रॉनिक डायरिया होने अथवा स्थिति ज्यादा बिगड़ जाने पर इंट्रावीनस के जरिए शरीर में तरल पदार्थ पहुंचाना पड़ सकता है। अतः डॉक्टर के पास जाने में देर मत करें। अगर डायरिया की शिकायत बैक्टीरिया के कारण हुई हो तो डॉक्टर एंटीबायोटिक दवा भी लिख सकते हैं। अपने आसपास और लिए जा रहे फूड्स में हाइजीन का हमेशा ख्याल रखें और आंतो को स्वस्थ रखने का प्रयास करें। समय से सोना-जागना, खाने के तुरंत बाद अधिक मात्रा में कोई लिक्विड लेने से परहेज, तनावमुक्त रहना और योग करना आपकी आंतों को हेल्दी रखने में सहायता करेगा। साथ ही रात में खाने और सोने के बीच एक से दो घंटे का अंतराल जरूर रखें।

**(लेखक दिशा साई संस्थान हजारीबाग के संस्था प्रमुख हैं।)**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# कजोमा घाट में जीवंत हुई 150 साल की कहानी

**सुरेन्द्र किशोरी**




**राष्ट्रकवि** रामधारी सिंह दिनकर के गृह जनपद बेगूसराय में साहित्य की धारा कभी कम नहीं हुई। दिनकर जी के जाने के बाद भी यहां कई ऐसे साहित्यकार और कवि हुए जो हमेशा चर्चा में रहे। इन दिनों ऐसे ही चर्चा में हैं सामाजिक मुद्दों पर लगातार लिखते-पढ़ते रहने वाले मंझौल के महेश भारती। हाल में महेश भारती का "कजोमा घाट" उपन्यास छपा है। यह गंडक के कछार में बसे उत्तर बिहार के इसी भूभाग की डेढ़ सौ साल पुरानी कहानी है। इसमें तत्कालीन ग्रामीण, सामाजिक, आर्थिक और मानवीय व्यवस्था को बप्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इसकी समीक्षा में नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस से जुड़े दिल्ली में रहने वाले प्रणव झा लिखते हैं-महेश भारती के उपन्यास कजोमा घाट की सबसे पहले ध्यान आकृष्ट कर प्रभावित करनेवाली दो चीजें हैं किताब का शीर्षक एवं इसका कवर पेज। यह दोनों पाठक का ध्यान खींचने में कामयाब हैं।

'कजोमा" उत्तर बिहार का आंचलिक शब्द है। इसका अर्थ है सुंदर कन्या। शीर्षक से मेल खाता उपन्यास का कवर पेज पाठक में रहस्यमय जिज्ञासा पैदा करता है। कथानक एवं पात्रों को गढ़ने में महेश भारती ने निश्चय ही अपने कल्पनाशीलता के साथ-साथ अपने बुजुर्गों और पूर्वजों से सुने अनुभवों और दंत कथाओं का बहुत ही समावेशी संयोजन किया है। कथा अंग्रेजों के जमाने की है, लेकिन इसे कहीं से भी स्वतन्त्रता आंदोलन या राष्ट्रवाद आदि के चश्मे में नहीं फिट किया जा सकता है। यह कहानी पूर्ण रुपेण तत्कालीन आम लोगों के जीवन और जद्दोजहद पर केंद्रित है। यह तत्कालीन समाज की जातिगत व्यवस्था और उससे जुड़े रोजगार तथा अर्थव्यवस्था के ढांचे पर खड़ी है। कहानी में अंग्रेजों के नील कोठी विकसित करने और जमींदारों से संघर्ष एवं संधि कथा की भी झलक है। कहानी के केंद्र मे चार-पांच पात्र हैं- कजोमा, उसकी बहन अरहुलिया, युवा अंग्रेज अधिकारी मैकफर्सन, कजोमा की मां पंसारन और राजा से साधु बने धर्म सिंह।

कहानी में लेखक ने मानवीय संवेदनाओं, प्रेम खासकर यौवन के दहलीज पर हो जाने वाले निश्छल प्रेम को भी खूब दशार्या है। कजोमा और अरहुलिया को यह जानते हुए भी की मैक एक विधर्मी है, एक शासक, देश का आला अफसर है और उन दोनों का कहीं मेल नहीं है तथापि वो उससे प्यार कर बैठती है। इतना ही नहीं, बल्कि अपनी मां के सामने इसकी स्वीकारोक्ति में भी उन्हे कोई झिझक नहीं होता। यद्यपि यह प्रेम भावना लगभग 70-75 प्रतिशत आंखों के इशारों की भाषा में ही होती है। कहानी के तीन चौथाई हिस्से के बाद ही उनका पहला संवाद होता है। उधर मैक का उन बहनों के प्रति प्रेम और झुकाव एक सामान्य पाठक को इस ओर सोचने को प्रेरित करता है कि उस वक्त के किसी अंग्रेज अफसर की ऐसी भी कहानी हो सकती है, जिसमें उसका भावनात्मक जुड़ाव किसी गांव की एक साधारण हिंदुस्तानी लड़की से भी हो सकता है और वो उसके प्रेमपाश में भी बंध सकता है। क्योंकि एक आम पाठक ने तो अपने अकादमिक या अन्य पुस्तकों में गुलामी काल में बस अंग्रेजों के साथ हिंदुस्तानियों के संघर्ष अथवा गुलामी के ही प्रसंग को पढ़ा सुना है। पंसारन के संघर्ष में लेखक ने तत्कालीन समाज में एक विधवा स्त्री की संघर्ष गाथा को भी खूब उकेरा है।



## स्पीड न्यूज

### प्रेस क्लब की बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा

**इचाक।** प्रेस क्लब इचाक की बैठक बीआरसी समीप स्थित बहुद्देशीय भवन में शनिवार को हुई।जिसकी अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष गणेश कुमार और संचालन सचिव अनिल कुमार ने की। बैठक में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव द्वारा जयनगर के पत्रकार को डांट डपट करने कि मामले की भर्त्सना की गई। उपस्थित साथियों ने कहा कि विधायक का पद एक गरिमामई पद है। ऐसे में क्षेत्र के युवा विधायक अमित कुमार यादव द्वारा प्रेस को अपने कार्य एवं दायित्व के निर्वाह में व्यवधान डालना उचित नहीं है। इस उपरांत संगठन की मजबूती पर चर्चा हुई।बैठक में श्यामदेव मेहता रंजीत कुमार मेहता और शिव शंकर शर्मा ने भाग लिया।

### दुकान में लगी आग सामान जल कर राख

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के ग्राम कपका मंडल हार्डवेयर दुकान में आग लगी की घटना हुई। जिसमे दुकान में रखे कई समान जलकर खाख हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अगलगी में करीब हजारों रुपए की संपति जला है ,सीसीटीवी कैमरा,इनवेटर, वायरिंग के अलावे दुकान में रखी समान पूरी तरह से जल गया है। घटना शुक्रवार देर शाम की है। जब दुकान बंद करके दुकान दार प्रकाश मंडल अपने पुराने घर गाय था। उसी दौरान दुकान के अंदर से आग की चिंगारी निकलता देख कोई राहगृह की नजर उस पर पड़ी। तुरंत आसपास के लोगो को सूचना दिया। स्थानीय लोगो के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। घटना के कारण का पता नहीं चल पाया है।

### अवैध कबाड़ी दुकान में पुलिस का छापा

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना अंतर्गत ग्राम नगवां में अवैध रूप से संचालित कबाड़ी दूकान में पुलिस ने शनिवार को छापेमारी की। पुलिस को सुचना मिली थी की एनएच-33 से सटे नगवा में एक जगह पर बड़े बाउंडरी वाल के पीछे व मुर्गा फार्म के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्रो में अवैध कबाड़ का सामान छुपाया जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन हेतु वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर कोर्रा थाना प्रभारी उत्तम तिवारी के नेतृत्व में उक्त कबाड़ दुकान पर विधिवत छापेमारी की गई। छापेमारी में इस बात की पुष्टि हो गयी। क्योकि वहा बड़े पैमाने पर कबाड़ छुपाया गया था। यह दुकान जाकिर हुसैन रोड निवासी मो0 नौशाद द्वारा संचालित किया जा रहा था। जब जाकिर से कबाड़ दुकान,स्क्रैप व वाहनों से संबंधित कागजात की मांग गए तो उसने कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया। उक्त कबाड़ के दुकान से करीब 30-35 कार व 20 टन स्क्रैप जप्त कर मो0 नौशाद को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### दम घुटने से वृद्ध पति पत्नी की मौत

**रामगढ़।** शहर के कोईरी टोला में शनिवार को वृद्ध पति-पत्नी की मौत हो गई। जिसको लेकर घरवालों ने बताया कि शनिवार की सुबह जीरा महतो और उनकी पत्नी काफी देर तक नही उठे। तब उन्होंने उनके कमरे का दरवाजा खटखटाया। इसपर भी दरवाजा नही खुला तो दरवाजे को तोड़ा गया। दरवाजा तोड़ने के पश्चात जीरा महतो व उनकी पत्नी मृत अवस्था में मिले। घरवालों द्वारा बताया गया कि रात को ठंड के कारण उन्होंने अपने कमरे मे चूल्हा को जलता छोड़ दिया। शायद उसी से दम घूंटकर उनकी मौत हो गई। बताया गया कि दोनो सूप और टोकरी बेचने का कार्य करते थे।

### बाइक ने बालक को रौंदा गंभीर रूप से जख्मी

**गोला।** रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग के हुप्पू गांव के समीप शनिवार दोपहर को बाइक सवार ने एक बालक को रौंद दिया। जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि उसी गांव निवासी बालक प्रशांत कुमार पांडेय उम्र 7 वर्ष स्कूल से घर पहुंचने वाला था, इसी बीच पैशन प्रो बाइक पर सवार हुप्पू गांव निवासी रूपेश उपाध्याय ने बाइक से बालक को रौंदते हुए भाग निकला।

## एसपी द्वारा प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन

# पतरातू एवं भुरकुंडा गोलीकांड को लेकर दी जानकारी, 6 अपराधी हुए गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता





जानकारी देते एसपी, पकड़े गये अपराधी।

**रामगढ़।** एसपी पीयूष पांडे ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस क्रम में उन्होंने 6 दिसंबर को पतरातू के हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट एवं 7 दिसंबर को भुरकुंडा सेंट्रल सौंदा बी में हुई गोलीकांड के संबंध में जानकारी दी। बताया कि 6 दिसंबर के गोलीकांड को लेकर पतरातू थाना कांड संख्या-222/2022, दिनांक 06.12.2022 दर्ज किया गया । जबकि 7 दिसंबर को समय करीब 12:00 बजे दिन में भुरकुण्डा सेन्ट्रल साईडिंग बी में दो अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा काम बंदूक का भय दिखाकर बन्द करने की धमकी दी गई। इस संबंध में पतरातू (भुरकुण्डा) थाना कांड संख्या-225 / 2022, दिनांक 07.12. 2022 दर्ज कर काण्ड के त्वरित अनुसंधान हेतु एसडीपीओ डॉ वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में एसआईटी गठन किया गया। जिसके बाद घटना में शामिल 6 अपराधियों जिनका पूर्व में अपराधिक इतिहास भी रहा है को गिरफ्तार किया गया है । इस घटना में शामिल अन्य अपराधकर्मियों की धर पकड़ को लेकर छापेमारी जारी है।

### एसपी ने बताया, गिरफ्तार अपराधकर्मियों में निम्न लोग

१. मोनु कुमार सोनी, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता स्व राजु प्रसाद सोनी, सा स्टेशन रोड, पतरातू,

2. धर्मवीर कुमार पटेल, उम्र करीब 28 वर्ष, पिता स्व रामसागर प्रसाद, सा स्टीम कॉलोनी,

3. राजु कुमार, उम्र करीब 29 वर्ष, पिता गिरीवर सिंह, सा जयनगर पतरातू,

4. दीपक रजक, उम्र करीब 29 वर्ष, पिता बमबम रजक, सा न्यू मार्केट पतरातू,

5. अमित कुमार साव, उम्र करीब 30 वर्ष, पिता आनन्द साव, सा पतरातू वस्ती। उक्त सभी थाना-पतरातू जिला रामगढ़ के रहनेवाले हैं। वहीं, 6. रंजीत पांडेय, उम्र करीब 36 वर्ष पिता रमेश पाण्डेय, सा भुरकुण्डा, थाना भुरकुंडा ओपी का रहनेवाला है।

**अपराधियों के पास से जब्त सामग्री**

1. बिना नम्बर का आर 15 मोटरसाइकिल
2. बिना नम्बर का एफ जेड मोटरसाईकिल
3. बिना नम्बर प्लेट का टीवीएस राइडर मोटरसाईकिल
4. रिच एवं प्लास
5. तीन फायर किया हुआ बुलेट एवं एक मिस फायर बुलेट

**छापेमारी दल में थे शामिल :** छापेमारी दल में पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी बलवंत दुबे, पुअनि मयंक प्रसाद, पुअनि राजदीप कुमार, पुअनि अमित कुमार, पुअनि सोनू कुमार साहू, पुअनि निर्मल उरांव, पुअनि विनय कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### आइलेक्स पब्लिक स्कूल में मनाया गया मानवाधिकार दिवस

## मनुष्य को स्वयं के अधिकार का ज्ञान होना चाहिए : प्राचार्य



मानवाधिकार दिवस के मौके पर कार्यक्रम में शामिल बच्चे।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही अंतर्गत पंचमाधव में संचालित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में मानवाधिकार दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन करते हुए बच्चों को मानव के मुख्य अधिकारों को विस्तार से बताया गया। साथ ही अधिकार के साथ ही उन्हें उनके कर्तव्य से भी अवगत कराया गया।इस अवसर पर प्राचार्य शैलेश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अधिकार व कर्तव्य को समझने के जरूरत है।मानव अधिकार दिवस के अवसर कक्षा 1 से कक्षा नवम तक के बच्चों के बीच एक एक्टिविटी का आयोजन किया गया चुंकि आईलेक्स किताबी ज्ञान के साथ साथ व्यवहारिक ज्ञान को भी महत्व देता है। इसी के तहत बच्चों के बीच पोस्टर मेकिंग एक्टिविटी कराई गई। कक्षा सप्तम बी से अनुष्का कुशवाहा, सुजल राज, कक्षा सप्तम ए से आरुषि सिंह, सोनाली सिंह, संध्या कुमारी, जैनब अख्तर, चाहत कुमारी, काजल कुमारी, शिवम् यादव, कक्षा नवम से खुशी कुमारी, मधु गुप्ता, कुमारी पायल, सुधा कुमारी, ऋषिका कुमारी, तृप्ति कुमारी, आइशा, सृष्टि केशरी, किरण कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, अमीषा कुजूर, कुमारी विद्या ने बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने भी बच्चों के प्रयास की काफी सराहना की और कहा कि इस साल मानवाधिकार दिवस का विषय सभी मनुष्यों के लिए सुरक्षित और समान अधिकारों को बढ़ावा देना है।

## एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यशाला में शामिल लोग।

**चौपारण।** बहेरा स्थित लोक नायक जयप्रकास आंख अस्पताल परिसर में प्रबंधक संतोष कुमार पूरी की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे प्रशिक्षक की भूमिका सुबेन्द्र पांडेय एवम विकान्त कुमार सिंह ने निभाई। इस कार्यक्रम में दिव्यांगता पर प्रकाश डालते हुए सुबेन्द्र पांडेय जी ने कहा कि भारतीय संविधान में निहित प्रावधानों के तहत किसी भी दिव्यांग के साथ अब उसके शारीरिक क्षमता के आधार पर किसी भी तरह का भेदभाव नही होना चाहिये। विकान्त सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान की धारा 41 के अनुसार यदि कोई व्यक्ति किसी दिव्यांगजन के साथ भेदभाव रखता है तो सविंधान की धारा 89 से 93 तक मे कई प्रकार के दंड का प्रावधान किया गया है जिसमे 5 साल की कैद अथवा 5 लाख का आर्थिक दंड या दोनों हो सकता है। दोनो प्रशिक्षक दिल्ली स्थित डॉ श्रॉफ चैरिटी आंख अस्पताल में आयोजित एवम क्रिस्चियन ब्लाइंड मिशन (सीबीएम) द्वारा प्रायोजित तीन दिवसीय (1 दिसंबर से 3 दिसंबर) प्रशिक्षण लेकर लौटे है। इस कार्यक्रम में हॉस्पिटल स्टॉफ मिंटू रजक, संतोष राम, सुधीर कुमार, अमित राणा, प्रवीण सिंह, राजकुमार, रुक्मणी, अनिता देवी, पल्लवी दास, सुषमा कुमारी, सीमा कुमारी, अजित सिंह, दुर्गा चरण यादव, दिनेश दांगी, दिनेश हांसदा, जितेन्द्र कुमार, सलोनी कुमारी, सोनाली कुमारी, कल्पना कुमारी, अनामिका कुमारी, एवम हॉस्पिटल की ट्रेनी स्टॉफ आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**पदमा।** बरही विधानसभा के विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला यादव ने पदमा प्रखंड अंतर्गत इन योजनाओं का किया गया शिलान्यास सनपुरा में चेकडैम सूरजपुरा में विद्यालय जीणोद्धार जुहू में उत्क्रमित मध्य विद्यालय के जीणोद्धार एवं कुटीपीसी में चेक डैम निर्माण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर व नारियल तोड़कर किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता विकास करना है। मौके पर जिला परिषद सदस्य बसन्त नारायण मेहता, विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता, रोमी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार मेहता, बंदर बेला पंचायत मुखिया विजय मेहता, सूरजपुरा पंचायत मुखिया सीताराम मेहता, उपेंद्र मेहता, किशोरी मेहता, अशोक राणा, अशोक मेहता, मोहम्मद लतीफ, मुकेश कुमार, भुनेस्वर मेहता, प्रमोद कुमार, दीपक देव सहित कई उपस्थित थे।

## वेतन समझौता को लेकर एकदिवसीय प्रदर्शन

**चरही।** श्रमिक संगठन और संयुक्त मोर्चा के नेता जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह के नेतृत्व में वेतन समझौता को सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। इसके माध्यम से महाप्रबंधक कार्यालय और सभी परियोजनाओं के शाखाओं में मांग पत्र सौंपी गई। इस धरना प्रदर्शन कहा गया कि जब तक सीसीएल प्रबंधन मांगों को पूरा नहीं करती है तो व्यापक पैमाने पर बीएमएस, एचएमएस, एटक और सीटूआंदोलन करेगी। मौके पर संयुक्त मोर्चा के द्वारिका सिंह, विनोद कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, खुशी लाल महतो, अमरजीत, धीरज मांझी, सोमरा मुंडा, रणजीत कुमार, सुजीत झा, कुबार्नी अंसारी, दामोदर पांडेय, महेश कुमार, त्रिवेणी महतो सहित संयुक्त मोर्चा के कई लोग शामिल थे।

## जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बिष्णुगढ़।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय विष्णुगढ़ मे सड़क यातायात सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर शपथ ग्रहण दिलवाया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका व विद्यार्थी उपस्थित थे। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को सड़क यातायात नियमों के तहत सड़क पर चलने व अन्य सगे सम्बंधियों को हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करवाने का शपथ दिलवाया गया। सड़क सुरक्षा नियमों को खुद पालन करने के साथ परिजनों दोस्तों को सड़क सुरक्षा के नियमों के तहत दो पहिया और चार पहिया वाहन चालन के वक्त सुरक्षा के सभी नियमों पर ध्यान रखने की अपिल करने का शपथ लिया। दो पहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट का प्रयोग, चार पहिया वाहन चलाते वक्त सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन चलाते वक्त मोबाइल का प्रयोग नहीं करने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, गति सीमा से अधिक तेज गति से वाहन नहीं चलाने के अलावे यातायात सुरक्षा के कई बिन्दुओं का पालन करने और दूसरों को भी पालन करवाने का शपथ लिया। विदित हो की यातायात नियमों की अनदेखी के वजह से प्रत्येक वर्ष कई वाहन दुर्घटना मे लोगों की जान चली जाती है, जागरूकता हीं बचाव है, के उदेश्य से नई पीढ़ियों को कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन हेठली बोदरा प्राथमिक विद्यालय मे भी हुआ यहां के शिक्षक शिक्षिका व छोटे छोटे बच्चों ने भी यातायात नियम को पालन करने का शपथ लिया। कार्यक्रम मे कस्तूरबा विद्यालय के सुनीता गुप्ता, ज्वेलन कुजूर के अलावे कई शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे, हेठली बोदरा प्राथमिक विद्यालय के रामदेव रॉय, मधुमिता पाठक, रिंकू कुमारी व बच्चे उपस्थित थी।

## दो दिवसीय गतका खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

### 11 व 12 दिसंबर को खेल प्रतियोगिता का होगा आयोजन



गतका खेल में शामिल बच्चे।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही के चकुराटाँड़ स्थित रॉयल ऑर्चिड इंटरनेशनल स्कूल धमना में झारखंड गतका संघ एवं हजारीबाग गतका संघ ने दो दिवसीय द्वितीय झारखंड राज स्तरीय गतका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में झारखंड के कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, चतरा, धनबाद, सरायकेला, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, जामताड़ा, गुमला, सिमडेगा, पलामू, देवघर, बोकारो, लातेहार, रांची, लोहरदगा, रामगढ़, गोड्डा जिलों के 90 स्कूल से 400 खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। दो दिवसीय गतका प्रतियोगिता 11 व 12 दिसम्बर को आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल में खिलाड़ियों का रहने व खाने का उत्तम व्यवस्था एवं रेफरी एवं ऑफिशियल को ठहरने के लिए होटल की व्यवस्था विद्यालय द्वारा किया जा रहा है। रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल के 50 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा बरही चौक पर मशाल जलाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए बरही प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में गतका खिलाड़ियों द्वारा मशाल दौड़ रखा गया। हजारीबाग गतका संघ के सचिव सह रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य अनूप कुमार ने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता को राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता एवं खेलो इंडिया यूथ गेम में चयनित किया जाएगा।

## एक नजर में

### पकड़े गये डीजल चोर गिरोह के चार सदस्य

**चरही।** शुक्रवार को चरही पुलिस को बड़ी सफलता मिली।अंतराराजीए डीजल चोर गिरोह के चार सदस्य पकड़े गए।चारों को कोविड जांच कराकर हजारीबाग जेल भेज दिया गया। चरही थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि बीते रात थाना पुलिस गश्ती दल के साथ रात्रि भ्रमण के क्रम में चरही ओवर ब्रिज के समीप खड़ी ट्रकों के पास एक काली रंग के स्कॉर्पियो नंबर जेएच01ए के/8221 खड़ी थी।उस वाहन में चार लोग सवार थे।सवार लोगों ने खड़ी ट्रकों से डीजल निकाल रहे थे।इसी बीच थाना प्रभारी अपने गश्ती दल के साथ पहुंचे।पुलिस को देख स्कॉर्पियो पर सवार चारों चोर रामगढ़ की तेज रफ्तार में भागने लगे। पुलिस भी संदिग्ध देखते हुए स्कॉर्पियो वाहन को तेज भागते देख पीछे लग गई।15 माइल के पास पुलिस ने उक्त वाहन को रोकी। चोरों ने स्कॉर्पियो छोड़कर भागने लगे। गश्ती दल के पुलिस पदाधिकारी निरंजन प्रकाश ने अपराधियों को पकड़ने का भरपूर प्रयास किया।इस भागम दौड़ में एक अपराधी पुलिस की पकड़ में आया। बाकी के तीन अपराध कर्मी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकले। चरही पुलिस ने पर जंगल को छान मारने के बाद झाड़ी छिपे अन्य चोरों को भी अपने गिरफ्तार में लिया।स्कॉर्पियो वाहन की तलाशी लेने पर पाया कि उपरोक्त 50-50 लीटर की गैलन में करीब 50-50 लीटर डीजल भरा पाया गया।साथ हीं डीजल निकालने वाले पाई को भी बरामद किया गया। पकड़े गए अंतरराज्य चोर सिवल खास,थाना जानी मेरठ यूपी निवासी आशिक पिता खुरसईद और इसके साथी तालिब पिता कल्लू रेहान पिता नन्हे और देहरा थाना जिला हापुड यूपी के निवासी आस मोहम्मद को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी अपराध कर्मी पूर्व में चोरी कई कांडों में बुलंदशहर यूपी के जेल जेल जा चुके हैं। रामगढ़ और हजारीबाग के खड़ी वाहनों से डीजल चोरी का धंधा करते थेअपराध कर्मी वर्तमान में रांची में किराए के मकान को लेकर रह रहे थे। चोरों के पास से 2 एंड्राइड मोबाइल और एक लावा कंपनी के मोबाइल सहित 36000 में भाड़े पर लिए गए ऊंचे स्कॉर्पियो को भी को पुलिस ने बरामद कर ली है। सभी चोरों को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दी।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम

**बरही।** बरही अंतर्गत करियातपुर में संचालित गांधी उच्च विद्यालय में प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं बच्चों की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के द्वारा बच्चों को अभीप्रेरित किया गया।इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए शपथ ली। बच्चों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित स्लोगन लिखकर अन्य बच्चों को जागरूक किया। सड़क सुरक्षा जीवन सुरक्षा है, इसे ध्यान में रखकर जब भी सड़कों पर वाहन चलाएं सुरक्षित एवं संयमित होकर चलाएं।सड़क पर वाहन चलाते समय नशा का प्रयोग पूर्णता कानूनी अपराध है। इससे हम स्वयं की जिंदगी के साथ साथ अन्य लोगों की जिंदगी के साथ भी खिलवाड़ करते हैं। हमेशा सड़क पर चलते वक्त यातयात के नियमों का पालन करना चाहिए। एवं दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए। दो पहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट का अवश्य प्रयोग करना चाहिए। चार पहिया वाहन चलाते वक्त सीट बेल्ट का अवश्य प्रयोग करना चाहिए। मोबाइल का प्रयोग पूर्णता वर्जित होना चाहिए। मौके पर प्रिंसीपल निजाम उद्दीन अकेला, प्रकाश प्रसाद, नरेश प्रसाद, कमल प्रसाद, गणेश प्रसाद केशरी, संतोष प्रजापति, रवि कुमार, तब्सूम प्रवीन, पुजा कुमारी, पायल कुमारी, सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर सेमिनार का आयोजन

**इचाक।** जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय, इचाक में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मानवाधिकारों की पहली वैश्विक घोषणा और नए संयुक्त राष्ट्र की पहली प्रमुख उपलब्धियों में से एक मानवाअधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 10 दिसंबर 1948 ई. को संयुक्त राष्ट्र महासभा के अंगीकरण और उद्घोषणा का सम्मान करने के लिए तिथि का चयन किया गया था। मानवाधिकार दिवस की औपचारिक स्थापना 4 दिसंबर 1950 ई. को महासभा की 317वीं पूर्ण बैठक में हुई। सेमिनार में छात्र- छात्राओं को उनके अधिकारों पर चर्चा करते हुए महाविद्याल सचिव शंभू कुमार ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मानव अधिकारों के लिए चेतना जागृत करने में इस घोषणा का महत्वपूर्ण योगदान है। हर साल 10 दिसंबर के दिन दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के तौर पर मनाया जाता है।महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि मानवाधिकार वे मूलभूत अधिकार हैं जिनसे मनुष्य को नस्ल,जाति, राष्ट्रीयता,धर्म,लिंग,आदि के आधार पर वंचित नहीं किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षकों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए और कहा कि मानवाधिकार दिवस मनाने का मकसद लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। मानवाधिकार में स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक और शिक्षा का अधिकार शामिल है। मानव अधिकार इंसान को जन्म से ही प्राप्त है इन्हें पाने में जाति,लिंग,धर्म,भाषा,रंग तथा राष्ट्रीयता आड़े नहीं आते। इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अजय उरांव ने किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक रत्नेश कुमार राणा, दीपक प्रसाद,रियाज अहमद, अजीत हंसदा, आशीष पांडे,संगम कुमारी, राजकुमार,कृष्ण कुमार मेहता, प्रिया कुमारी, सुनीता टोप्पो, संजय प्रजापति का सराहणीय योगदान रहा।

### दिव्यांगों के लिए शिविर का आयोजन

**टाटीझरिया।** मानव विकास संस्था के बैनर तले टाटीझरिया के दूधमटिया में शनिवार को शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुखिया प्रतिनिधि रवींद्र यादव, राजू यादव, लालमोहन महतो, बीरबल प्रसाद, सरिता कुमारी व अन्य के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। डहरभंगा मुखिया प्रतिनिधि रविन्द्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि वे दिव्यांग जनों के हित के कार्यों में हमेशा बढ़चढ़ कर काम करेंगे। आपको जहां भी परेशानी हो मुझे बताएं, उसका निराकरण के लिए हम तैयार हैं। संस्था के सचिव बीरबल प्रसाद ने कहा कि उनकी संस्था द्वारा इचाक में इनके लिए प्लस टू विद्यालय है, जहां इनके लिए है सब सारी सुविधा के साथ इनके भविष्य संवारने में लगे हुए हैं। बुधवार और शनिवार को झुमरा में इनकी समस्या के निदान के लिए डॉक्टर बैठते हैं। सरकारी योजनाओं में इन्हे आप सबों के सहयोग की आवश्यकता है। इस मौके पर अतिथियों में मिथिलेश पाठक, सुरेश रविदास, रामविलास शर्मा, सोनू पांडे ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर 30 दिव्यांग जनों के बीच कंबल वितरित किया गया। मौके पर अमृत राम, रोबिन कुमार, राहुल कुमार, सुरेंद्र किस्कू, देवीराम टुडू, भीषण बास्के, रानी कुमारी, सुनीता देवी, सुमित्रा देवी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### 5वां वार्षिकोत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हुरूमगढ़ा भुरकुंडा स्थित बेंच मार्क पब्लिक स्कूल में शनिवार को 5वां वार्षिकोत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि बीईईओ पतरातू प्रभात कुमार, विशिष्ट अतिथि जुबिली कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके दास व जेएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विद्यानंद तिवारी ने फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके पूर्व विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रभात कुमार ने कहा कि बेंच मार्क पब्लिक स्कूल पिछले पांच वर्षो से क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगा रहा है। विद्यालय प्रबंधन शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास भी कर रहा है। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशुतोष चौबे ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी भरता है। विद्यालय में अब स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चों को इंटरनेट से जोड़ उच्च तकनीक की शिक्षा दी जायेगी। उन्होंने विद्यालय की उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन सार्थक कदम उठाती रहेगी। विशिष्ट अतिथि प्राचार्य डॉ. आरके दास व प्राचार्य डॉ. विद्यानंद तिवारी ने कहा कि वार्षिकोत्सव विद्यालय का आईना होता है। वर्ष भर की सफलता कार्यक्रम में झलकती है। समारोह में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

## स्पीड न्यूज

### मानवाधिकार दिवस पर लगा शिविर



**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में तथा सचिव राजेश कुमार के दिशा निर्देश पर शनिवार को किस्को प्रखंड के बेटहठ पंचायत भवन में मानवाधिकार दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। जिसमें पैनल अधिवक्ता तरुण कुमार देवघरिया, पीएलभी दिलीप कुमार साहू, पीएलभी रवि कुमार, मुखिया राजकिशन उरांव, संदीप साहू तथा स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। अधिवक्ता तरूण देवघरिया ने कहा कि मानवाधिकार दिवस प्रतिवर्ष 10 दिसंबर को मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन संयुक्त राष्ट्र ने 1948 ई को सार्वभौम मानवाधिकारो की घोषणा की थी। भारतीय संविधान ने भी उन अधिकारों को अपनाया है। समता का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, स्वास्थ का अधिकार, सामाजिक सुरक्षा का अधिकार, अवसर का समानता, लिंग भेद की समानता, रंग भेद की समानता, दासता से मुक्ति का अधिकार इसके महत्वपूर्ण उपबंध है।

### लोहरदगा कांग्रेस की बैठक आज

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक रविवार को पूर्वाह्न 11.00 बजे से कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में होगी। जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने बताया कि बैठक में 3 दिसंबर को खतियानी जोहार यात्रा में हेमन्त सोरेन के आगमन की तैयारी एवं कार्यक्रम की सफलता को लेकर आवश्यक विचार विमर्श किया जाएगा। लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारियों, सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, सभी प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत प्रतिनिधि गण, पंचायत अध्यक्ष एवम समस्त कांग्रेस जनों से आग्रह है कि समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम की सफलता हेतू अपना महत्वपूर्ण सुझाव देने की अपील की है।

### गोलीबारी मामले में एक गिरफ्तार



**भंडरा ।** पोडहा गांव मे पिछले दिनों गोलीबारी कर गांव मे दहशत फैलाने वालो मामले मे भंडरा पुलिस ने शनिवार को एक अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।गिरफ्तार अपराधी गुमला जिले के पुसो थाना क्षेत्र के अरको महुवाटोली मंगलेश्वर उरांव है ।पुलिस ने मंगलेश्वर को उसके घर से गिरफ्तार किया ।उल्लेखनीय है कि 5 दिसम्बर की रात बदमाशों ने पोडहा गांव मे गोली चलाकर दहशत फैलाया था। यह सूचना मिलते ही डीएसपी परमेश्वर प्रसाद,थाना प्रभारी गौतम कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर जायजा लेते हुए बदमाशों के संबंध में जानकारी ली। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि गोलीबारी की घटना के जांचोपरांत चार नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर नामजद आरोपित मंगलेश्वर उरांव को भंडरा थाना कांड संख्या 84/22 धारा 307,452,506 भादवी एव 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

### 13 को सीएम से मिलेगा संवेदक संघ



**लोहरदगा।** झारखंड संवेदक संघ लोहरदगा की बैठक अध्यक्ष सूरज अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय के सामने लिप्टस बागान में हुई। संवेदको को कार्य में हो रही परेशानियों समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। संवेदक संघ का रजिस्ट्रेशन जल्द से जल्द कराने की बात कही गई। बैठक में 11 सदस्यों को संरक्षक मंडली में रखा गया एवं टेंडर निष्पादित करने हेतु 7 सदस्य बनाई गई ।13 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा आगमन पर झारखंड संवेदक संघ लोहरदगा के एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पूर्व की तरह 10 परसेंट लेस नियम को लागू करने एवं बालू,चिप्स,पत्थर उठाव पर संवेदको को हो रही परेशानियों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें अवगत कराया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से भिगुर्नंदन तिवारी, भैया लाल मनोज नाथ, खालिक हुसैन,दुखहरण साहू, जहांगीर आलम,मुकेश दुबे, मेहंदी हसन,खुर्शीद खान,सुहैब खान,मजहर अहमद,जफर इकबाल,साजिद उर्फ ललन, शुडू, बहारी उरांव आदि मौजूद थे।

### सहिया को दी गयी ट्रेनिंग



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण समिति ने सहिया को दिया ट्रेनिंग। एमपीडब्ल्यू मनीष कुमार ने महिलाओं को प्रशिक्षण देते हुए वेक्टर जनित रोग में विभिन्न बीमारियों के बारे में बतलाया। उन्होंने मलेरिया से संबंधित जानकारी दी ।मलेरिया तेज बुखार वाली बीमारी है जो संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलती है। इस अवसर पर सहिया उषा खाखा ,अनुसूया देवी, रुपा उरांव, सुनीता ,सरस्वती देवी ,आशा देवी ,रामा देवी, दसवीं , सुधा देवी ,रेनू उरांव,रेणु बैठा ,आरती देवी, साधना देवी ,पूर्णिमा साहू, सविता देवी सहित प्रखंड के सभी सहिया उपस्थित थी।

### जनता को बरगला रही है सरकार : मनीर



**लोहरदगा।** भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कुडू प्रखंड अंतर्गत सलगी पंचायत के ग्राम रोचो एवं नवाडीह में ग्रामीणों के साथ बैठक की। मनीर उरांव ने कहा कि मुफ्त में 100 यूनिट देने वाली हेमंत सोरेन की सरकार ग्रामीणों खासकर आदिवासियों की बकाया बिजली बिल भुगतान के नाम पर एफआईआर दर्ज करवा रही है जबकि सरकारी कार्यालयों में लाखों की बिजली बिल का बकाया रहने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। 1932 के खतियान के नाम पर जोहार यात्रा निकालने वाले झारखंड के मुख्यमंत्री क्या जनता को बताएंगे कि उन्होंने 1932 का खतियान के आधार पर स्थानीयता नीति लागू कर दी है या यह भी उनका सबसे बड़ा झूठ है।

# सरकारी स्कूल में पढ़ा रहे निजी शिक्षक

**शिक्षकों को प्रति बच्चा 30 रुपये दे रहे रहें अभिभावक**

**गुमला सदर प्रखंड के कुटवां राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय का, उग्रवाद की काली छाया में कभी सिमटा था गांव**

**बच्चों को वर्ष 2022 का नहीं मिला छात्रवृति और ड्रेस**



स्कूल परिसर में बैठकर बच्चों को पढ़ातीं शिक्षिका।

**दीपक राम काजू**

**गुमला।** बच्चों के भविष्य की चिंता ने अभिभावकों को सरकारी स्कूल में प्राईवेट टीचर रखने को मजबूर कर दिया। अभिभावक दो प्राईवेट शिक्षकों को रखकर सरकारी विद्यालय में अपने बच्चों को शिक्षा दिला रहे हैं। क्योंकि उनके पास सरकारी स्कूल के अलावे कोई विकल्प नहीं है। मामला गुमला सदर प्रखंड के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुटवां की है। इस गांव में कभी पीएलएफआई उग्रवादी संगठन की तूती बोलती थी। गांव में उग्रवादी संगठन के द्वारा तीन लोगों की पूर्व में हत्या कर दी गई थी। अब उग्रवाद के बादल छंटे गये हैं लेकिन बच्चों को शिक्षारूपी पंख प्रदान करने के लिए अब भी गांव के लोग जदोजहद कर रहे हैं। क्योंकि गांव के स्कूल में बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा नहीं मिल रही है। कुटवां स्कूल में केजी से लेकर आठ वर्ग तक की कक्षाएं संचालित है और स्कूल में लगभग 240 बच्चे-बच्चियां अध्ययन रत हैं। इस स्कूल के कई बच्चों को अक्षर ज्ञान भी नहीं थी। जिसे देखते हुए उपायुक्त के निर्देश पर संचालित पढ़े हम बढ़े हम कार्यक्रम के तहत वैसे बच्चों को अक्षर ज्ञान दिया जा रहा है। जिसका प्रतिकूल प्रभाव भी बच्चों पर पड़ा है और वे निर्भक होकर किसी भी लिखे हुए चीज को पढ़कर बता पा रहे हैं। स्कूल में चार शिक्षक हैं। जिसमें एक पारा टीचर है। स्कूल में शिक्षकों की घोर कमी है। जिसके कारण एक स्थान पर कई कक्षाओं के बच्चों को एक साथ बैठकार शिक्ष दी जा रही है। जिसे उनको अच्छी शिक्षा नहीं मिल पा रही है। विद्यालय में कुल आठ कमरें हैं। जिसमें चार कमरे पूरी तरह क्षतिग्रस्त है और चार कमरों की स्थिति भी दयनीय है। कमरों की जर्जर हालत को देखते हुए स्कूल की शिक्षिका बच्चों को बाहर बैठाकर पढ़ाती हैं। वहीं दो ही कक्षा में बेंच व डेस्क उपलब्ध है। बाकि कक्षाओं के बच्चे फर्श पर नीचे बैठकर पढ़ते हैं। 1952 में यह विद्यालय गांव के बगीचा में संचालित होता था। वर्ष 1993 में विद्यालय को भवन मिला। उसके बाद से ही भवनों की कभी मरम्मती नहीं हुई। स्कूल की शिक्षा व्यवस्था बच्चों के भविष्य के लिए प्रश्न चिह्न खड़ा कर रहा है। वहीं विद्यालय के बच्चों को वर्ष 2022 में न तो छात्रवृत्ति मिली और न ही उन्हें ड्रेस प्रदान किया गया। बच्चों का छात्रवृत्ति के लिए ऑन लाइन आवेदन ही नहीं किया गया। जबकि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे काफी गरीब परिवार के हैं।

**निजी शिक्षको से बच्चों का स्कूल में हुआ ठहरावः राजेश**



ग्राम शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष राजेश साहु ने कहा कि स्कूल की गिरती शिक्षा व्यवस्था को लेकर दो प्राईवेट टीचरों को रखा गया है। जिनके खर्च का वहन बच्चों के अभिभावक करते हैं। स्कूल के सभी बच्चों से प्राईवेट शिक्षकों को देने के लिए 30-30 रूपया लिया जाता है। ग्राम शिक्षा समिति के प्राइवेट शिक्षकों को रखने के बाद स्कूल में बच्चों का ठहराव हुआ है। नहीं तो बच्चे स्कूल भी नहीं आना चाहते थे। वहीं स्कूल के एचएम भी इन शिक्षकों को अपनी ओर से कुछ राशि प्रदान करते हैं। स्कूल के जर्जर भवनों को दुरूस्त करने के लिए मुरकुंडा में आयोजित जनता दरबार में राज्य के वित्तमंत्री रामेश्वर उरांव को ज्ञापन भी सौंपा गया था लेकिन आज तक स्कूल की स्थिति में सुधार के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है।

**विभाग को शिक्षकों की कमी से कराया गया है अवगतः एचएम**



एचएम विजय सोरेंग ने कहा कि स्कूल में शिक्षकों की कमी की संख्या की जानकारी कई बार विभाग को दिया गया है लेकिन विभाग की ओर से अब तक शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति नहीं की गई है। वहीं स्कूल के जर्जर भवनों के हालत से भी विभाग को अवगत कराया गया है।

# कमेटी में गुमला के चार कांग्रेसियों को जगह मिलने से नेताओं में हर्ष

**शिव कुमार भगत व रोशन वरवा को महासचिव, रमेश चीनी और अकील को सचिव बनाया गया**



पदाधिकारियों का माला पहनाकर किया गया स्वागत।

**गुमला।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी में गुमला जिले से वरिष्ठ कांग्रेसियों को पहली बार बढ़ी संख्या में स्थान दिये जाने से जिले के कांग्रेसियों में काफी हर्ष है। प्रदेश कमेटी में शिव कुमार भगत व रोशन वरवा को महासचिव के पद पर एवं रमेश कुमार चीनी व अकील रहमान को सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। गुमला जिला कांग्रेसियों के द्वारा प्रदेश नेतृत्व एवं केंद्रीय नेतृत्व को के साथ-साथ नवनियुक्त साथियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई है। वहीं नव चयनित पदाधिकारियों का कांग्रेसियों ने शनिवार को माला पहनाकर स्वागत किया है। चयनित पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष चैतू उरांव, प्रदेश के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, बैरागी उरांव, मानिक चंद साहू, राजनील तिग्गा, रामनिवास प्रसाद, मुरली मनोहर प्रसाद ,चुमनु उरांव, दीप नारायण उरांव, आशिक अंसारी ,अरुण कुमार गुप्ता, निशांत दुबे ,रोहित कुमार ,जय सिंह, आजाद अंसारी, अमृता भगत,बॉबी भगत, कृष्णा कुमार लोहरा,अगस्तीन महेश कुजूर, प्रेम दत्ता, संगीता जयसवाल, हेमावती देवी, बन बिहारी भगत ,पति तापवन साही, मोहम्मद खालिद शाह ,कलाम आलम ,फिरोज आलम, चंद्रशेखर उरांव, एजाज अंसारी, शाहजहां अंसारी, मो साबिर फराश, गुलाम सरवर, भैयाराम उरांव, मो मोख्तार, अरुण पाण्डेय, राजीव उरांव, इस्माईल कुजूर, निरंजन बड़ा, राजेश टोप्पो, पुष्पा लकड़ा, रजब अंसारी, बैबुल अंसारी, पप्पू होता, संतोष कुमार गुप्ता, जेडी नायक, अभय चौधरी, विकास साहू, विकास गुप्ता, विनय लकड़ा, बसंत गुप्ता, अजित गुड़िया, अजित केरकेट्टा, आशिष नाथ सहदेव, चीना खान, खुदी भगत, माघिया उरांव, पुष्पा दूबे, रफी अली, रघुनंदन प्रसाद, अनिल साहू, नीलेश उरांव, अरुण कुमार , मो इम्तियाज, असगर आलम, सहीद वारसी, बलभद्र साहू, शम्भू सिंह, अनिल उरांव,महावीर उरांव, के साथ गुमला जिला के सभी कांग्रेसी शामिल हैं।

### छात्राओं को दी गयी मानव अधिकारों की जानकारी



**गुमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला द्वारा मानव अधिकार दिवस पर एस एस उच्च विद्यालय गुमला की छात्राओं के बीच मानव अधिकारों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छात्राओं को मानव अधिकार के महत्व के विषय में जानकारी दी गई । कार्यक्रम का नेतृत्व डालसा के पैनल अधिवक्ता जितेंद्र कुमार सिंह ने किया। मानव अधिकार मूलभूत अधिकार है जो हमें जन्म से प्राप्त है तथा इसके तहत मनुष्यों में रंग, जाति, राष्ट्रीयता, धर्म ,लिंग आदि के आधार में भेदभाव नहीं किया जा सकता है तथा प्रत्येक व्यक्तियों को स्वस्थ, शिक्षा का अधिकार शामिल है। मंच का उपयोग बाल विवाह के विरोध में जागरूकता के लिए भी किया गया तथा यह संदेश दिया गया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है अपितु यह नाबालिग बच्चों के मानसिक तथा शारीरिक स्वस्थ पर भी प्रभाव डालता है। शिविर में पैनल अधिवक्ता बुंदेश्वर गोप, जितेंद्र सिंह , डालसा के पीएलभी जरीना खातून तथा नीलम लकडा तथा स्कूल के छात्राएं आदि मौजूद थे।

### जोहार यात्रा तैयारी का डीसी और डीडीसी ने लिया जायजा

**घाघरा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खतियानी जोहार यात्रा को लेकर गुमला आगमन से पूर्व जिला के उपायुक्त सुशांत गौरव व उप विकास आयुक्त हेमंत सती ने शनिवार की दोपहर डेढ़ बजे घाघरा प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान गम्हरिया राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, अस्पताल व नवनिर्मित ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत बने पानी टंकी का निरीक्षण किया और कई दिशा निर्देश दिये। इस दौरान बीडीओ, सीओ, थानेदार के अलावे जेएमएम कार्यकर्ता से भी उपायुक्त ने बात की और कहा मुख्यमंत्री का आना गुमला के लिए सौभाग्य की बात है। किसी भी तरह से उनके स्वागत में कमी नहीं होनी चाहिए।

# बुद्धेश्वर उरांव ने शुरू की रात्रि पाठशाला

**मानव मिशन के सदस्य शिक्षकों के मानदेय का करते हैं भुगतान, बच्चों को उपलब्ध कराते हैं शिक्षा सामग्री**



**गुमला।** सरकारी व्यवस्था में कार्यरत सिपाही सह मिशन बदलाव सदस्य बुद्धेश्वर उरांव ने गुमला के गरीब असहाय बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए जद्दोजेहद कर रात्रि पाठशाला शुरू किया। अभी लगभग 50 बच्चें रात्रि में पढ़ाई करते हैं। बुद्धेश्वर उरांव ने बताया कि गांव के बच्चों में शिक्षा का अलख जगाने के लिए उन्होंने बीड़ा उठाया और ये कार्य के लिए वे पिछले कई सालों से निःशुल्क सेवा देते आ रहे हैं। वर्तमान समय में ड्यूटी की व्यस्तता होने के कारण भी शिक्षा को बरकरार रखने के लिए गांव के ही दो लोगों को शिक्षक नियुक्ति किए हैं और बच्चों के पढ़ाई का जरूरी चीज सामग्री वर्णमाला, गिनती, पहाड़ा, इंडिया, विश्व का चार्ट, लाईट के लिए बैटरी और शिक्षकों के लिए कुर्सी इत्यादि की व्यवस्था की। साथ में शिक्षको के मानदेय का भुगतान खुद करते हैं। जब छुट्टी में आते हैं तो गरीब बच्चों का खराब साईकिल को फ्री में मरम्मत कर देते हैं और जिन गरीब बच्चों के पास स्टेशनरी न हो उन्हें देते हैं। उनका एक ही उद्देश्य है गरीब बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शन देना। इस कार्य को शुरू करते समय इनके पास पैसा नहीं था तो इन्होंने दोस्तों और ग्रामीणों से सहयोग मांगा । गांव के विकास के लिए परिजनों को श्रमदान करने हेतू प्रेरित किया। रात्रि पाठशाला जिस कमरा में चल रहा है वो श्रमदान से ही बना है। रात्रिपाठशाला भरनो के सुपा में चल रहा है।

# लोहरदगा में 33वें प्रांतीय खेलकूद का आगाज

**खबर मंत्र संवाददाता**



**सांसद सुदर्शन भगत ने किया उद्घाटन, 38 शिशु मंदिर के 500 विद्यार्थी हुए शामिल**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में तीन दिनी 33 वें प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद समारोह का रंगारंग शुरूआत हो गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सुदर्शन भगत, विद्या भारती के क्षेत्रीय मंत्री रामवतार नरसरिया, प्रदेश सचिव अजय तिवारी, आरएसएस के प्रांत संघ चालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, विभाग प्रमुख अखिलेश प्रसाद समेत तीनो विद्यालयों के प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता में विद्या भारती द्वारा संचालित आठ विभागों जिसमे जमशेदपुर, गुमला, हजारीबाग, रांची, पलामू, साहेबगंज, धनबाद, देवघर के कुल 38 शिशु मंदिर विद्यालयों के लगभग 500 छात्र छात्राएं शामिल हुए। मौके पर उपस्थित विद्यालय के पूर्व छात्रों का अभिनंदन किया गया।

इसके बाद जिले के विभिन्न समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता विद्या विकास समिति के सचिव अजय कुमार तिवारी ने राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत भाषण से छात्रों के भीतर देश रक्षा की भावना का संचार किया। उन्होंने कहा कि बॉक्साइट नगरी में राधा कृष्ण एवं सीताराम के स्वरूप वाले भैया बहनों के आगमन से यह धरती तीर्थ के समान बन गई है। यहां आए हुए बच्चे खेलकूद में अपना बेहतर प्रदर्शन करेंगे और देश के भविष्य निर्माण में भावी कर्णधार बनेंगे। बतौर मुख्य अतिथि सुदर्शन भगत ने अपने संबोधन में कहा कि विद्या भारती भैया बहनों का सर्वांगीण विकास कर रही है। कार्यक्रम को परिणाम तक पहुंचाने के लिए निर्णायक के रूप में मदन मोहन राय, कुणाल कुमार , संजय कुमार, संदीप कुमार, सुखनाथ सिंह, प्रसून कुमार, कामेश्वर मरांडी, सुनील कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार, उत्तम कुमार सिंह शामिल हुए। तीन दिनी खेलकूद समारोह में कबड्डी, खो- खो, गोला फेंक, ऊंची कूद, रिले रेस, 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस आदि खेल आयोजित होने वाले हैं। इस मौके पर शिशु मंदिर के विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन दास, कॉले के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी एवं आचार्य श्याम सुंदर कुमार, कृष्णा प्रसाद, विनोद राय, अनिल अग्रवाल, धनन्जय अग्रवाल, प्रो शशि गुप्ता, राजेंद्र खत्री, कौशल मित्तल, राजेश रंजन , प्रदीप कुमार,शोभा देवी समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बीस सूत्री की बैठक में छाया मनरेगा घोटाला



**चैनपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को 20 सूत्री प्रखंड कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष एफरेम टोप्पो ने किया व संचालन बीडीओ डॉ. शिशिर कुमार सिंह ने की। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड में चल रहे विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में मालम पंचायत में मनरेगा योजना एवं 14-15 फाइनेंस योजना में हुए घोटालों का मामला छाया रहा। मालम पंचायत में 100 से अधिक लोगों का गाय शेड का कोडिंग कर दिया गया है। जिसमें 43 गाय शेड ओंगोइंग स्कीम में है। यही नहीं इसमें एक गाय शेड में बिचौलियों के द्वारा टाइल्स मार्बल लगाकर रहा जा रहा है। जबकि प्रखंड के दूसरे पंचायत में एक भी गाय शेड और बकरी शेड का कोडिंग नहीं किया गया है। इस मामले में सभी कोडिंग को डिलीट करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को जमकर फटकार लगाई गई है। वहीं थाना प्रभारी व चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि एक पागल व्यक्ति प्रखंड कार्यालय के आसपास घूमता है उसे अस्पताल में एडमिट कराएं। वहीं बम्हनी गांव के ग्रामीणों को 1 साल से 5 केजी वाला अनाज नहीं मिला है। अनाज वितरण कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला परिषद द्वारा निर्मित भवन का रेंट वसूली के लिए नोटिस देने का निर्देश दिया गया।

### बोलेरो ने वृद्ध दंपति को रौंदा, गंभीर रूप से घायल

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर सफी नदी के पास शुक्रवार की शाम सात बजे एक बोलेरो जेएच 01 डीए 1513 ने वृद्ध दंपति को धक्का मार दिया और आगे जाकर पलट गई। गाड़ी के धक्के से चैनपुर के रामपुर गांव निवासी तरसियुस तिर्की उम्र 65 वर्ष एवं उनकी पत्नी जस्टीन तिर्की उम्र 60 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे ग्रामीणों एवं प्रशासन की मदद से चैनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार वृद्ध दंपति रिशतेदार के घर चैनपुर से गांव रामपुर साइकिल से जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने चपेट में ले लिया और आगे जाके पलट गई। घटना के बाद बोलेरो में सवार सभी लोग फरार हो गये। ईलाज के दौरान महिला को गंभीर चोट लगने के कारण उसका प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया गया। वहीं चैनपुर पुलिस वाहन को जब्त कर आगे की कारवाई में जुट गई है।

### जोहार यात्रा विफलता छुपाने के लिए : जेएनडी

**गुमला।** झारखंड आंदोलनकारी सह जेएनडी के वरिष्ठ नेता अजीत विश्वकर्मा और झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य प्रकाश उरांव ने 12 दिसंबर 2022 को गुमला में होनेवाली खतियान जोहार यात्रा पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का यह यात्रा महज 3 सालों का शासन की विफलता को छुपाने का यात्रा है। हेमंत सरकार अपने चुनावी वादा पूरा करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। विदित हो कि झारखंड के साथ ही छत्तीसगढ़ व उत्तराखंड अलग हुआ था। जिससे स्थानीय नीति बनाने के लिए केंद्र के पास कोई प्रस्ताव भेजने की जरूरत ही नहीं पड़ी ।लेकिन हेमंत सरकार मामले को लटकाने के लिए 1932 का खतियान आधारित स्थानीय व नियोजन नीति बनाने के लिए विधानसभा से पारित कर झूठ की वाहवाही लूटने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेज दी जबकि राज्य सरकार को स्थानीय व नियोजन नीति बनाना है। आखिर हेमंत सरकार किसे उल्लू बनाना चाहती है। झूठ बोलकर वोट लेने वाली सरकार को जनता आगामी चुनाव में करारा जवाब जरूर देगी।

### चिल्ड्रेन एकेडमी विद्यालय में गोष्ठी आयोजित

**घाघरा।** चिल्ड्रेन एकेडमी विद्यालय रन्हे के सभागार में अभिभावक बैठक व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक की शुरूआत विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य रश्मि टोप्पो के द्वारा अभिभावकों का अभिनंदन कर किया गया तथा अपनी बातों को रखते हुए कहा कि बच्चों को संस्कार अपने माता-पिता के द्वारा ही मिलती है। बच्चों की पहली पाठशाला घर ही होती है। विद्यालय के संचालक विजय कुमार साहू के द्वारा कक्षा 8 से 10 तक के बच्चों के लिए विशेष कर यातायात एवं परिवहन के नियमों एवं नशा पान के कारण युवाओं में इसका दुष्प्रभाव के बारे में जानकारियां दी गई एवं सतर्कता बरतने को कहा गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका के द्वारा पढ़ाई के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। समाजिक विज्ञान के शिक्षक निजामुद्दीन अंसारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में अभिभावक शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### विहिप व बजरंग दल का शौर्य यात्रा आज

**गुमला।** गीता जयंती के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के द्वारा 11 दिसंबर को तेलंगा खड़िया स्टेडियम गुमला से भव्य शौर्य यात्रा निकाला जाएगा। यात्रा तेलंगा खड़िया स्टेडियम भाग 2 से जसपुर रोड, मेन रोड, पालकोट रोड, सिसई रोड, थाना रोड, लोहरदगा रोड होते हुए तेलंगा स्टेडियम में आकर संपन्न होगा। बजरंग दल शौर्य यात्रा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी चैतन्य कृष्ण ब्रह्मचारी जी समस्त कार्यकताओं को मार्गदर्शन देंगे। यह जानकारी मुकेश सिंह ने देते हुए बताया कि शौर्य यात्रा में भारी संख्या में सनातन धर्मावलंबी शामिल होंगे।

### भ्रष्टाचार को ले डीसी से करेंगे शिकायत : पाठक

घाघरा। घाघरा प्रखंड में लगातार घोटाला का खबर छपने के बाद अब कार्रवाई नहीं होने से नाराज भाजपा घाघरा मंडल और आदर मंडल के अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक और गोपाल गोप के नेतृत्व में सभी भ्रष्ट योजना स्थल में जाकर जांच किया जाएगा और जांच का रिपोर्ट उपायुक्त के अलावा मुख्य सचिव और पंचायती राज सचिव को सौंपा जाएगा। यह बात दोनों ही अध्यक्षों ने सामूहिक रूप से कहा है। पूर्व जिला परिषद सदस्य तेंबू उरांव ने कहा कि घाघरा में भ्रष्टाचार के सारे हद को पार कर दिया गया है। लेकिन अधिकारियों के द्वारा कार्रवाई करने के बजाय उसे लीपापोती करने में जुट गए हैं। अधिकारी और फर्जी भेंडर में साथ प्रगाढ़ संबंध है और उसको लाभ पहुंचाने के लिए इस तरह का कृत्य किया गया है।

### मनीष बने किसान मोर्चा के जिला महामंत्री



गुमला। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का मनीष कुमार साहु को जिला महामंत्री व सुभाष कुमार जायसवाल को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। दोनों नेताओं को भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष अनूपचंद्र अधिकारी, महामंत्री सत्यनारायण पटेल, सांसद सुदर्शन भगत, सांसद समीर उरांव, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश्वर प्रसाद साहु, सुभाष एलबन तिग्गा, बालकेश्वर सिंह, मंगल सिंह भोक्ता, मुनेश्वर साहु, अशोक साहु आदि के नाम शामिल है।

### कांग्रेस नेताओं ने मरीजों को दिया फल व ब्रेड



**गुमला।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव के नेतृत्व में सदर अस्पताल के मरीजों के बीच फल व ब्रेड का वितरण किया गया। सिविल सर्जन डॉ. राजू कच्छप व अस्पताल उपाधीक्षक अनूपम किशोर के साथ कांग्रेसियों ने अस्पताल का जायजा भी लिया। निरीक्षण के क्रम में एक्सरे मशीन, अल्ट्रा साउंड आदि की व्यवस्था की भी जानकारी ली गई। मौके पर आशिक अंसारी, मुरली मनोहर प्रसाद, देवा साहु, मो. कलाम, आजाद अंसारी, राम निवास प्रसाद, खालिद शाह, मो. सदाब, मो. मुख्तार आलम, जासमिन लुगुन, सनियारो देवी सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

# श्रम मंत्री ने किया यूपीएससी, जेपीएससी और बीपीएससी इंटीग्रेटेड कोचिंग सेंटर का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** श्रम नियोजन एवम कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने जिला प्रशासन चतरा द्वारा महिला महाविद्यालय में आयोजित इंटेग्रेटेड कोचिंग प्रोग्राम फॉर यूपीएससी, बीपीएससी व जेपीएससी संस्थान का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सत्यानन्द भोगता ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रयास कर रही है। चतरा जैसे जिले में इस तरह के संस्थान के खुलने से गरीब बच्चों को आईएएस आईपीएस सहित अन्य सेवाओं में जाने का सपना पूरा होगा। चतरा जैसे जिले के बच्चे भी अब आगे बढ़ेंगे। यह चतरा जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि बच्चों को आगे बढ़ने के लिए काफी मेहनत की आवश्यकता है।

आप सब मेहनत कीजिए सरकार आपके साथ है। सरकार के द्वारा दी जानेवाली सुविधाओं का लाभ लें। अपने जिले का देश विदेश में नाम रौशन कीजिये। उन्होंने कहा कि आज चतरा जैसे जिले में शिक्षा का जो बीज बोया जा रहा है आनेवाले समय में इसका सुखद परिणाम देखने को मिलेगा। इस अवसर पर उपायुक्त अबु इमरान, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सुमन, समाज सेवी नवल किशोर यादव, ध्येय आईएएस कोचिंग के रीजनल डायरेक्टर वेद प्रकाश राजपूत, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, चतरा महिला महाविद्यालय प्राचार्य रानेश्वर राय समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## मुख्य पथ व सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण मुक्ति के लिए आवेदन



बैठक करते जनप्रतिनिधि व ग्रामीण।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** अरसली उतरी पंचायत के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने सीओ को आवेदन देकर पंचायत के अंतर्गत मुख्य पथ व सार्वजनिक स्थलों पर लोगों के द्वारा अतिक्रमण मुक्त करने का सामूहिक आवेदन दिया है। जिसमे आवेदन प्राप्त होने के बाद 12 दिसम्बर को सीओ रामशंकर श्रीवास्तव ने समय निार्रित किया है। अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर शनिवार को अरसली दुर्गा मंदिर परिसर में जनप्रतिनिायों व पूजा कमिटी के साथ एक ग्रामीणों की बैठक आयोजित कर अतिक्रमण मुक्त करने के लिए प्रशासन को हरसंभव सहयोग करने की सहमति बनाया गया है। कमिटी ने आम सहमति से यह भी निर्णय लिया गया है कि अतिक्रमण मुक्त करने के दरम्यान जो भी लोग इस दायरे में आएंगे वैसे जगहों पर अविलम्ब मुक्त करने के लिए जेसीबी मशीन का खर्च स्वयं कमिटी के द्वारा आर्थिक सहयोग से किया जाएगा।

## जन्म मृत्यु डाटा ऑनलाइन को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन में जिला सांख्यिकी विभाग के द्वारा नागरिक निबन्धन प्रणाली अंतगर्त जन्म मृत्यु सम्बंधित डाटा ऑनलाइन को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए जिला सांख्यिकी पदाधिकारी कृष्णमूर्ति प्रसाद ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 में निहित प्रावधान के अंतगर्त राज्य/जिले में होने वाले प्रत्येक जन्म एवं मृत्यु की घटना का रजिस्ट्रीकरण करना है, आने वाले समय मे जन्म एवं मृत्यु से सम्बंधित ऑनलाइन इंट्री सुनिश्चित हो इसके लिए अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा वर्ष 2024 तक लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश प्राप्त है, ऐसे में हमें अभी से सक्रिय होने की जरूरत है और जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले जन्म और मृत्यु की घटना को निबंधन करना है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी जन्म एवं मृत्यु की घटना के यदि 21 दिनों के अंदर सम्बंधित क्षेत्र के पदाधिकारी को आवेदन करता है तो उन्हें निःशुल्क प्रमाण पत्र दिया जाता है। वहीं निर्धारित समय के बाद आवेदन करने पर प्रमाण पत्र के लिए अलग अलग शुल्क निर्धारित है। उन्होंने कहा कि गुमशुदा व्यक्तियों का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए गुमशुदा होने के 7 वर्ष बाद आवेदन देना पड़ता है, साथ ही थाना में दर्ज सनहा की कॉपी भी देना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र एक प्रमाणिक दस्तावेज है। मौके पर डीएसडब्लूओ आरती कुमारी, प्रखंडों के बीडीओ, नगर प्रशासक जितेंद्र कुमार जैसल, प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक जॉन सोरेन, राकेश कुमार सिन्हा, पंकज कुमार, सन्तोष मिश्रा, विनोद कुमार, राजू पासवान आदि मौजूद थे।

## कंबल, शाल एवं गर्म कपड़े का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** एकाएक बढ़ती ठंड से कोडरमा रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड व सड़क के किनारे ठिठुर रहे गरीब असहायों के बीच हेल्पिंग कोडरमा टीम के युवाओं द्वारा शुक्रवार की रात पूरे शहर में घूम-घूम कर गरीब, निर्धन, जरूरतमंद, अहसहाय एवं निःसहाय लोगों के बीच कम्बल, शल एवं गर्म कपड़े का वितरण किया गया। इस मौके पर आकिब अंसारी ने कहा कि मनुष्य के जीवन की सार्थकता तब है, जब वह गरीब और असहायों की सेवा करें, मानव जीवन यही सबसे बड़ा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जो लोग ऐसा करते हैं, वे इंसानियत की मिसाल पेश करते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन का सच्चा अर्थ गरीब व जरूरतमंद को मदद करना है। हर साल की भांति इस साल भी वैसे गरीब, असहाय, विकलांग जरूरतमंद लोगों के लिए हम युवाओं के माध्यम से कम्बल, शाल एवं गर्म कपड़े कोडरमा रेलवे स्टेशन परिसर, शहर के चौक चौराहे, बस पड़ाव पर जाकर वैसे लोग जो लाचार, बेबस व गरीब होने के कारण इस कड़ाके की ठंड में किसी तरह अपना जीवन गुजर बसर कर रहे हैं, उनलोगों को चिन्हित कर कम्बल का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसा कर हमें काफी आत्मसंतुष्टि मिलती है, क्योंकि साधन संपन्न लोग तो अपने संसाधनों से गर्म कपड़े व कंबल जुटा लेते हैं। लेकिन गरीब तबके के लिए एक अदद कंबल खरीदने के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ती है, इसलिए हमलोग ऐसा काम करते हैं। उन्होंने कहा मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। मौके आकिब अंसारी, मो. अताउल्लाह, मो. आर्शिद, मो. एहसान, मो. इकलाख, सईद आरिफ, सद्दाम, जबाज सोएब आदि मौजूद थे।

## अवैध आरा मिल पर छापामारी

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर वन क्षेत्र के डुमरसोता में अवैध आरा मिल पर वन विभाग के आईएफएस इबीन बेन्नी अब्राहम के नेतृत्व में शनिवार को छापामारी किया गया। अवैध आरा मिल सुदामा चौधरी का बताया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों ने आरा मिल उखाड़ कर मशीन को अपने साथ साथ ले गए। भवनाथपुर रेंजर प्रमोद कुमार ठाकुर ने बताया कि अवैा आरा मिलों से वन क्षेत्रों में लगे पेड़ों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। संचालक के विरुद्ध बिहार काष्ठ चिराग अधिनियम 1990 के ाारा 5डी के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई किया जाएगा।

## जागरूकता शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को सिमरिया प्रखंड मुख्यालय में संचालित अनुसूचित जाति बालिका आवासीय विद्यालय में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्रीमती प्रज्ञा बाजपेई के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के केंद्रीय सचिव चिंतामणि पाठक ने बताया कि किसी भी इंसान की जिंदगी, आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार ही मानवाधिकार है। भारतीय संविधान इस अधिकार की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोड़ने वाले को अदालत सजा देती है। विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा , उमेश प्रसाद, रंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि भारत में 28 सितंबर 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर, 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया।

## गुम मोबाइल बरामद

**रमना।** थाना क्षेत्र के मुख्यालय निवासी कमर हबीब अंसारी और प्रियांशु शेखर का गुम हुआ मोबाईल रमना थाना पुलिस के सहयोग से बरामद कर लिया गया। शनिवार को थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने दोनों युवकों को बुलाकर कागजी खानापूर्ति पूरा करने के बाद मोबाईल सुपूर्द कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि दो माह पहले दोनों का मोबाईल गुम हो गया था। युवकों के द्वारा मोबाईल गुम होने की लिखित सूचना रमना थाना को दिया गया। इसके बाद रमना थाना पुलिस ने टेक्नीकल सेल के सहयोग से कमर हबीब का मोबाईल मेदनीनगर तथा प्रियांशु शेखर का मोबाईल लातेहार से बरामद करते हुए मोबाईल मालिक को वापस कर दिया।

## बैंक में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** शहर के एचडीएफसी बैंक में रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उदघाटन सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ एसएन सिंह, रेड क्रॉस के सचिव राजकुमार अग्रवाल, बैंक के शाखा प्रबंधक सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर के दौरान कुल 12 बैंक कर्मियों ने रक्तदान किया। शिविर को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि हमारे शरीर में रक्त बनने और निर्धारित समय के बाद इसके नष्ट हो जाने की प्रक्रिया चलती रहती है।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन, मंत्री सत्यानंद भोगता हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित जिलास्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता के समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंत्री सत्यानन्द भोगता ने फुटबॉल को किक मारकर विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके आयोजन समिति के लोगों ने मंत्री श्री भोगता को पुष्पगुच्छ भेंटकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। तत्पश्चात मंत्री श्री भोगता ने विजेता उपविजेता टीम को पुरुस्कार राशि, शील्ड, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत मंत्री श्री भोगता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि फुटबॉल एक लोकप्रिय खेल है जो खिलाड़ियों को स्वस्थ और अनुशासित रखता है। यह उनके मन में टीम भावना और उनके बीच में सहिष्णुता की भावना विकसित करता है। फुटबॉल खेलने से शारीरिक, सामाजिक, बौद्धिक और वित्तीय रुप से खिलाड़ियों को लाभ पहुँचता है। यह खिलाड़ियों की राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर समाज में एक अलग पहचान बनाता है। इस समापन समारोह में उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपरसमहर्ता पवन मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, डीआरडीए डायरेक्टर अरुण एक्का, खेल पदाधिकारी तुषार राय, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, जीप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, मुखिया कृष्णा दुबे, खेल संघ कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रेश शर्मा, राकेश सिंह, जितेंद्र चन्द्रवंशी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

# स्पीड न्यूज

### किसान के खेत मे मिला बछड़े की कटा सिर

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र के अरसली उतरी खड़ार टोला में मुंद्रिका प्रजापति के खेत मे एक बछड़े का कटा मुंडी गाड़े जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर ग्रामीणों आक्रोश में है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना भवनाथपुर थाना पुलिस को दे दी है।

### सुखाड़ राहत योजना से किसान को जोड़ें

**कोडरमा।** मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना को लेकर किसान मित्रों की बैठक प्रखंड के कृषि तकनीकी सूचना केंद्र में किया गया। मौके पर किसान मित्रों को प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सन्तोष कुमार सिंह ने मुख्य मंत्री सुखाड़ राहत योजना में सभी किसान को जोड़ने का निर्देश दिया और फसल राहत योजना में जिन किसानों ने ऑनलाइन पंजीयन करवाए थे, उन किसानों को प्रज्ञा केंद्र भेज कर केवाईसी कराकर मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में जुड़वाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि रविवार से लेकर मंगलवार तक प्रत्येक किसान मित्र अपने पंचायत में कैम्प के निर्धारित तिथि से एक दिन पहले सभी पंचायत प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए योजना में जुड़वाने का काम करें।

### शीतलहरी से बढ़ी ठंड का प्रकोप

**कोडरमा।** जिला में चल रही शीतलहरी से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। यह हालत अचानक मौसम में आई तब्दीली के कारण हुई है। जिला में पिछले तीन-चार दिनों में तापमान में करीब तीन से चार डिग्री की गिरावट आयी है। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। दिनभर 12-15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही है, जो लोगो को ठंड का अहसास करा रही है, जिससे जन जीवन प्रभावित हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अभी ठंड से लोगों को राहत मिलने वाली नहीं है। लगातार न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी, आगामी दिनों में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। अहले सुबह कोहरे की धुंध व दिन चढ़ने के बाद सुहानी धूप के बीच चल रही सर्द हवा लोगों को ठंड का एहसास करा रही है। सर्दी के मौसम में सुबह की पाली में संचालित होने वाले स्कूलों में अध्ययनरत बच्चे इन दिनों परेशान हैं। सुबह आठ बजे से स्कूल होने के कारण ठंड में ठिठुरते बच्चों को स्कूल पहुंचना पड़ रहा है।

### अवैध वसूली के खिलाफ उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**कोडरमा।** टैक्स वसूली कंपनी रितिका प्राइवेट लिमिटेड के अकाउंट मैनेजर विकास कुमार उर्फ बिट्टू के द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करने के साथ ही सरकार की छवि को धूमिल करने के आरोप में झामुमो नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा ने उपायुक्त से कार्यमुक्त करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि नगर पंचायत कोडरमा में पदस्थापित रितिका कंपनी के अकाउंटेंट मैनेजर द्वारा लोगों को अपने जाल में फंसा कर दोहन किया जा रहा है और अपने स्वार्थ के लिए अधिक राशि कमाने के उद्देश्य नियम के विरुद्ध कार्य किया जा रहा है।

### मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक घायल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** बरियाडीह-मरकच्चो मुख्य मार्ग स्थित बिचरिया नईटांड चौक के समीप शुक्रवार की शाम एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर जाने से बुरी तरह घायल हो गया। वहीं घायल की पहचान 24 वर्षीय सतीश कुमार पिता अलखदेव प्रसाद जिला नवादा बिहार एवं 30 वर्षीय सुदमा राणा पिता बालमुकुंद राणा चतरो जिला गिरिडीह के रूप में किया है।

### नो पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ा करने पर जुमार्ना

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में जिला जन सम्पर्क कार्यालय चतरा द्वारा आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से सभी वाहन चालकों को नो पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ा न करनें से संबंधित जागरूक किया गया। अगर नो पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ा करते पकड़े गए तो उनसे आर्थिक दण्डशुल्क वसूला जायेगा।

# एक नजर में

### अवैध ढिबरा लदा दस चक्का वाहन जब्त, दो को जेल

**डोमचांच (कोडरमा)।** पुलिस कप्तान कुमार गौवर के निर्देशानुसार डोमचांच थाना पुलिस ने शुक्रवार रात्रि गश्ती के दौरान डोमचांच पंचगावां मोड़ के समीप अवैध ढिबरा लदा दस चक्का ट्रक को पुलिस ने जप्त किया। वहीं मौके से ट्रक के चालक व उप-चालक टुन्नू चौहान पिता रामचंद्र चौहान लठियोबर निवासी व पप्पू मेहता पिता कार्तिक मेहता मसनोडीह निवासी को गिरफ्तार भी किया गया। वहीं पुलिस ने उक्त मामले को थाना कांड संख्या 153/22, धारा 379/411/34 भाद्रवी.एवं झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली अधिनियम 2004 की धारा 21(1)21(5) खान एवं खनिज अधिनियम एवं 33 भारतीय वन अधिनियम के तहत दर्ज करते हुए प्राथमिकी अभियुक्त चालक व उप-चालक टुन्नू चौहान व पप्पू मेहता को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### इंटरहाउस वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** चेचई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में सीसीए क्रियाकलाप के अंतर्गत इंटरहउस बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हिमाद्रि, हिमाचल एवं शिवालिक तीनों हॉउस ने भाग लिया। तीनों हॉउस के खिलाड़ियों ने पूरी दमखम व जोश के साथ अपना-अपना बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास किया। अपने बेहतर प्रयास के बदौलत हिमाद्रि हॉउस इस प्रतियोगिता का चौंपियन रहा। वहीं शिवालिक हाउस प्रतियोगिता में उपविजेता बना। हिमाद्रि हॉउस के मानस यादव व अंशुमान ने पूरे प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बना। विजेता टीम एवं खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। सभी खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल से उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करवाया।

### ट्रक ड्राइवर की अज्ञात अपराधियों ने की हत्या

**चतरा।** सिमरिया और लावालोंग थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके में अज्ञात अपराधियों ने एक ट्रक चालक की हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंक दिया। अपराधियों ने चालक की हत्या पत्थर से कूचकर की है। ट्रक चालक की हत्या की इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची लावालौंग थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल चतरा भेज दिया।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**सिमरिया।** सिमरिया बगरा पथ स्थित बेलगड्डा चौक समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक किशन कुमार बगरा गांव का रहने वाला है। ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। जानकारी के अनुसार युवक अपने घर बगरा से सिमरिया आ रहा था। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रहा पिकअप वैन के चकमा देने से बाइक अनियंत्रित हो गया और खड़ी हाइवा के नीचे जा टकराया। जिससे युवक घायल हो गया। युवक के माथे पर गहरा चोट लगी है।

### कोडरमा के नये एसडीपीओ ने पदभार ग्रहण किया

**कोडरमा।** जिले में नए एसडीपीओ के रूप में वर्ष 2020 के आईपीएस ऑफिसर प्रवीण पुष्कर ने पदभार ग्रहण किया, इसके पूर्व श्री पुष्कर जमशेदपुर में बतौर प्रशिक्षु एएसपी पद पर पदस्थापित थे, जबकि कोडरमा के पूर्व एसडीपीओ अशोक कुमार का स्थानांतरण मुख्यालय में हुआ है। वे मूलतः पडोसी राज्य बिहार के सुपौल के रहने वाले हैं। पदभार ग्रहण करने के उपरांत अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए जिले के नए एसडीपीओ श्री पुष्कर ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता विधि व्यवस्था बनाये रखते हुए पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर सम्बन्ध स्थापित करना रहेगा।

### कुएं में गिरने से एक महिला की मौत

**डोमचांच (कोडरमा)।** ढाब थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बगांखलार में कुएं से पानी भरने के दौरान अचानक लकड़ी टूट जाने से महिला कुएं में गिर गई। कुएं में गिरने से महिला की मौत हो गई, घटना शुक्रवार दोपहर की है। मृतका महिला की पहचान 32 वर्षीय गुड़िया देवी पति विश्वनाथ सिंह बंगाखलार निवासी के रूप में की गई है। घटना की सूचना पाकर ढाब थाना पुलिस घटना स्थल पर पंहुचकर शव को कब्जे में लेकर शनिवार को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### रेलवे पुल के पास पानी में तैरता मिला महिला का शव

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जवाहर घाटी रेलवे पुल के समीप शनिवार को पानी में महिला का शव मिला है। आशंका है कि महिला की हत्या करने के बाद शव को पत्थर से बांध दिया गया। टेलिफोनिक सूचना के आधार पर चंदवारा थाना प्रभारी को जवाहर घाटी रेलवे पुल के पास गहरे पानी में एक महिला का तैरता हुआ शव मिला। शव को निकालने का प्रयास किया जाने लगा तो पता चला की शव एक पत्थर से बंधा हुआ है।

### मनोज सहाय पिंकू कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव मनोनित

**कोडरमा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे के निर्देशानुसार राष्ट्रीय महासचिव सह सांसद केसी.वेणुगोपाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के आलोक में जिला के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रदेश सचिव पद पर मनोनित किया गया है। ज्ञात हो कि श्री सहाय प्रदेश प्रतिनिधि सहित जिला 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति के सदस्य भी हैं, जबकि जिला के प्रथम जिलाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी निर्मल कुमार ओझा एवं पूर्व महिला जिलाअध्यक्ष बेबी सिन्हा को प्रदेश कांग्रेस के विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। श्री सहाय ने राष्ट्रीय नेतृत्व सहित प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया है कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें जो जवाबदेही दिया है, उसपर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

### नयी शिक्षा नीति पर कार्यशाला का आयोजन

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में नई शिक्षा नीति को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे आदर्श कॉलेज राजधनवार के प्राचार्य प्रो. डॉ बिमल कुमार मिश्रा बतौर मुख्य वक्ता के तौर पर भाग लिया और उपस्तिथ शिक्षकों को जानकारी प्रदान की। अपने कार्यशाला में डॉ.बिमल मिश्रा ने पूर्व-प्राथमिक विद्यालय से कक्षा 12 तक स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करना, 3-6 वर्ष के बीच के सभी बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा सुनिश्चित करना, नई पाठ्यचर्या और शैक्षणिक संरचना जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी शिक्षकों को दी।

### अनाज घोटाले को लेकर 12 को आमरण अनशन

**सिमरिया।** एटक नेता विनोद बिहारी पासवान आगामी 12 दिसंबर को प्रखंड में हुए अनाज घोटाले के विरोध में आमरण अनशन पर बैठेंगे। इस बाबत उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास को आवेदन देकर सूचना दी है। उन्होंने कहा कि डीलरों ने धोखे से ई पॉश मशीन में कार्ड धारियों से अंगूठा ले लिया और उन्हें अनाज नहीं दिया। जो एक साइबर क्राइम है। ऐसे में इस घोटाले की जांच और कार्रवाई साइबर क्राइम के तहत होनी चाहिए। एटक नेता ने कहा कि प्रखंड सुखाड़ की मार झेल रहा है और खरीफ फसल की पैदावार प्रखंड में नगण्य है।

### अखिल भारतीय नाई समाज की बैठक संपन्न

**टंडवा।** अखिल भारतीय नाई समाज टंडवा केरेडारी इकाई की बैठक नीम चौक कपूर्री भवन में किया गया। जिसकी अध्यक्षता गोविंद ठाकुर,संचालन निरंजन ठाकुर ने किया।बैठक में मुख्य रूप से टाउन हॉल के सामने गत वर्ष 2021 में विधायक किशुन कुमार दास के हाथो कपूर्री भवन निर्माण का शिलान्यास हुई थी।जिसका विलंब होने पर विदित रूप से विचार विर्मश किया गया।बताया गया की कागजी प्रक्रिया कर जिला भेजने की पहल करने एवं सिमरिया विधायक फण्ड में विभागीय देरी के कारण अति शीघ्र ध्यानाकृष्ट कराने पर निर्णय लिया गया।

## स्पीड न्यूज

### तेतरियाखांड के नये परियोजना पदाधिकारी का सम्मान समारोह आज

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्थित सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी के वर्तमान परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार का तबादला हो जाने के बाद नए परियोजना पदाधिकारी के रूप में अनिल कुमार सिंह योगदान देंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि रविवार को निवर्तमान परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार का विदाई समारोह और नए परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह का स्वागत समारोह आयोजित होगा। यह सम्मान समारोह ट्रक ऑनर एशोसिएशन एवं डिओ होल्डर मालिक संघ तेतरियाखांड द्वारा रखा गया है।

### शहर में डीटीओ ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान


चेकिंग करते डीटीओ।

**लातेहार।** जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना चौक, चटनाही चौक, धर्मपुर मोड़ पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया गया। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान नियम का उल्लंघन करने वाले कुल 35 वाहन चालकों से 24 हजार रुपये का अर्थदंड की वसूली गयी।

### शेरशाह 11 ने आरएससीसी जूनियर को 146 रन से हराया

**लातेहार।** सीनियर जिला क्रिकेट लीग का दसवां मैच आर एस सी सी जूनियर ताथा शेरशाह 11 के बीच खेला गया। जिसमे शेरशाह 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 248 रन का विशाल स्कोर बनाए। जिसमे आनंद सिंह ने नबाद 71, विकास पांडे 32, प्रियांशु चौबे ने 27 रन का योगदान दिया। आर एस सी सी जूनियर की ओर से दिवाकर कुमार राय 3 विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी आर एस सी सी जूनियर ने 30 वे ओवर में 102 रन पर पूरी टीम ढेर हो गई। जिसमें रौशन मो चांद अली 15, लक्ष्य त्रिपाठी 16 रन का योगदान दिया। शेरशाह 11 की ओर से अतुल कुमार गुप्ता 4, रौनक दुबे 2 विकेट चटकाए। मैच के अंपायर श्रवण महली तथा प्रतीक आनंद थे जबकि स्कोरिंग लवकुश कुमार ने किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार संघ के कमिटी सदस्य सह सीनियर लीग के पर्यवेक्षक दिलीप कुमार प्रसाद के शेरशाह 11 के आनंद सिंह को दिया गया। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार, मो कामरान श्रवण महली, अंकित गौरव, प्रतीक आनंद समेत सैकड़ों दर्शक ताथा खिलाड़ी उपस्थित थे।

### शिक्षा दीप पब्लिक स्कूल में रिजल्ट हुआ जारी


मौके पर मौजूद अभिभावक।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के झाबर ग्राम स्थित शिक्षा दीप पब्लिक स्कूल में हुई द्वितीय जांच परीक्षा में कक्षा नर्सरी और कक्षा पांच का परिणाम घोषित हुआ। विद्यालय के व्यवस्थापक मनोज कुमार साहू ने रिजल्ट जारी करते हुए बताया कि विद्यालय के नर्सरी कक्षा में रिशिका कुमारी पहले स्थान पर द्वितीय स्थान पर आदित्य भगत तृतीय स्थान पर श्रेया भगत, कक्षा पांच में प्रथम प्रीतम कुमार द्वितीय आदर्श कुमार और तृतीय आयुष राज रहे। मौके पर व्यवस्थापक मनोज कुमार ने विद्यार्थियों व अभिवावकों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर विद्यालय के शिक्षक दीपक कुमार, उमेश कुमार, अजीत उरांव, कुंदन कुमार, फुल कुमारी, आरती कुमारी, रीता देवी चांदनी देवी सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य सहियाओं को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण


प्रशिक्षण लेती सहिया।

**बारियातू।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारीयातू मे गोल्डेन कार्ड बनाने को लेकर स्वास्थ्य सहियाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मे आए जिला कार्यक्रम समन्वयक आशीष डिन ने सभी सहियाओं को बताया की आप सभी अपने अपने पोषक क्षेत्र मे गोल्डेन कार्ड ऑनलाईन करना प्रारम्भ कर दें। जिन व्यक्ति का राशन कार्ड होगा वैसे व्यक्ति को गोल्डेन कार्ड बनाया जायेगा। गोल्डेन कार्ड बनाने के लिए आधार से मोबाइल नंबर लिंक होना जरुरी है। यदि आधार से मोबाईल नंबर लिंक नहीं हुआ हो तो वैसे लाभुक अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र से लिंक करवा लें। ऑनलाइन के दौरान ओटीपी के लिए मोबाइल लाना अनिवार्य है। वहीं गोल्डेन कार्ड से मिलने वाली लाभ के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए बताया की ईलाज के लिए पांच लाख का बीमा होगा। कार्ड से लाभुक को पांच लाख तक का ईलाज नि:शुल्क करवा सकते हैं। वर्तमान मे ऑनलाइन होगा जिसे 6 एजेंसीयों द्वारा कार्ड भेज दिया जायेगा। उपस्थित सहियाओं को पंद्रह दिनों मे नि:शुल्क गोल्डेन कार्ड बनाने का निर्देश दिया। मौके पर बीटीटी हिरामन पांडेय, दिलीप दांगी सहित कई सहिया मौजूद थे।

# नियमों को ताक पर रखकर चकला के अभिजीत प्लांट को लूट रहे हैं माफिया : प्रतुल शाहदेव

## बंद पड़े प्लांट से हो रही है स्क्रैप की चोरी, बेशकीमती समाग्री को ले गये कूड़े के भाव

➲ स्थानीय रैयतों को अब तक नहीं हुआ है पूरा भुगतान, बाहरी को दिया काम, माफिया सक्रिय

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रतुल शाहदेव।


अभिजीत प्लांट।

**चंदवा।** चंदवा के चकला स्थित बंद पड़े अभिजीत पॉवर प्लांट से इन दिनो स्क्रैप के नाम पर दिनदहाड़े चोरियां हो रही है। इस चोरी को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने माफियाओं के द्वारा दिन-दहाड़े डकैती बताया है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि स्क्रैप के नाम पर बेशकीमती मशीनों एवं संयत्रो की चोरी की जा चुकी है। इस बड़े लूट में एक माफिया गिरोह सक्रिय है जो कुछ मुट्ठी भर स्थानीय दलालों को लेकर पूरे प्लांट को लूटना चाहते हैं। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि ग्रामीणों ने मुझे जो जानकारी दी है उसके अनुसार जिस इलाके से स्क्रैप का उठाव कराना था इसके अतिरिक्त भी दबंग, माफिया गिरोह ने स्क्रैप के नाम पर कई सामग्रियों की चोरी करवाई। इस पूरे कार्य में बाहरी मजदूरों को लगाया गया है जिससे स्थानीय मजदूरों और लोगों में रोष है। प्रतुल शाहदेव ने कहा की वो शीघ्र प्लांट से प्रभावित रैयत, मजदूर और ग्रामीणों से मिलकर इस पूरे लूट की जानकारी संबंधित मंत्रालय और अधिकारियों को देंगे। इस स्क्रैप के नाम पर भी करोड़ों की लूट हुई है। लूट की राशि कई सौ करोड़ रुपयों की है। बड़ी जांच एजेंसी से जांच की आवश्यकता है। प्रतुल ने कहा यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि बहुत सारे स्थानीय रैयतों को अभी तक जमीन के मुआवजे का पूरा भुगतान नहीं हुआ है लेकिन लूट का खेल बदस्तूर जारी है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर एसडीएम ने की आवश्यक बैठक, दिये कई दिशा निर्देश


बैठक करते एसडीएम व अन्य।

**लातेहार।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चलाई जा रही मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को शत प्रतिशत करने को लेकर लातेहार के अनुमंडलाधिकारी शेखर कुमार बालूमाथ पहुंचे और बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित उच्च विद्यालय के सभागार में प्रखंड के पदाधिकारी, अधिकारी के साथ-साथ बीएलओ के साथ बैठक की। इस बैठक के माध्यम से अनुमंडलाधिकारी शेखर कुमार ने कहा कि बालूमाथ उच्च विद्यालय से 965 छात्र-छात्राओं का नई मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने है। जिनकी उम्र 17 वर्ष पार हो चुकी है लेकिन अब तक महज 450 छात्र-छात्राओं का ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार प्रखंड क्षेत्र में 17 वर्ष पार कर चुके उम्र के हर छात्र छात्रा को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए आवेदन संग्रह करने और जोड़ने के लिए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी राजश्री ललिता बाखला अंचलाधिकारी आफताब आलम राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय की प्राचार्य रूबी बानो नोडल पदाधिकारी पंकज सिंह प्रखंड के पंचायती राज पदाधिकारी गोपाल नाथ सिंह बीएलओ सरयू प्रसाद साहू संजय पाठक जयश्याम गंजू रंजू देवी कंप्यूटर ऑपरेटर नारायण कुमार आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# भुखमरी की मार झेलने को मजबूर हैं श्रमिक

## विधायक रामचंद्र सिंह से मुलाकात कर मजदूरी भुगतान कराने की लगाई गुहार


विधायक को मांगपत्र सौंपते वन श्रमिक।


विधायक आवास पर बैठे श्रमिक।

➲ लंबित मजदूरी भुगतान कराने को लेकर गंभीर नहीं है वन विभाग के अधिकारी : श्रमिक

खबर मन्त्र संवाददाता

### समस्या से निजात दिलाने का करेंगे पूरा प्रयास : रामचंद्र सिंह

विधायक रामचंद्र सिंह ने वन श्रमिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मामले को लेकर वह राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री माननीय हेमंत सोरेन से शीघ्र मुलाकात कर लंबित भुगतान जल्द से जल्द कराने का पूरा प्रयास करेंगे। विधायक ने यह भी कहा कि अगले विधानसभा सत्र में पूरे मामले को मजबूती से रखते हुए समस्याओं से निजात दिलाने का काम करेंगे, ताकि आप सभी वन श्रमिकों का नियमित भुगतान हो सके।

**बरवाडीह।** पलामू व्याघ्र परियोजना अंतर्गत कार्यरत 350 वन श्रमिकों को पिछले तीन वित्तीय वर्षो का बकाया मजदूरी भुगतान नहीं होने के कारण उनके परिवार की आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। श्रमिकों को मौजूदा वर्ष 2022/23 में भी पूरे माह का मजदूरी भुगतान वन विभाग के द्वारा नहीं किया गया है। जिसे लेकर श्रमिकों में विभाग और सरकार के प्रति आक्रोश है। शनिवार को निराश और हताश वन श्रमिकों ने बड़ी संख्या में मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरा स्थित आवास पर पहुंच उनसे मजदूरी भुगतान कराने की गुहार लगाई हैं। जहां श्रमिकों ने विधायक को मांगपत्र सौंपते हुए बताया कि लगभग चार वर्षों में किसी वर्ष तीन माह तो किसी वर्ष छह माह का मजदूरी भुगतान किया गया है। वह भी यूनियन के द्वारा आंदोलन की चेतावनी देने पर कर्ज के तौर पर महज कुछ माह की मजदूरी दी गई है। पलामू व्याघ्र परियोजना के अधिकारियों का कहना है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा राशि विमुक्ति नहीं करने के कारण भुगतान लंबित है। उन्होंने यह भी कहा कि वन विभाग के अधिकारी मजदूरों को शीघ्र भुगतान करवाने के प्रति गंभीर नहीं है। जिसके कारण वन श्रमिकों का स्थिति अत्यंत दयनीय हो गया है। अधिकांश श्रमिक भुखमरी के कगार पर आ गए हैं। जिसके कारण मजदूरों के साथ-साथ व्याघ्र परियोजना में संरक्षण और संवर्धन कार्य भी प्रभावित हो रहा है। वन श्रमिकों ने विधायक से मांग की है कि हम श्रमिकों का लंबित मजदूरी भुगतान करवाने एवं अनियमित भुगतान व्यवस्था को नियमित कराने की कारवाई करें ताकि श्रमिकों कि जीवन रक्षा हो सके।

## धान अधिप्राप्ति के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक


बैठक करते पदाधिकारी व अन्य।

**लातेहार।** अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड के द्वारा बताया गया कि इस वर्ष धान अधिप्राप्ति 15 दिसंबर से प्रारम्भ होगा। इस संबंध में ज्यादा से ज्यादा किसानों को धान अधिप्राप्ति हेतु निबंधन कराने के लिए जागरूक करें। इस बार साधारण धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य 2040 प्रति क्विंटल एवं ग्रेड ए धान ले लिए 2060 प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य सरकार द्वारा तय किया गया है। साथ ही प्रति क्विंटल 10 रुपए अतिरिक्त प्रदान किया जाएगा उन्होंने कहा किसानों को धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य के बारे जानकारी दें। लैम्पस में निर्धारित दर पर ही ही धान की खरीद हो इसे सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा धान अधिप्राप्ति में किसी तरह की बिचौलियागिरी नहीं हो इसे सुनिश्चित कराएं। लैम्पस द्वारा क्रय किये गये अनाज का मूल्य किसानों के बैंक खाते में सीधे हस्तांरित कर दिया जायेगा। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी गारू प्रताप टोप्पो, अंचल अधिकारी गारू शंभू राम, उपप्रमुख, कृषक मित्रों, मुखिया, एटीएम, बीटीएम तथा जनसेवक आदि उपस्थित थे। बैठक में पश्चात अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ द्वारा गारू लैंपस का निरीक्षण कर आवश्यक व आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### विभिन्न चौक चौराहो में अलाव की मांग

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय के सभी प्रमुख चौक चौराहों में अंचल कार्यालय की ओर से आलाव की व्यवस्था शनिवार को बनाई गई। आलाव के सम्बंध में बीडीओ सह सीओ दीपाली भगत ने बताई की बढ़ते कनकनी व ठंड को देखते हुए सभी चौक चौराहों में आलाव की व्यवस्था बना दी गई है। जरूरत पड़ने पर और आलाव के लिए लकड़ी की व्यवस्था बनाई जाएगी। साथ ही सभी पंचायतों में पूर्व में ही मुखिया को कंबल उपलब्ध करा दिया गया है। सभी गरीब असहाय बुजुर्गों जरूरत मंदों को कंबल दिया जा रहा है।

### जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन


शिविर में उपस्थित पदाधिकारी।

**लातेहार।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार रांची झालसा के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश लातेहार अखिल कुमार के आदेशानुसार अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय, लातेहार के प्रांगण में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार स्वाती विजय उपाध्याय ने कहा कि मानव अधिकारों की रक्षा हेतु मानवाधिकार आयोग का गठन विश्व स्तर पर किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाता है। उन्होंने इस विषय पर विशेष चर्चा की तथा बच्चों को इस पर विशेष रूची जगायी। इस मौके पर अनिल कुमार ठाकुर, अधिवक्ता ने विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नि:शुल्क दी जाने वाली कानूनी सहायता एवं सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की। विद्याालय की कक्षा 11 वीं छात्रा रानी भगत ने भी मानवाधिकार के अधिकारो के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राम प्यारे सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक उपेन्द्र सिंह, सोनू कुमार, शिक्षिका पुनम खलखो आदि शिक्षकवृंद एवं पीएलभी रविन्द्र कुमार, नीरज कुमार मौजुद थे।

# मनाया गया आदिवासी सांस्कृतिक विकास संगठन का स्थापना दिवस


कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के सासंग पंचायत अंतर्गत सिकनी डामर स्थित सरना शक्ति खूंटा परिसर में पांच पड़हा के द्वारा आदिवासी संस्कृति विकास संगठन का स्थापना धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्व प्रथम अतिथियों एवं समाज के लोगो के द्वारा सरना शक्ति खुटा स्थल पर विधिवत पूजन किया गया, तत्पश्चात बंदे उरांव व विनेश्वर भगत की अगुवाई में सामूहिक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय आदिवासी महिला शक्ति मंच की सामाजिक कार्यकर्ता बरखा लकड़ा मौजुद थी। उन्होंने सामाजिक एकजुटता एवं उत्थान पर जोर देने व समाज में व्याप्त कुरीतियां को दूर कर शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही। कहा कि आदिवासी समाज को शिक्षित व अपने अधिकार के प्रति जागरूक होना होगा। इसके अलावे विनोद भगत, जमुना टोप्पो, जिप अध्यक्ष पूनम देवी, जीप सदस्य सरोज देवी, जिला पड़हा राजा परमेश्वर भगत, जयराम उरांव समेत अन्य वक्ताओं ने अपनी बातों को रखा। इस मौके पर जतरा मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमे कई गांव व टोलों के खोड़हा के द्वारा पारम्परिक रीति रिवाज में एक से बढ़कर एक नृत्य पेश किया गया। मौके पर नरेश भगत, पुष्पा उरांव, सोमा उरांव, देव कुमार भगत, कृष्णदेव भगत, संध्या भगत, मीना उरांव, शानिचर उरांव, जागा उरांव, राजनाथ उरांव, बाबुलाल उरांव समेत काफी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

# बालक एवं बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता


शिविर में उपस्थित लोग।

**बारियातू।** प्रखंड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बालक एवं बालिकाओं को व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक दिवाकर मिश्रा विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य सत्येंद्र प्रसाद व प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने संयुक्त रूप से मां शारदे ओउम एवं भारत माता की चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम मे सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने बताया कि विद्या भारती योजना के अनुसार व्यक्तित्व विकास हेतु बालक बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है। जहां छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता कराया गया। कक्षा प्रथम से अष्टम तक डस्टबिन बनाओ प्रतियोगिता, कबाड़ से जुगाड़, चित्रकला बनाओ एवं सुलेख हिंदी एवं अंग्रेजी में लिखो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा षष्ठ से अष्टम तक भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सम्बन्ध मे मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने कहा कि अपने से बड़ों व माता-पिता गुरु का आदर सम्मान करना चाहिए साथ ही कहा की सुबह उठकर पढ़ाई करना चाहिए सुबह में पढ़ने से पाठ याद हो जाता हैं। वहीं सत्येंद्र प्रसाद ने भी उपस्थित छात्र-छात्राओं के बीच सम्बोधित किया थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ किया गया। मौके पर आचार्य लक्ष्मण राम, वीणा दीदी, खुशबू दीदी, मनीषा दीदी, किरण दीदी, विनीता दीदी सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### ग्राम प्रधान संघ ने की बैठक

➲ प्रखंड स्तरीय कमेटी का किया गया विस्तार, अध्यक्ष बने अरुण सिंह प्रदान करें


बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधान संघ के लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित मनरेगा सहायता केंद्र कार्यालय में दिन शनिवार को ग्राम प्रधान संघ के द्वारा प्रखंड स्तरीय बैठक किया गया। बैठक में प्रखंड स्तरीय कमेटी का विस्तार भी किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान संघ के प्रखंड अध्यक्ष अरुण सिंह,सचिव राजेश्वर सिंह,कोषाध्यक्ष विनोद सिंह,उपाध्यक्ष कयूम अंसारी को बनाया गया। बैठक से संबंधित जानकारी देते हुए कयूम अंसारी ने बताया कि बैठक का उद्देश्य कमेटी का विस्तार करना और ग्राम प्रधानों को अपने अधिकार के प्रति जागरूक करना था। जिसे लेकर आज विशेष चर्चा भी की गई है। मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा सभी ग्राम प्रधानों को उनके खाते में एक सुनिश्चित राशि दिए जाने की बात कही गई थी लेकिन सरकार की ओर से आज तक इस पर कोई पहल नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि हम लोग आज के बैठक व प्रेस के माध्यम से अपने अधिकार एवं अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं ताकि सरकार हमारी मांगों को जल्द पूरी करे। मौके पर बालेश्वर सिंह, महावीर प्रसाद, शिवराज सिंह, राजाराम सिंह, जितेंद्र सिंह, सुखराम उरांव, कमलेश उरांव, चिंता देवी, बलेश्वर उरांव, कुलदीप उरांव, समेत प्रखंड क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी ने की जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक

खबर मंत्र संवाददाता



**महुआडांड़।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि पंचायत सचिव समेत अन्य कर्मी उपस्थित हुए। उपस्थित लोगों को प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग के द्वारा 15 वें वित्त, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, मनरेगा, जन वितरण प्रणाली, ऋण संबंधित, आपदा प्रबंधन, कल्याण विभाग, अलाव की व्यवस्था, अंचल से संबंधित समेत विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। आगे उन्होंने कहा कि जो भी प्रधानमंत्री आवास अपूर्ण है उसे जल्द से जल्द पूरा करें। 15 वे वित्त से संबंधित जो भी पुराने योजनाएं है उनका भुगतान कर नए योजनाओं का भी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें। जो भी टाइड अनटाइड की राशि बची हुई है योजना लेकर जल्द से जल्द राशि को खर्च करें। मनरेगा के तहत जो भी पंचायतों में योजनाएं चल रही है उन्हें सुचारू रूप से चलाए। धान अधिप्राप्ति को लेकर सभी को कहा गया कि यह सभी अपने स्तर से गांव में प्रचार प्रसार करें और किसानों को अधिक से अधिक धान देने को प्रोत्साहित करें। धान अधिप्राप्ति को लेकर 15 दिसंबर तक रजिस्ट्रेशन का कार्य किया जाना है इसकी जानकारी बृहद पैमाने पर किसानों तक पहुंचाएं। आप सभी जनप्रतिनिधि अपने स्तर से देखें की जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के द्वारा राशन का सही से वितरण किया जा रहा है या नहीं। अगर किसी तरह की त्रुटि होती है तो इसकी सूचना दे। ठंड को देखते हुए उपायुक्त महोदय के द्वारा अलाव की व्यवस्था कराने के लिए कही गई है जिसे लेकर सभी जनप्रतिनिधियों को अवगत करा दिया गया है। पेयजल को लेकर जल जीवन से संबंधित सभी गांव टोला में पेयजल की व्यवस्था कराई जा रही है इससे भी जनप्रतिनिधियों द्वारा निरीक्षण करना है ताकि बेहतर ढंग से पेयजल की व्यवस्था कराई जा सके। मुख्यमंत्री सृजन योजना के तहत जिन्हें ऋण की आवश्यकता हो वे प्रखंड कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। आपदा से संबंधित जो भी आवेदन आए गए थे उसका निपटारा कर दिया गया है। और इस तरह से जो भी मामले हो उन्हें आप सभी इसकी सूचना अंचल कार्यालय को जरूर दें ताकि आफ्टर से संबंधित कार्य किया जा सके। दाखिल खारिज मोटेशन को लेकर भी जिस तरह का मामला आता है उसे लेकर अंचल को सूचित करें। मौके पर प्रखंड प्रमुख कंचन कुजुर, उप प्रमुख अभय मिंज, सभी पंचायत समिति सदस्य मुखिया गन पंचायत सेवक समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## बीजीएच के डॉ बीरेंद्र कुमार को मिला गोल्ड मेडल



**बोकारो।** बीजीएच के अस्थि रोग विभाग के चीफ कंसल्टेंट डॉ बीरेंद्र कुमार को अमृतसर में आयोजित नेशनल ऑर्थोपैडिक कॉन्फ्रेंस में बच्चों में एल्बो फ्रेक्चर के बिना चीर.फाड़ के मात्र 15.20 मिनट में इलाज की जॉय स्टिक तकनीक नामक विधि विकसित करने हेतु गोल्ड मेडल से नवाजा गया है। डॉ बीरेन्द्र कुमार एवं बीजीएच की उनकी टीम द्वारा जॉय स्टिक तकनीक पर लिखा आलेख इंटरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च इन ऑर्थोपैडिक्स में भी प्रकाशित हो चुका है। डॉ बीरेन्द्र कुमार और उनकी टीम बीजीएच के डीएनबी प्रशिक्षुकों को भी इस विधि में ट्रेनिंग दे रही है।

## बेलगड़िया में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**धनबाद।** झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकरण (जेआरडीए) द्वारा असर्फी अस्पताल के सहयोग से बेलगड़िया स्थित झरिया विहार कॉलोनी में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन डॉ ज्योत्सना झा और डॉ स्वाति सिन्हा ने किया।
शिविर में स्त्री रोग संबंधी समस्याओं का सामना कर रही कॉलोनी की महिलाओं ने दोनों चिकित्सकों से परामर्श लिया। उन्हें सबसे आम बीमारियों को रोकने की सलाह दी गई। डॉ ज्योत्सना ने महिलाओं को बताया कि वे मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता रखकर विभिन्न बीमारियों को रोक सकती हैं और सुरक्षित रह सकती है। साथ ही महिलाओं को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक भी किया।

## सामाजिक समस्याओं के निदान पर बच्चों ने बनाये प्रोजेक्ट

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के छात्र अभिनीत शरण ने गूंगे बहरों के लिए एक खास सॉफ्टवेयर और मोबाइल ऐप विकसित किया है। इसकी मदद से इशारों में बताए जाने वाली बातचीत को विभिन्न भाषाओं में आवाज के तौर पर सुना जा सकता है। कंप्यूटर कोडिंग की मदद से सॉफ्टवेयर इशारों का ग्राफिकल एनालिसिस कर उसे स्पीच में कन्वर्ट करता है।

## गरीबों के बीच न्यायाधीश ने बांटे कंबल

**धनबाद ।** बढती ठंड से गरीबों को निजात दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के निर्देश पर गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया । इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला ने बताया कि फुटपाथ एवं बेसहारा - बेघर लाचार गरीब महिला , पुरुषों के बीच कड़ाके की ठंड से राहत हेतु कंबल का वितरण किया गया । डालसा सचिव ने बताया कि लाचार एवं बेघर लोगों को राहत पहुंचाने के लिए डालसा द्वारा गठित टीम राहत पहुंचाने के लिए तत्पर एवं प्रयत्नशील है ।

## बोकारो में सड़क सुरक्षा जागरूकता की पहल

**बोकारो।** जन सामान्य को यातायात नियमों का पालन करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से बीएसएल के इस्पात भवन परिसर से एक सड़क सुरक्षा जागरूकता वैन को अधिशासी निदेशक ;कार्मिक एवं प्रशासनद्ध संजय कुमार ने रवाना किया। मौके पर बीएसएल के अन्य वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे।इसके अलावा एचआरडी सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक ;सुरक्षाद्ध ए झा ने कर्मियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलवाई। लोगों ने शपथ ली की सड़क सुरक्षा को वे अपने जीवन में प्राथमिकता के आधार पर पालन करने का संकल्प लेते हैं।

# बीएस आउटसोर्सिंग कंपनी में अधिकार मांगने गये रैयतों को पुलिस ने पकड़ा

**पुलिस, बीसीसीएल और आउटसोर्सिंग पर लगाया कोयला चोरी का आरोप**



### हाइवा से भट्ठों में भेजा जा रहा कोयला

सूत्रों की माने तो तेतुलमारी थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस बीएस आउटसोर्सिंग और प्रमोद नामक व्यक्ति का सिंडिकेट रात के अंधेरे में कोयले के काले कारोबार को अंजाम पहुंचा रहा है और दर्जनों हाईवा से कोयला अवैध रूप से निकालकर बरवाअड्डा एवं गोविंदपुर के भट्ठो में बेचा जा रहा है।

खबर मन्त्र संवाददाता

**तेतुलमारी।** बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 4 कतरास एरिया के अंतर्गत वेस्ट मोदी डीह में चलने वाले बीएस आउटसोर्सिंग में शनिवार को सैकडों ग्रामीणों के साथ रैयतो ने नियोजन मुआवजा और पुनर्वास की मांग को लेकर कंपनी का चक्का जाम करने के लिए पहुंचे। बताते चलें कि बीएस आउटसोर्सिंग कंपनी का चक्का जाम पूर्व निर्धारित था जिसके लिए रैयतों द्वारा सभी जगह पत्र दिए गए थे। जब रैयत चक्का जाम करने के लिए पहुंचे तब कंपनी के द्वारा पुलिस बुला ली गई तथा पुलिस एवं रैयतो के बीच जमकर झड़प हो गई। धरना स्थल से तेतुलमारी पुलिस द्वारा चार रैयतों को उठा कर थाने लाया गया है जिनमें मृत्युंजय सिंह धनंजय सिंह अनुज सिंह एवं छोटू नाम का व्यक्ति है।

वही पुलिस द्वारा पकड़े गए रैयत की पत्नी ने पुलिस प्रशासन और बी एस आउटसोर्सिंग कंपनी पर आरोप लगाते हुए कहा कि रात रात भर हाईवा से कोयला चोरी कर बेचा जाता है लेकिन जो रैयत अपना अधिकार मांगने आते हैं पुलिस के द्वारा उन पर कार्रवाई की जाती है जबकि बीसीसीएल आउटसोर्सिंग कंपनी और पुलिस मिलकर कोयले को बेच रही है। बताते चलें कि इससे पहले भी तेतुलमारी थाना क्षेत्र के में स्थित वेस्ट मोदीडीह में चलने वाले बीएस आउटसोर्सिंग भूमि आउटसोर्सिंगमें कोयला चोरी की खबर अखबारों में कई बार छप चुका है। पिछले 19 नवंबर को बाघमारा अनुमंडल के ही बेनीडीह में कोयला तस्करों एवं सीआईएसएफ के बीच मुठभेड़ में चार कोयला तस्करों की जान जाने के बाद भी तेतुलमारी थाना क्षेत्र में कोयले का काला कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। वैनिटी घटना के बाद परिजनों से मिलने पहुंचे बगोदर विधायक विनोद सिंह एवं निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने भी सीधे तौर पर कोयला चोरी के लिए बीसीसीएल के जीएम आउटसोर्सिंग कंपनी प्रबंधक एवं पुलिस को जिम्मेदार ठहराया था।

## धनबाद : स्पेशल मेडिएसन में पति-पत्नी के 29 विवाद समाप्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए गए स्पेशल मेडिएशन ड्राइव में पति पत्नी के बीच के 29 विवादों को निपटा दिया गया ।इस बाबत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश निताशा बारला ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर सिविल कोर्ट धनबाद के प्रांगण में पांच दिनों का स्पेशल मेडिएशन ड्राइव पांच दिसंबर से शुरू किया गया था जो 9 दिसंबर तक चला ।इस दौरान केवल पति पत्नी के बीच के विवाद में ही मध्यस्थता की गई और कुल 29 विवादों को सुलह समझौते के आधार पर समाप्त करा दिया गया। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता सुलह समझौते का अच्छा प्लेटफार्म है जहां न कोई हारता है न जितता है।पक्षकारों के बीच मुकदमों में समझौता कराने के लिए प्रशिक्षित मेडिएटरों के बेंच का गठन किया गया था ।कुल 75 मुकदमे स्पेशल मेडीएसन ड्राईव के लिए विभिन्न अदालतों द्वारा भेजे गए थे। बेंच में प्रशिक्षित मेडिएटर थे जिनके द्वारा पक्षकारों के मध्य समझौता कराकर विवादों का निपटारा कराया गया। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी को सिविल कोर्ट धनबाद में नेशनल लोक अदालत अदालत का आयोजन किया गया है जिसके लिए तैयारियां शुरू हो चुकी है । विवादों के निपटारे के लिए 11 दिसंबर से सभी अदालतों में प्री सिटिंग की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने विवादों का निपटारा नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कराएं।

## सहायिकाओं ने पर्यवेक्षिका के खिलाफ की नारेबाजी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/फुसरो।** बेरमो अंचल क्षेत्र अंतर्गत ढोरी बस्ती के गणेश मंदिर के प्रांगण में शनिवार को आंगनबाड़ी सहायिका संघ के बैनर तले सहायिकाओ की बैठक हुईए बैठक की अध्यक्षता शीला देवी ने कीए बैठक के दौरान वक्ताओ ने कहा कि सेविका और प्रवेछिका के मिलीभगत से सहायिकाओ को डरा धमका कर पोषाहार की राशि का बंदरबाट एवं कागज पर खानापूर्ति की रोक लगाने की सरकार व संबंधित अधिकारी से अपिल कियाए कहा कि हमारी मांगेए सेविका और सहायिका साथ पोषाहार की निकाशी करती है तो साथ में खरीदारी करने का आदेश दिया जायए पोषाहार का सामान केंद्र में सेविका सहायिका की निगरानी में रखा जायए केंद्र में नास्ता या खाना का सामान का सेविका द्वारा सहायिका को वाउचर में साईन करायेए केंद्र में मेनू तालिका लगाया जाय और मेनू अनुसार सामग्री सहायिका को दी जायए सरकार द्वारा जो भी आंगनबाड़ी केंद्र के लिए जो सामान आता है उसे केंद्र में रखा जायए सेविका व परवेछिका द्वारा धमकी दी जाती है की पोषाहार खाता से तुम्हारा नाम हटाकर प्रवेछिका के साथ निकासी करा लेंगेए उसे रोका जायए सहायिका पोषाहार राशि की निकाशी की बाधक नहीं हैए सेविका द्वारा गलत आरोप सहायिका को लगाती हैए उसे रोका जायए सेविका सहायिकाए दोनों का हस्ताक्षर से चावल केंद्र में भेजा जाय। चावल आंगनबाड़ी केंद्र में रखा जाय। दैनिक उपस्तिथि पंजीए बाल पंजीए पोषाहार वितरण पंजी में दर्ज किया जाये।

## वैज्ञानिक प्रतिभा से देश उन्नति पर पहुंचायें



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** साइंस फॉर सोसाइटी द्वारा डीपीएस में आयोजित तीन.दिवसीय बाल विज्ञान कांग्रेस के समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिले के उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने राज्य के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों की वैज्ञानिक रचनाधर्मिता को सराहा तथा और बेहतरी के साथ देश को उन्नति के शिखर पर पहुंचाने का आह्वान किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मनीषा शर्मा ने स्वागत भाषण और छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का स्वागत किया। मौके पर साइंस फॉर सोसाइटी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉण अली इमाम खान ने विज्ञान और सृजन के संबंधों पर चर्चा करते हुए प्रतिभागियों के शोध.आधारित प्रोजेक्ट की सराहना की।प्रातःकालीन सत्र में मुख्य अतिथि बोकारो प्लांट के सीजीएम ;ट्रैफिकद्ध अनिमेष कुमार झा ने प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने विज्ञान को मानवता के लिए एक उपहार बताते हुए पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित बनाए रखने का संदेश दिया। विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों के बीच प्रमाण.पत्र वितरित किया गया।धन्यवाद ज्ञापन सोसाइटी के राजेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर सोसाइटी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉण एमपी नायक व जिला समन्वयक अरुण कुमार सहित आरके कर्णए पीके झाए एसपी सिंह आदिए विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागीए बच्चे उनके शिक्षक तथा निर्णायक मंडल के सदस्यों सहित शिक्षाविद उपस्थित थे।

## तेनुघाट अनुमंडल कार्यालय का औचक निरीक्षण

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** कोयलांचल क्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक मयूर पटेल ने अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय पहुंचकर औचक निरीक्षण किया स श्री पटेल के अनुमंडल कार्यालय पहुंचने पर ससस्त्र पुलिस बल के द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया स निरीक्षण करने के बाद श्री पटेल ने बताया कि यह एक सामान्य जांच प्रक्रिया है स अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्य संतोष संतोषप्रद पाया गया स श्री पटेल ने बताया कि बेरमो अनुमंडल पूर्व में उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र थाए मगर पुलिस प्रशासन के द्वारा उग्रवादियों पर नियंत्रण कर लिया गया है स अगर कोई शेष बचा है तो उसे भी पुलिस पूर्ण रूप से नियंत्रण कर लेगी स उग्रवाद क्षेत्र के लोग समाज के मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं स बहुत सारे उग्रवादी ने आत्म समर्पण कर अपने आपको उग्रवाद से अलग कर मुख्यधारा से जुड़ गए हैं स पुलिस और लोगों के बीच प्रेम और सदभाव की भावना प्रगाढ़ हो रही है स श्री पटेल ने बताया कि मैं बेरमो अनुमंडल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रूप में कार्य कर चुका हूं।

## डीएवी सिंदरी का मानवाधिकार आयोग ने दौरा कर लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** गुरुवार की देर रात लगभग एक बजे डीएवी पब्लिक स्कूल सिन्दरी में असामाजिक तत्वों द्वारा सिनियर विंग के मुख्य द्वार पर लगे मेधावी बच्चों की तस्वीरों के फ्लैक्स फाड़े जाने व जलाने का प्रयास करने को लेकर शनिवार को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम ने स्कूल का दौरा किया। इसको लेकर स्कूल प्रबंधन रेस हो गई है और स्कूल प्राचार्य आशुतोष कुमार ने जिला प्रशासन सहित अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग व अन्य संगठनों को पत्र देकर घटना की जानकारी साझा की है।

आयोग झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार मुखर्जी ने लगभग तीन घंटे विद्यालय के दोनों विंग का दौरा किया और बच्चों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि मेधा फ्लैक्स जलाया जाना चिंता का विषय है। इससे 1700 बच्चों की सुरक्षा पर सवाल उठता है। उन्होंने इस प्रकार की घटना के लिए प्रशासन को अविलंब कार्यवाही करने की बात कही और 36 घंटे बीत जाने पर भी प्रशासन द्वारा घटना को संज्ञान में नहीं लेने पर दुःख जताया। उनके साथ अध्यक्ष सामित खान, कार्यकारी अधिकारी रुद्रनारायण एवं उप कार्यकारी अधिकारी राजीव कुमार गोप ने भी दौरा किया।

## 35 साईं भक्तों का जत्था शिरडी के लिए रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता




**सिन्दरी ।** सिन्दरी साईं बाबा मंदिर से 35 श्रद्धालुओं का जत्था शिरडी साईं बाबा मंदिर, शनि सिंगनापुर, त्र्यंबकेश्वर शिव मंदिर सहित अन्य धामों का दर्शन के लिए शनिवार को रवाना हुई। जत्था का नेतृत्व कर रहे साईं मंदिर सिन्दरी संरक्षक रविन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं को बस से धनबाद जंक्शन ले जाया जाएगा और वहाँ से ट्रेन से जत्था गंतव्य स्थान के लिए रवाना होगी। इस मौके पर हर्ल सिन्दरी के निर्माण में लगी फ्रांस की कंपनी टेक्नीप लिमिटेड के आरसीएम बब्बन सिंह, उद्योगपति पवन तनेजा, पत्नी सीमा तनेजा व संरक्षक पत्नी रेणु सिंह ने जत्था को साईं पट्टा प्रदान कर व बाबा का जयकारा लगाकर विदा किया गया। संरक्षक ने बताया कि जत्था बाबा मंदिर सहित अन्य धर्मस्थलों का दर्शन कर 15 दिसंबर को सिन्दरी वापस पहुँचेगी। जत्था में मुख्य रूप से संरक्षक रविन्द्र प्रसाद सिंह, ज्वाला सिंह, अशोक, सतीश, उपेंद्र सिंह, उमा सिंह, अनिल, देवेंद्र सिंह, डी के सिंह, उषा सिंह, राहुल, बलराम दे, भोला, छोटू, किरण देवी, मंजू देवी, माया देवी, मुनि देवी, सुनीता देवी सहित अन्य साईं भक्त शामिल हैं। इस अवसर पर साईं मंदिर के पंडित विभास ठाकुर, राजू पाण्डेय, हेमा शर्मा मौजूद रहे।

## तिब्बती शरणार्थियों ने की धर्मगुरु दलाई लामा की पूजा-अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शनिवार को तिब्बती रिफ्यूजी स्वेटर सेलर वेलफेयर एसोसिएशन ने धनबाद, जामा मस्जिद रोड, न्यू स्टेशन ग्राउंड में अपने सर्वोच्च बौद्ध धर्मगुरु शांति नोबेल पुरस्कार विजेता की 33 वीं वर्षगांठ पर दलाई लामा की बहुत शिद्दत के साथ विशेष पूजा अर्चना कर, तिब्बती अध्यात्मिक गाना गाकर उनके दीघार्यु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। साथ ही मिठाइयां एवं जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित कर किए। स्वेटर बाजार के प्रधान लोदेन छेरिंग ने बताया विगत 40 वर्षों से हम तिब्बती न्यू स्टेशन ग्राउंड जामा मस्जिद रोड पुराना बाजार में धनबाद वासियों की उचित कीमत पर गर्म कपड़ों की सेवा करते आ रहे हैं। और 10 दिसंबर को हर साल धनबाद में ही रहते हैं और धर्मगुरु और विश्व के महान शांतिदूत दलाई लामा की बहुत शिद्दत से पूजा अर्चना करते हैं एवं मिठाइयां भेंट करते हैं एवं जरूरतमंदों एवं संस्थाओं के बच्चों के लिए निःशुल्क गर्म कपड़े वितरित करते हैं। लोदेन छेरिंग ने बताया कि विगत 40 वर्षों 1982 से न्यू स्टेशन ग्राउंड में धनबाद वासियों के सेवा में हर वर्ष अक्टूबर के बाद गर्म कपड़ों मार्केट लगाते आ रहे हैं लेकिन विगत 2 वर्षों से कोरोना काल में लॉकडाउन और सरकारी निदेर्शानुसार न्यू स्टेशन में नहीं लगा पाए।

### धनबाद में आकर काफी उत्साहित हैं

2 वर्षों बाद धनबाद में आकर इस बार हम लोग काफी उत्साहित और खुश हैं कि फिर से कपड़ों से विभिन्न वैरायटी से धनबाद वासियों की सेवा कर रहे हैं।सबसे खुशी की बात धनबाद वासी स्वेटर बाजार में आकर कपड़े खरीद रहे हैं उनका विश्वास पूर्व की तरह कायम है। इसका हम भी अच्छे प्रोडक्ट और उचित रेट से खास ख्याल रखते हैं।उन्होंने कहा धनबादवासी बहुत ही अच्छे और कोऑपरेटिव है हम समस्त भारतवासी एवं भारत सरकार का हार्दिक धन्यवाद करते हैं। उन्होंने बताया हिमाचल के धर्मशाला में भारत सरकार रिहैबिलिटेशन पॉलिसी 2014 के तहत खेती करने के लिए जमीन एवं विभिन्न योजनाओं में तिब्बतियों की मदद करती है।दलाई लामा के पूजा अर्चना में तिब्बती रिफ्यूजी स्वेटर सेलर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष लुप्सान्ग ज्ञात्सो,टाशी थुप्तन एवं अन्य उपस्थित थे।

**एक नजर में**

## सिंदरी के गौरव को कलंकित होने से बचाने की जरुरत : रविंद्र सिंह



**सिन्दरी।** देवघर जिला के जसीडीह थाना प्रभारी द्वारा रोहिनी पावर सबस्टेशन में 42 लाख रुपए के विद्युत उपकरण व महँगे कॉपर तारों के डकैती कांड में सिन्दरी से तीन आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर सिन्दरी साईं संस्थान के संरक्षक रविन्द्र प्रसाद सिंह ने सिन्दरी में बढ़ते अपराध से सिन्दरी के गौरव को कलंकित होने से बचाने की जरुरत बताई। उन्होंने नेतृत्वकर्तागण, प्रबुद्ध नागरिक, पूर्व निर्वाचित प्रतिनिधियों, चेम्बर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों से आम बैठक आयोजित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बैठक में सिन्दरी में बढ़ते अपराध व सिन्दरी में रह रहे अपराधी के विरुद्ध चर्चा करते हुए अपराधियों का सामाजिक बहिस्कार किया जाए। इसकी सूचना प्रशासन को देकर कानूनी कार्यवाही कराए जाने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि आए दिन बाहर से पुलिस आकर सिन्दरी में छापेमारी कर अपराधियों को पकड़कर ले जा रही है। इससे शांतिपूर्ण सिन्दरी का गौरव कलंकित होने की दिशा में अग्रसर हो चला है। उन्होंने पूर्व की घटनाओं पर विचार व्यक्त करते हुए बताया कि सिन्दरी के क्वार्टर से कई आपराधिक तत्वों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें युवा वर्ग की संलिप्तता की संभावना प्रबल हो गई है। उन्होंने सिन्दरीवासियों से भी अपराधी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने के लिए प्रशासन की मदद लेने की बात कही।

## राष्ट्रीय परिषद की बैठक में नीतीश कुमार से मिले दीप नारायण सिंह



धनबाद ।शनिवार को पटना में आयोजित जदयू राष्ट्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने पहुंचे जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास में जदयू झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खिरु महतो जी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नितीश कुमार जी से मुलाकात की। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने आगामी टुंडी विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री नितीश जी ने जदयू संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया। साथ ही साथ बहुत जल्द मुख्यमंत्री नितीश जी ने टुंडी में कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। इस अवसर पर जदयू धनबाद जिला अध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह, जदयू प्रदेश महिला आशा शर्मा , अनिता देवी, बिन्दु देवी, बोकारो जदयू जिलाध्यक्ष प्रदीप महतो आदि उपस्थित थे।

## कसमार प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल का सीसीटीवी कैमरा ले उड़े चोर

**बोकारो/कसमार।** कसमार थानांतर्गत प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में अज्ञात चोरों ने स्कूल के दस सीसीटीवी कैमरे सहित कम्प्यूटर सेटएसमसेबल मशीनए बैट्री सहित अन्य समानों की चोरी दरवाजा का ताला तोड़कर कर ली। सूचना पाकर कसमार थाना प्रभारी रामाकांत गुप्ता व एसआई रमेश वर्णवाल विद्यालय पहुंचकर घटना की जानकारी स्कूल के प्राचार्य डा विजय कुमार शर्मा व अन्य शिक्षकों से ली। बताया गया कि देर रात अज्ञात चोरों के द्वारा स्कूल का दीवार फांदकर कर आफिस तथा बगल का कमरा का ताला तोड़ते हुए कमरे के अंदर रखे कम्प्यूटर प्रिंटर सेटए एक इन्भर्टर बैटरी ए दस सीसीटीवी कैमरेए व्हील चेयर ए खेल सामग्रीए स्कूल की घंटी एएक समरसेबल मशीन सहित अन्य सामान चोरी कर ली गई। लगभग डेढ़ लाख की सामान की चोरी का लिखित आवेदन थाने को दिया गया है। मौके पर पोंडा मुखिया हारु रजवारए प्राचार्य डॉ विजय कुमार शर्माए दुर्गा प्रसाद प्रजापतिए विजय मुखर्जीए चन्द्रशेखर यादवए लक्ष्मण चौधरीए देवाशीष मुखर्जीए सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### सरकार एससी-एसटी ...

कोई भी अभ्यर्थी इस योजना का लाभ एक बार ही ले सकेगा। इस योजना का लाभ वैसे कैंडिडेट को नहीं मिलेगा, जो राज्य या केंद्र सरकार के स्तर से सिविल सेवा परीक्षा के लिए संचालित कोचिंग का लाभ ले रहे हैं। योग्य स्टूडेंट्स 7 जनवरी 2023 तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप सरकार के वेबसाइट पर उपलब्ध है।
इन दस्तावेजों की होगी जरूरत :
आवेदन करते समय छात्रों को झारखंड का निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र, सिविल सेवा परीक्षा (प्रारंभिक) पास करने संबंधी प्रमाण पत्र, परीक्षा के एडमिट कार्ड की जरूरत होगी। ऑनलाइन ही आवेदक अपना आवासीय, जाति एवं आय प्रमाण पत्र जमा करेंगे। आवेदक अपना आवेदन आदिवासी कल्याण आयुक्त के कार्यालय, कल्याण कॉम्प्लेक्स, द्वितीय तल, बलिहार रोड, मोरहाबादी, रांची के पते पर निबंधित, रजिस्टर्ड डाक से भेजेंगे। आवेदन हाथों हाथ भी जमा किया जा सकता है।

### सुखविंदर सिंह सुक्खू...

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले सुक्खू ने एक आक्रमक राजनीति करने वाले कांग्रेस नेता के तौर पर अपनी पहचान बनायी है। 10 साल तक हिमाचल युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहने वाले सुक्खू को बाद में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया था। उनके पास संगठन में काम करने का लंबा राजनीतिक अनुभव है। उनके कद का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस बार उन्होंने भाजपा के गढ़ रहे हमीरपुर जिले से कांग्रेस को पांच में से चार सीटें जिताकर दीं।
मुख्यमंत्री तय करने के लिए पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षकों- छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के अलावा प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला ने शुक्रवार से ही राजधानी शिमला में डेरा डाला था। शुक्रवार देर शाम पार्टी कार्यालय में डेढ़ घंटे चली विधायक दल की बैठक में नवनिर्वाचित विधायकों ने एक लाइन का प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री तय करने का फैसला पार्टी हाईकमान पर छोड़ा था। हाईकमान के फरमान पर शनिवार को दोनों पर्यवेक्षकों ने दिल्ली लौटने की बजाय शिमला में ही रुककर मुख्यमंत्री का चेहरा तय करने की कसरतें शुरू कीं। इसके लिए अपराह्न चार बजे विधानसभा परिसर में विधायक दल की बैठक बुलायी गयी। बैठक में सहमति बन जाने के बाद सुखविंदर सिंह सुक्खू को विधायक दल का नेता चुना गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री पद को लेकर कांग्रेस के भीतर चला आ रहा गतिरोध खत्म हो गया। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, हिमाचल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे मुकेश अग्निहोत्री को इस पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। इसके अलावा पूर्व सांसद चन्द्र कुमार के नाम पर भी चर्चा हुई थी, लेकिन सुखविंदर सिंह सुक्खू इन तमाम दावेदारों को पीछे छोड़ने में सफल रहे।

स्पीड न्यूज

### आज मोपा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गोवा में दूसरे एयरपोर्ट का उद्घाटन करने वाले हैं। पीएम मोदी 11 दिसंबर यानी आज गोवा के दौरे पर जायेंगे, जहां मोपा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले फेज का उद्घाटन करेंगे। पीएम ने हमेशा देश में मजूबत कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने पर जोर दिया है।

### जम्मू: आतंकी के घर पर चला बुलडोजर

**पुलवामा।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा में सरकारी जमीन को कब्जा कर बनाए गए घर को प्रशासन ने बुलडोजर चला कर गिरा दिया है। घर के मालिक की पहचान आतंकी आशिक नेंगरू के तौर पर हुई है। प्रशासन ने यह कार्रवाई पुलवामा के राजपोरा स्थित न्यू कॉलोनी में की है।

### सौम्या चौरसिया को चार दिन की इडी रिमांड

**रायपुर।** इडी ने छत्तीसगढ़ कोल ट्रांसपोर्टिंग और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई की है। इडी ने मामले की तफ्तीश के बाद सीएम भूपेश बघेल की उपसचिव सौम्या चौरसिया और सूर्यकांत तिवारी की 152 करोड़ से ज्यादा रकम की संपत्ति को अटैच किया है। वहीं सौम्या को चार दिन की इडी रिमांड में भेजा गया है।

### सुप्रीम कोर्ट करेगा बिल्किस बानो की याचिकाओं पर सुनवाई

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय बिल्किस बानो मामले में दायर पुनर्विचार और रिट याचिकाओं पर सुनवायी करने जा रहा है। जज अजय रस्तोगी और जज बेला त्रिवेदी की दो सदस्यीय पीठ पुनर्विचार याचिका पर 12 दिसंबर को जबकि रिट याचिका पर 13 दिसंबर को सुनवायी करेगी। बिल्किस बानो के साथ दुष्कर्म और उसकी बेटी सहित परिवार के सात लोगों की 2002 में हत्या के 11 दोषियों को समय से पहले ही छोड़ दिये जाने के खिलाफ देश भर में विरोध प्रदर्शन हुए थे।

### शाह पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला नहीं

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चुनाव के दौरान दिए गए अपने '2002 में हिंसा फैलाने वाले दंगाइयों सबक सिखाया' बयान के लिए राहत मिल सकती है। चुनाव आयोग ने उनके इस बयान को आचार संहिता का उल्लंघन नहीं माना है।

## 400 से ज्यादा पेड़ उखड़े, पानी में डूबी सैकड़ों नाव

# चेन्नई में तूफान मैंडूस ने मचाई तबाही, 5 की मौत

एजेंसी

**चेन्नई।** चेन्नई के मामल्लपुरम तट से टकराने के बाद चक्रवाती तूफान मैंडूस ने तबाही मचा दी है। मामल्लपुरम तट से गुजरने के बाद तूफान ने शहर और आसपास के इलाकों को प्रभावित किया और यहां तक की 400 से ज्यादा पेड़ जड़ से उखड़ गये। चक्रवात मैंडूस का पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश में भी असर देखा गया है। पुडुचेरी में कई घर तबाही का शिकार हुए हैं। समुद्र तट पर बसे कई घर पानी की तेज धाराओं में बह गए। तमिलनाडु के सीएम एम के स्टालिन ने बताया कि 9 और 10 दिसंबर की रात 70 किमी प्रति घंटे की हवा के साथ तूफान तट से टकराया।



**चार लोगों की मौत**

सीएम ने बताया कि तूफान के चलते पांच लोगों की मौत भी हो गई। मरीना बीच के पास भी जलभराव देखने को मिला और खाने-पीने के स्टॉल क्षतिग्रस्त हो गए। स्टालिन ने कहा कि सरकार ने स्थिति का अनुमान लगा लिया है और सभी निवारक उपाय किए जा रहे हैं ताकि बड़े नुकसान को रोका जा सके।

**कमजोर होने लगा तूफान**

तेज हवा चलने के चलते लगभग 400 पेड़ गिर गए हैं।

कई पेड़ बिजली के खंभों पर गिर जाने के चलते बिजली सप्लाई भी प्रभावित हुई है। चक्रवात तूफान मैंडूस के कारण 600 जगहों पर बिजली बंद कर दी गई है।

हालांकि, आईएमडी चेन्नई ने एक ट्वीट में कहा कि चक्रवाती तूफान मैंडूस उत्तरी तमिलनाडु तट पर टकराने के बाद अब कमजोर हो गया है।

### ट्राईसोनिक विंड टनल का सफल ब्लो डाउन परीक्षण

**चेन्नई।** इसरो ने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में नव निर्मित ट्राइसोनिक विंड टनल का पहला ब्लो डाउन परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। ट्राइसोनिक विंड टनल एक ऐसी प्रणाली है जिसका उपयोग अंतरिक्ष यानों के एयरोडायनेमिक डिजाइन, बलों तथा लोड वितरण का मूल्यांकन करके और स्केल किए गए माडल पर दबाव और ध्वनिक स्तरों को बनाए रखने के साथ-साथ अंतरिक्ष यान के पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश करने में सहायता करती है। इसरो ने कहा कि सुरंग की कुल लंबाई लगभग 160 मीटर है और इसका अधिकतम चौड़ाई 5.4 मीटर मापी गई है। सुरंग का उपयोग तीन उड़ान व्यवस्थाओं में विभिन्न अंतरिक्ष वाहनों के परीक्षण के लिए किया जा सकता है, जिसमें ध्वनि की गति से नीचे, ध्वनि की गति से और ध्वनि की गति से ऊपर शामिल है। इसका उपयोग तीन उड़ान व्यवस्थाओं में होने के कारण इसका उपयोग ट्राइसोनिक विंड टनल रखा गया है। इसरो की जानकारी के मुताबिक सुरंग ध्वनि की गति के 0.2 गुना (68 मीटर प्रति सेकंड) से चार गुना ध्वनि की गति (1,360 मीटर प्रति सेकंड) तक उड़ान की स्थिति का अनुकरण कर सकती है।

## न्याय के पर्यावरणीय आयाम पर हो विचार : राष्ट्रपति मुर्मू




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जलवायु परिवर्तन के कारण पिछले कुछ सालों में दुनियाभर में आई प्राकृतिक आपदाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। उन्होंने आगाह किया कि गरीब देशों के लोगों को पर्यावरण के क्षरण की भारी कीमत चुकानी होगी। ऐसे में हमें अब न्याय के पर्यावरणीय आयाम पर विचार करना चाहिए। राष्ट्रपति ने शनिवार को विज्ञान भवन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित 74वें मानवाधिकार दिवस समारोह में भाग लिया और उसे संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि यह संपूर्ण मानव जाति के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, क्योंकि 1948 में इसी दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। उन्होंने कहा कि यूडीएचआर के पाठ का 500 से अधिक भाषाओं में अनुवाद किया गया है, जो इसे इतिहास में सबसे अधिक अनुवादित दस्तावेज बनाता है। उन्होंने कहा कि अभी भी, जब हम दुनिया के कई हिस्सों में हो रहे दुखद घटनाक्रमों पर विचार करते हैं, तो हमें आश्चर्य होता है कि क्या घोषणा को उन भाषाओं में पढ़ा गया है। तथ्य यह है कि मानवाधिकार दुनिया भर में प्रगति पर काम कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में, हम इस तथ्य से सांत्वना प्राप्त कर सकते हैं कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग उनके बारे में जागरूकता फैलाने के सर्वोत्तम संभव प्रयास कर रहा है।

## विरोध के बावजूद एकसमान नागरिक संहिता विधेयक राज्यसभा में पेश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विपक्षी दलों के भारी विरोध को मतविभाजन के जरिए नामंजूर करते हुए गैर सरकारी विधेयक 'भारत में एकसमान नागरिक संहिता 2022' शुक्रवार को राज्यसभा में पेश हो गया। भाजपा के किरोड़ी लाल मीणा के इस विधेयक को पेश करने के लिए लाये गये प्रस्ताव के पक्ष में 63 तथा विरोध में 23 मत पड़े। तृणमूल, बीजद और वाईएसआरसीपी के सदस्य मतविभाजन से पहले बिना कुछ कहे सदन से बाहर चले गये। सभापति जगदीप धनखड ने जैसे ही मीणा का नाम यह विधेयक पेश करने के लिए पुकारा तो विपक्ष के कई सदस्य इसका विरोध करते हुए खड़े हो गये और कहा कि इसे पेश करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

इस पर धनखड़ ने कहा कि यह सदन विचार विमर्श करने के लिए हैं और विधेयक पेश करना और अपनी बात कहना प्रत्येक सदस्य का अधिकार हैं। उन्होंने कहा कि कुछ सदस्यों ने इस विधेयक को पेश करने का विरोध किया है। लेकिन सब कुछ प्रक्रिया के तहत होगा। इसके बाद उन्होंने श्री मीणा को विधेयक पेश करने की अनुमति दी और विरोध कर रहे सदस्यों का नाम पुकारा।

### संसद में उठी पत्रकारों को रेल किराये, रोड टोल में छूट देने की मांग

**नयी दिल्ली।** लोकतंत्र में पत्रकारों की भूमिका को अति महत्वपूर्ण बताते हुए संसद में देश के मान्यता प्राप्त पत्रकारों को रेल किराये और राजमार्गों पर टोल शुल्क में छूट प्रदान करने की मांग की गई। राज्यसभा में भाजपा के सदस्य कैलाश सोनी ने नियम 180 (क) के तहत इस अविलंबनीय लोक महत्व के मुद्दे का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर अब तक भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उनके माध्यम से जनसरोकारों की जानकारी जन प्रतिनिधियों को, सदन को और सरकार को प्राप्त होती है।

## बरियातू में खुली हॉट लिप्स की एक और शाखा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शहरवासियों को स्वादिष्ट और लजीज व्यंजन उपलब्ध कराने में अपनी खास पहचान रखनेवाले हॉट लिप्स ग्रुप की एक और शाखा रांची के बरियातू में खुली है। बरियातू में रॉयल ईनफील्ड शोरूम के नजदीक खुली आधुनिकतम सुविधाओं वाले इस रेस्तरां हॉट लिप्स का उद्घाटन शनिवार को स्वर्गीय गोपाल साहू की स्मृति में इसका उद्घाटन बड़ी संख्या में अतिथियों के बीच एवं ओल्ड एज होम के लोगों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कराया गया। बरियातू स्थित हॉट लिप्स रेस्तरां में शाकाहारी एवं मांसाहारी दोनों तरह के व्यंजन उपलब्ध होंगे। मुख्य रूप से इंडियन, चाइनीज, कॉन्टिनेंटल सहित कई प्रकार के शुद्ध स्वादिष्ट व्यंजनों को शामिल किया गया है। इस रेस्तरां में एक साथ 150 लोगों की बैठने की व्यवस्था है। हॉट लिप्स के संचालक रंजन कुमार ने बताया कि जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए बरियातू में हॉट लिप्स रेस्तरां का शुभारंभ किया जा रहा है। रेस्तरां को आकर्षित रूप से सुसज्जित किया गया है, जिसमें आकर्षक इंटीरियर डिजाइन, हाइजीनिक किचन की व्यवस्था की गई है। यह सुबह 10:30 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक ग्राहकों के लिए खुला रहेगा। लोगों की सुविधा के लिए होम डिलीवरी की भी व्यवस्था की गई है जो कि पूरी तरह निःशुल्क होगी। बता दें कि हॉट लिप्स रेस्तरां झारखंड गठन के पूर्व 1987 से ही स्वादिष्ट व्यंजनों एवं कैटरिंग सेवा के लिए जाना जाता है। हाल ही में कांके रोड स्थित हॉट लिप्स की री-लांचिंग भी हुई है। कांके में ही इसकी एक शाखा गोकुल रेस्तरां रांची के टॉप आधुनिक रेस्तरां में शामिल है। उद्घाटन समारोह में उर्वशी रंजन, राहुल रंजन, सीपी सिंह, जय नंदू जी, राजेश, नीलेश, जयसिंह, जितेंद्र सिंह, सागर वर्मा, राजू बाबू, सुभाष आदि कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### ढाका में प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा की मांग को लेकर प्रदर्शन

**ढाका।** बांग्लादेश में सरकार के विरोध में शनिवार सुबह ही प्रदर्शन शुरू हो गए। विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नेतृत्व में बुलाई गई रैली में हजारों लोग हिस्सा ले रहे हैं। बांग्लादेश की मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो ढाका के सैयदाबाद में गोपालबाग मैदान भीड़ से खचाखच भर गया। यह लोग लगातार प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग उठा रहे हैं। बीएनपी की मांग है कि बांग्लादेश में तत्काल चुनाव का एलान किया जाए। हसीना सरकार की तरफ से इन प्रदर्शनों पर तमाम पाबंदियां लगाए जाने के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में लोगों का जुटना काफी अहम घटनाक्रम है। इस बीच बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के सात सांसदों ने प्रदर्शन के दौरान ही अपने इस्तीफे का भी एलान कर दिया

### बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए काटे जायेंगे 22,000 पेड़

**मुंबई।** पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट बुलेट ट्रेन की एक अड़चन शुक्रवार को दूर हो गई। बॉम्बे हाई कोर्ट ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए 21,997 मैंग्रोव पेड़ों को शर्त के साथ काटने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा कि पर्यावरण में इस नुकसान की भरपाई के लिए पांच गुना पेड़ लगाने होंगे। कोर्ट ने जिन पेड़ों को काटने की अनुमति दी है, वे ठाणे और पालघर जिले में हैं। बुलेट ट्रेन का ट्रैक बना रही नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने इन पेड़ों को काटने के लिए हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की थी। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस अभय आहूजा की बेंच कर रही थी।

## दावा : रूस ने बखमुत शहर को नष्ट किया

एजेंसी



**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूसी सेना ने पूर्वी यूक्रेन के बखमुत शहर को 'नष्ट' कर दिया है। यूक्रेनी सेना ने भी शनिवार को बताया कि रूस की ओर से देश के कई हिस्सों में मिसाइल, रॉकेट और हवाई हमले किए गए। साढ़े नौ महीने से जारी इस युद्ध में रूस का ध्यान अब यूक्रेन के उन चार प्रांतों पर केंद्रित हो गया है, जिन पर रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने गत सितंबर में कब्जे करने का दावा किया था। युद्ध से संकेत मिलता है कि रूस को उन क्षेत्रों पर नियंत्रण स्थापित करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि यूक्रेन इन क्षेत्रों को दोबारा हासिल करने को लेकर अडिग है।

**कई शहरों में हालात कठिन**

जेलेंस्की ने कहा कि पूर्वी यूक्रेन के दोनेत्स्क और लुहांस्क प्रांतों के कई अग्रिम पंक्ति के शहरों में हालात बहुत कठिन हैं। एक साथ ये प्रांत डोनबास क्षेत्र के तहत आते हैं, जो रूसी सीमा पर स्थित एक औद्योगिक क्षेत्र है। पुतिन का ध्यान युद्ध की शुरूआत से ही इस क्षेत्र पर रहा जहां अलगववादी 2014 से ही लड़ रहे हैं। जेलेंस्की ने रात में जारी अपने वीडियो में कहा कि बखमुत, सोलेदर, मारयिंका, क्रेमिना। लंबे समय से इन क्षेत्रों की जमीन पर कोई जीवंत स्थान नहीं बचा है जहां रूसी गोलाबारी से नुकसान नहीं हुआ हो।

## भोला से डेब्यू करेंगी अमाला



दक्षिण भारतीय फिल्मों की जानीमानी अभिनेत्री अमाला पॉल फिल्म भोला से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही है। अजय देवगन इन दिनों वाराणसी में फिल्म भोला की शूटिंग कर रहे हैं। अमाला पॉल, फिल्म भोला से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। इस फिल्म के सेट से अमाला की जो तस्वीर सामने आयी है, उसमें वह स्कूटी चलाती दिख रही हैं। कहा जा रहा है कि अमाला फिल्म भोला में एक बनारसी लड़की का किरदार निभा रही हैं। फिल्म भोला में अजय देवगन के अलावा तब्बू भी मुख्य भूमिका में नजर आंएगी। फिल्म में एक्टिंग के साथ-साथ अजय देवगन ने इसे निर्देशित भी किया है। फिल्म भोला तमिल फिल्म 'कैथी' की हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में साउथ सुपरस्टार कार्थी शिवकुमार ने मुख्य भूमिका निभाई थी। भोला 3डी में रिलीज होगी।




V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102

REQUIRED PRINCIPAL

Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.
Salary will be negotiable.

Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at : vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800

# विराट ने 39 महीने बाद वनडे में लगाया सैकड़ा

एजेंसी

**चटगांव।** विराट कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के तीसरे मुकाबले में शानदार शतक लगाया। उन्होंने शनिवार (10 दिसंबर) को चटगांव में 113 रन की पारी खेली। विराट ने 91 गेंद की पारी में 11 चौके और दो छक्के लगाए। कोहली के वनडे करियर का यह 44वां शतक हैं। वहीं, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके 72 शतक पूरे हो गए। विराट सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने के मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग से आगे निकल गए हैं। विराट के 482 अंतरराष्ट्रीय मैच में 72 शतक लगाए हैं। पोंटिंग ने 560 मैचों में 71 शतक लगाए हैं। कोहली से आगे अब सिर्फ भारत के पूर्व दिग्गज सचिन तेंदुलकर हैं। उन्होंने 664 मैच में 100 शतक लगाए थे।

**वेस्टइंडीज के खिलाफ लगाया था पिछला शतक**

विराट ने 39 महीने बाद वनडे में शतक लगाया है। उन्होंने पिछला वनडे शतक 14 अगस्त 2019 को वेस्टइंडीज के खिलाफ लगाया था। तब कोहली ने नाबाद 114 रन बनाए थे। उसके बाद वह 25 पारियों में एक भी सैकड़ा नहीं लगा पाए।

**बांग्लादेश के खिलाफ कोहली का चौथा शतक**

विराट का बांग्लादेश के खिलाफ चौथा शतक है। उन्होंने 2010 में मीरपुर में नाबाद 102 और 2011 में मीरपुर में ही नाबाद 100 रन बनाए थे। उन्होंने 2014 में फातुल्ला में 144 रन की पारी खेली थी।



### भारत का मध्यक्रम ढहा

ईशान और कोहली के आउट होने के बाद मध्यक्रम में श्रेयस अय्यर और कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल का बल्ला नहीं चला। राहुल आठ और अय्यर तीन रन बनाकर आउट हुए। वॉशिंगटन सुंदर 27 गेंद पर 37 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अक्षर पटेल 17 गेंद पर 20 रन बनाकर आउट हुए। शार्दुल ठाकुर पांच गेंद पर तीन रन बनाकर आउट हुए। कुलदीप यादव तीन रन बनाकर नाबाद रहे। गेंदबाजी में टीम इंडिया के लिए शार्दुल ठाकुर ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए। मोहम्मद सिराज, अक्षर पटेल और उमरान मलिक को 1-1 सफलता मिली। बांग्लादेश की बात करें तो उसके लिए शाकिब अल हसन ने 50 गेंद पर 43 रन बनाए। कप्तान लिटन दास 29, यासिर अली 25 और महमूदुल्लाह 20 रन बनाकर आउट हुए।

**फिर नहीं चला धवन का बल्ला**

टीम इंडिया के लिए शुरूआत अच्छी नहीं रही। 15 रन के स्कोर पर शिखर धवन आउट हो गए। उन्होंने तीन रन बनाए। मेहदी हसन ने धवन को एलबीडब्ल्यू कर दिया। धवन का इस सीरीज में बल्ला नहीं चला। धवन सात, आठ और तीन रन की पारी ही खेल पाए।

### ईशान किशन के परिवार में जश्न का माहौल, दादी बोलीं- सपना पूरा हुआ



**पटना।** वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक लगाकर अपने नाम कई रिकॉर्ड करने वाले बिहार के लाल ईशान किशन के पैतृक घर नवादा में जश्न का माहौल है। ईशान के दोहरे शतक लगाने के बाद उनकी दादी डॉक्टर सावित्री शर्मा ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने बताया कि उनका एक सपना आज पूरा हो गया है। उनकी चाहत थी ईशान किशन क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में खेले और आज उसे जब मौका मिला तो उसने वनडे में दोहरा शतक लगाकर उनकी एक इच्छा पूरी की है। हालांकि उन्होंने कहा है कि उनकी एक सबसे बड़ी इच्छा जो है आज भी पूरी नहीं हुई है। वह अपने पोते का मैच स्टेडियम में लाइव बैठकर देखना चाहती है। ईशान किशन के शतक के बाद कई लोग उनकी दादी को बधाई देने पहुंच रहे हैं। दोहरा शतक लगाने के बाद खुशी में ईशान की दादी ने अपने क्लीनिक में आए लोगों को मिठाईयां बांटी और जश्न मनाया। इस मौके पर उनके क्लीनिक में लोग ईशान के शतक का इंतजार करते रहे और दोहरा शतक लगने के बाद सभी ने ढेरों खुशियां मनाई। ईशान किशन के इस शानदार प्रदर्शन पर सोशल मीडिया पर बधाई के संदेश पोस्ट हो रहे हैं। ईशान किशन ट्विटर पर ट्रेंड पर करने लगे हैं। ईशान की इस शानदार पारी पर बिहार की राजधानी पटना समेत नवादा में जश्न का माहौल है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

**Class - VIII**
- Class VIII Today (Combined) ₹ 250
- Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
- Mathematics Practical ₹ 60
- Science Practical ₹ 60
- S. Science Practical ₹ 60
- Hindi Vyakaran-I ₹ 60
- English Grammar-I ₹ 60
- Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

**Classes VI & VII**
- Class VII Today (Combined) ₹ 240
- Class VI Today (Combined) ₹ 240
- Hindi Vyakaran-I ₹ 60
- English Grammar-I ₹ 60
- Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!